पटना, सोमवार
18 मई, 2026
नगर संस्करण**************
मूल्य ₹ 4.00
पृष्ठ 18

# दैनिक जागरण

www.jagran.com
बिहार, झारखंड, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित



मौसम का डबल अटैक, कहीं बारिश तो कहीं लू 15

आरसीबी ने कटाया प्लेआफ का टिकट 14

impact® Learning with Masterminds

IMPACT GROUP OF COLLEGES

APPLY NOW
ICAT 2026
@impactcollege.in
बिहार का Career Gateway

40 crore Scholarship
+ STUDENT CREDIT CARD SUPPORT

## बिहार बदलेगा, जब युवा यहीं पढ़ेगा।

## इस शैक्षणिक वर्ष इम्पैक्ट ग्रुप ऑफ कॉलेजेज बना बिहार में आधुनिक, रोजगारपरक एवं तकनीकी शिक्षा का सशक्त केंद्र

**पटना, इम्पैक्ट लाइव संवाददाता:** बिहार के विद्यार्थियों को उच्च, आधुनिक, तकनीकी एवं रोजगारपरक शिक्षा अपने ही राज्य में उपल कराकर छात्र पलायन पर प्रभावी विराम लगाने के संकल्प के साथ स्थापित इम्पैक्ट ग्रुप ऑफ कॉलेजेज आज बिहार में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक कैंपस लाइफ और सशक्त प्लेसमेंट विज़न का प्रमुख केंद्र बन चुका है। समाजसेवी चेयरमैन श्री बी. डी. सिंह की दूरदर्शी सोच और सचिव मनीष कुमार के नेतृत्व में वर्ष 2014 में स्थापित अनसुइया एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट के अंतर्गत प्रारंभ हुआ यह शैक्षणिक अभियान आज हजारों विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण का माध्यम बन रहा है।

**■ 12 वर्षों से बिहार में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का भरोसेमंद नाम**

पिछले 12 वर्षों में इम्पैक्ट ग्रुप ऑफ कॉलेजेज ने मैनेजमेंट, कंप्यूटर साइंस, कॉमर्स, मास कम्युनिकेशन, लॉ, इंजीनियरिंग एवं डिप्लोमा शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सशक्त पहचान स्थापित की है। समूह के अंतर्गत आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय से संबद्ध इम्पैक्ट कॉलेज, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय से संबद्ध इम्पैक्ट कॉलेज ऑफ लॉ, बिहार इंजीनियरिंग यूनिवर्सिटी से संबद्ध इम्पैक्ट कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट तथा सर बी. डी. सिंह इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी जैसे संस्थान संचालित हैं।

**■ अब B.Tech, Law, MBA, MCA से लेकर UG-PG तक एक ही छत के नीचे**

इम्पैक्ट ग्रुप ऑफ कॉलेजेज का शैक्षणिक वातावरण उत्कृष्ट परिणामों, विश्वविद्यालय टॉपर्स, गोल्ड मेडलिस्ट्स एवं प्लेसमेंट उपलब्धियों से लगातार मजबूत हुआ है। संस्थान द्वारा आयोजित जॉब फेयर, करियर डेवलपमेंट प्रोग्राम्स एवं इंडस्ट्री-ओरिएंटेड ट्रेनिंग के माध्यम से विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। संस्थान का लक्ष्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के साथ बेहतर करियर, स्टार्टअप सोच और आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर करना है।

**■ प्लेसमेंट, स्कॉलरशिप और आधुनिक कैंपस के साथ करियर की नई उड़ान**

आर्थिक रूप से कमजोर एवं मेधावी विद्यार्थियों के लिए इम्पैक्ट ग्रुप ऑफ कॉलेजेज द्वारा 40 करोड़ रुपये से अधिक की छात्रवृत्ति सहायता, ICAT-2026 (Impact Common Admission Test), DRCC स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड सुविधा, अर्ली बर्ड एडमिशन बेनिफिट्स एवं विभिन्न स्कॉलरशिप योजनाएँ उपल कराई जा रही हैं, ताकि प्रतिभाशाली छात्र आर्थिक अभाव के कारण शिक्षा से वंचित न रहें।

**12 वर्षों की विश्वसनीयता | आधुनिक कैंपस | रिकॉर्ड प्लेसमेंट**

लगातार स्वर्ण पदक विजेता रहे हैं इम्पैक्ट के स्टूडेंट




**WHY IMPACT?**

- 12+ Years Excellence
- 1150+ Placements
- ₹18 LPA Highest Package
- Modern Hostel
- Student Credit Card
- AICTE/BCI/AKU/BEU/PPU/SBTE

## बिहार के छात्रों का पलायन रोकने का संकल्प

**B.TECH** AI-ML, CSE, IT, CIVIL
**PG** MBA, MCA
**LAW** LLB, BA-LLB, LLM
**DIPLOMA** AI, EE, CSE, MECH, CIVIL
**UG** BBA, BCA, B.Com (P), BA-JMC

HIGHEST PACKAGE 18 LAKHS/YEAR

Bihar's Undisputed Leader in Professional Education Since 2014




Lateral Entry Admission Open 2026-29 : Diploma से सीधे B.Tech के 2nd Year में प्रवेश

Parents' Trusted Choice for Career, Discipline & Placement

ADMISSION OPEN 2026-27 | LIMITED SEATS | APPLY NOW

LIMITED SEATS

Admission Office : 3rd Floor, Dheeraj Commercial Complex, Boring Road, Patna - 800 001
City Campus : Shyam Arcade, RPS More, Bailey Road, Danapur, Patna - 801 503
Main Campus : Gaurichak, Patna - 800 007

9570383838

Follow us on :

SCAN LOCATION FOR MAIN CAMPUS

www.impactcollege.in | www.impactcollege.edu.in | www.impactlawcollege.com | www.sbdsit.com

SCAN LOCATION FOR CITY CAMPUS

# GALGOTIAS UNIVERSITY

## STUDENTS SET NEW STANDARDS

## 18 WINNERS

at

## Apple's Swift Student Challenge 2026

RISING FROM 10 LAST YEAR

**Highest Number of Winners from any Single Indian University**

1st Position 2X Winner — **Infold** — Harshit Gupta, B. Tech CSE, 2022-26

2nd Position 2X Winner — **FTR** Feel The Road — Abu Shahma Ansari, B.Tech CSE, 2022-26

3rd Position — **Sense Shade** — Nupur Sharma, B. Tech CSE, 2022-26

4th Position — **Derma Sync** — Nancy, B.Tech CSE (AIML) 2023-27

**Trace Buds** — Abhyansh, B.Tech CSE 2023-27

**Cellumina** — Ansh Srivastava, B.Tech CSE 2023-27

**ALS Assist** — Avnish Singh, B.Tech CSE 2023-27

**Wave Quest** — Kartik Kaushik, B.Tech CSE 2023-27

**Mole Verse** — Manas Dubey, B.Tech CSE (AI) 2023-27

**Melo** — Prem Kumar, B. Tech CSE (AI-ML) 2023-37

**QuickMath AR** — Sumit, B.tech CSE 2023-2027

**Metric Mind** — Abhinav Gupta, B.Tech CSE, 2022-26

**Dyslexia Lens** — Anshu Nagar, B.Tech CSE, 2022-26

**Salt Quest** — Kushagra Kulshrestha, B. Tech CSE,2022-26

**Axon Flow** — Md Akhlak, B. Tech CSE, 2022–26

**Motion Canvas** — Rohan Singh Bhojak, B.Tech CSE, 2022-26

**Better Speak** — Suraj Kumar, B. Tech CSE (Gaming Technology), 2022–26

**Vaani** — Anish Umar, B.Tech CSE, 2022-26

## Galgotias University Establishes a Powerful iOS Innovation Ecosystem with 35 Apps Live on Apple App Store

When Research, Incubation, and Entrepreneurship align at Galgotias University;
our students don't just learn, they solve real-world problems.

AMONGST THE TOP RATED GLOBAL UNIVERSITIES

QS WORLD UNIVERSITY RANKINGS BY SUBJECT 2026
For Computer Science and Information Systems

Ranked 11th *in* India amongst Private Universities

Ranked 2nd in Uttar Pradesh amongst Private Universities

Ranked 30th *in* India amongst all Private *and* Government Universities

Ranked 601-650 Band Globally

NAAC GRADE A+ Accredited University
THE World University Rankings 2026
nirf National Institutional Ranking Framework (NIRF)

**APPLY TODAY FOR CAREER FOCUSSED 2026–27 UG/PG/DIPLOMA/Ph.D. PROGRAMMES**

Computer Science and Engineering | Electronics and Communication Engineering | Electrical Engineering | Mechanical Engineering | Civil Engineering | Computer Applications and Technology | Defence Technology | Artificial Intelligence | Business | Aviation | Logistics and Supply Chain Management | Tourism Management | Liberal Education | Languages | Finance & Commerce | Basic Sciences | Biosciences and Technology | Forensic Sciences | Agriculture | Law | Pharmacy | Allied Health Sciences | Nursing | Media and Communication Studies | Hospitality | Design | Education | Polytechnic | Vocational Education | Skilling and Entrepreneurship

For Admissions Scan to Apply

GALGOTIAS UNIVERSITY

#GetYourSelfPlaced

NBA NATIONAL BOARD of ACCREDITATION — B.Pharma Program accredited by NBA

Galgotias Admissions Helpline No.: **9810162221, 9717300418, 9582847072** **97173 00343** **0120-4370000**

**Web:** www.galgotiasuniversity.edu.in **Email:** admission@galgotiasuniversity.edu.in

पटना, सोमवार
18 मई, 2026
नगर संस्करण**************
मूल्य ₹ 4.00
पृष्ठ 18

# दैनिक जागरण



www.jagran.com
बिहार, झारखंड, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

भारत को मिलने लगा निर्यात विविधता का लाभ 13
रिश्तों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक ले जाएंगे भारत-नीदरलैंड्स 16

UTTARANCHAL UNIVERSITY DEHRADUN
NAAC GRADE A+ | nirf | 25+ Years of Excellence
BEST UNIVERSITY with TOP PLACEMENTS
MBA Specializations
• HRM, Finance & Marketing
• Logistics & Supply Chain Management & more
BBA Specializations
• BBA with ACCA/CMA Certification
• HRM, Digital Marketing
• Banking and Finance & more
B.Com
• BBA with ACCA/CMA Certification
₹30 LPA Highest Package
SCHOLARSHIPS WORTH ₹79.12 CRORE
APPLY NOW
Toll Free : 18002124201 | 18002124221 | www.uudoon.in | Prem Nagar, Dehradun, Uttarakhand, 248007 | ADMISSIONS OPEN 2026

## संपादकीय

**सत्ता के साथ साख भी गंवाई:** चुनावी हार-जीत से तो अतीत में भी राजनीतिक समीकरण बदलते आए है, लेकिन हालिया नतीजों में सत्ता गंवाने के साथ ही विपक्षी गठबंधन की साख भी संकट में पड़ गई। **राज कुमार सिंह** का दृष्टिकोण।

**मुख्यमंत्रियों के चुनाव हारने की परंपरा:** किसी मुख्यमंत्री की हार के पीछे अवसर सबसे बड़ा कारण उनका अति-आत्मविश्वास और सत्ता का अहंकार होता है। **जयसिंह रावत** का विश्लेषण। • पेज 8

TRIPLE धमाका ऑफर SUPER-15
ड्रा-3 कूपन नं. 13
18 मई 2026

**धूम धड़ाका**
आज का मैच
चेन्नई सुपर किंग्स vs सनराइजर्स हैदराबाद
शाम 7:30 बजे स्थान: चेन्नई
प्रसारण: स्टार स्पोर्ट्स/जियो हाटस्टार

## अंदर पढ़ें

**एलिना स्वितोलिना ने जीता इटेलियन ओपन का खिताब**
रोम: एलिना स्वितोलिना ने शनिवार को लगभग तीन घंटे तक चले मुकाबले में कोको गफ को 6-4, 6-7 (3), 6-2 से हराकर तीसरी बार इटेलियन ओपन का खिताब अपने नाम किया। • पेज 14

**पंत से वापस ली जा सकती है टेस्ट टीम की उप कप्तानी**
नई दिल्ली: राष्ट्रीय चयनकर्ता जब अफगानिस्तान के विरुद्ध टेस्ट और वनडे टीम चुनने के लिए मंगलवार को गुवाहाटी में बैठक करेंगे तो उप कप्तान के तौर पर पंत के भविष्य पर चर्चा हो सकती है। • पेज 14

**मुद्दा** • पेज 9

**दैनिक जागरण सप्तरंग**
साहित्य और संगीत का

राष्ट्रवाद के अमर स्वर शरत बाबू
साधना का माध्यम सरोद
• पेज 12

सीएम ने किया अधिमास **मेले का उद्घाटन** राजगीर के पर्यटक स्थलों का लिया जायजा

# नेचर सफारी का रखरखाव और पर्यटकों की सुविधाओं का रखें ख्याल : मुख्यमंत्री

**राजगीर उत्सव**

- 15 जून तक चलेगा मेला, देश-विदेश से आते हैं यहां पर्यटक
- मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सिंह शावक का नामकरण भी किया


राजगीर में पुरुषोत्तम मास मेला-2026 का उद्घाटन करते मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी। साथ में उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी व अन्य। • सौ.: आइपीआरडी

**जागरण टीम, राजगीर/पटना:** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने ब्रह्मकुंड परिसर में रविवार को राजगीर में एक महीने तक चलने वाले प्रसिद्ध पुरुषोत्तम मास मेले का शुभारंभ किया। सीएम पूरे विधि-विधान के साथ वैदिक मंत्रोच्चार, विशेष पूजा-अर्चना व ध्वजारोहण कर इस विराट मेले का विधिवत उद्घाटन किया। एक माह तक चलने वाले इसे मेले में देश-विदेश के पर्यटक आते हैं। यह मेला 15 जून तक चलेगा। मेले का उद्घाटन करने के बाद मुख्यमंत्री जू सफारी तथा नेचर सफारी पहुंचे और वहां पर्यटन सुविधाओं का निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने इन दोनों जगहों के बेहतर रखरखाव का निर्देश अधिकारियों को दिए। पर्यटकों की सुविधाओं का ख्याल रखने को कहा। भ्रमण के क्रम में उन्होंने एक सिंह शावक का नामकरण भी किया। उसे लक्ष्मी नाम दिया गया।

नियंत्रण कक्ष में जाकर जू-सफारी की विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री व्याख्या केंद्र गए, जहां पुराने वन्य जीव प्रजातियों की प्रदर्शनी को देखा। जू सफारी के नियंत्रण कक्ष जाकर मुख्यमंत्री ने 180 डिग्री थियेटर में 'द वाइल्ड काल' एनिमेशन फिल्म को देखा। इसमें विभिन्न वन्य जीवों के कार्यकलापों, रहन-सहन एवं उनकी दुनिया को दिखाया गया है। राजगीर जू सफारी के एनिमेटेड फिल्म 'द वाइल्ड काल' को बेस्ट एनिमेशन का 16वें दादा साहेब फाल्के फिल्म फेस्टिवल का सर्टिफिकेट आफ एक्सलेंस मिला है। इसे मुख्यमंत्री को सौंपा गया।

मुख्यमंत्री ने नेचर सफारी का भी भ्रमण किया। इस दौरान वह ग्लास ब्रिज गए जहां उन्होंने पहाड़ों की रमणिक छटा का आनंद लिया। जू-सफारी का बंद गाड़ी से भ्रमण करने के दौरान शेर, बाघ सहित अन्य वन्य जीवों की गतिविधियों को देखा और प्रसन्नता व्यक्त की। मुख्यमंत्री वन्य जीव अस्पताल भी गए, जहां उन्होंने वन्य जीवों के इलाज के लिए की गई सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने सिंह शावक का नामकरण 'लक्ष्मी' किया। भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि नेचर सफारी एवं जू-सफारी दोनों बहुत अच्छा बना है, यहां आनेवाले पर्यटकों की सुविधाओं का ख्याल रखें। यहां की व्यवस्थाओं को बेहतर ढंग से मेंटेन रखें। वन्य जीवों को बेहतर माहौल एवं सुविधाएं इसी प्रकार मिलती रहे। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता, सांसद कौशलेंद्र कुमार, विधायक कौशल किशोर, मुख्यमंत्री के सचिव संजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी डा. गोपाल सिंह, पटना प्रमंडल के आयुक्त मयंक वरवड़े, पटना प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक जितेंद्र राणा व नालंदा के जिलाधिकारी कुंदन कुमार भी मौजूद थे।

# अदाणी समूह बिहार में अगले दो-तीन साल में ₹ 50-60 हजार करोड़ का निवेश करेगा

- मुख्यमंत्री प्रदेश के लिए काफी कार्य करेंगे, अदाणी ग्रुप उनका सहयोग करेगा : गौतम अदाणी
- बिहार के विकास का समय आ चुका है, ऊर्जा, सड़क, शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में होगा निवेश



सारण में नेत्र अस्पताल के भूमिपूजन के मौके पर उपस्थित गौतम अदाणी व उनकी पत्नी प्रीति अदाणी। • जागरण

**जागरण संवाददाता, पटना:** बिहार के ग्रोथ का समय आ गया है। यहां की जनता को इसका लाभ उठाना चाहिए। बिहार के लोगों को बिहार में ही नौकरी मिले, इसका प्रयास होना चाहिए। आगामी दो-तीन वर्षों में बिहार में 50-60 हजार करोड़ रुपये का निवेश करेंगे। यह बातें अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने मीडिया से कहीं। वह सारण के मस्तीचक में अखंड ज्योति हास्पिटल में भूमि पूजन समारोह के लिए पहुंचे थे।

इस दौरान उन्होंने कहा कि यह निवेश पावर, सड़क, मल्टी माडल लाजिस्टिक, सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर, औद्योगिक क्षेत्र में होगा। उन्होंने कहा कि उनकी इच्छा है कि सारण के अतिरिक्त पटना के अंदर हास्पिटल से लेकर स्कूल, यूनिवर्सिटी खोलने का प्रयास करेंगे। कहा कि बिहार के नए मुख्यमंत्री प्रदेश के लिए काफी कार्य करेंगे। अदाणी ग्रुप उनका सहयोग करेगा।

उन्होंने कहा कि बिहार में संसाधन की जरूरत है। सड़क एवं औद्योगीकरण की जरूरत है। हर घर 24 घंटे किफायती दर पर बिजली की जरूरत है। अब बिहार विकसित होगा। इस क्रम में उन्होंने कहा कि अखंड ज्योति आई हास्पिटल के कार्यों को देख समाज के लिए बेहतर करने की प्रेरणा मिली। उन्होंने गायत्री मंत्र की महत्ता की भी चर्चा की। कहा कि इस मंत्र के जाप से उन्हें शांति मिलती है। उन्होंने बिहारियों की मेहनत और सादगी की सराहना की। कहा कि बिहारी होना अपने आप में गर्व की बात है। बिहार में ही यहां के लोगों को मौका मिलना चाहिए। उन्होंने राज्य सरकार की भी सराहना की। इससे पूर्व उन्होंने गायत्री शक्तिपीठ में पूजा की। साथ ही ग्रामीण नेत्र चिकित्सा नेटवर्क के लिए भूमि पूजन भी किया। इस अवसर पर मृत्युंजय तिवारी, डा. राजवर्धन आजाद भी मौजूद थे।

### भागलपुर के पीरपैंती में 200 बेड का बनेगा अस्पताल

**जागरण संवाददाता, पटना:** अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने बिहार में ग्रामीण नेत्र स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए 150 करोड़ रुपये की बड़ी पहल की शुरुआत की है। अदाणी फाउंडेशन ने भागलपुर जिले के पीरपैंती में 200 बेड वाले अस्पताल की स्थापना की भी घोषणा की है। इसके अलावा गौतम अदाणी ने देशभर के वंचित समुदायों तक नेत्र स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए 500 करोड़ रुपये की व्यक्तिगत प्रतिबद्धता जताई।


मध्य प्रदेश के रतलाम जिले में रविवार को तिरुअनंतपुरम-हजरत निजामुद्दीन राजधानी एक्सप्रेस के एसी कोच में लगी भयावह आग का दृश्य। • प्रेट्र

# दिल्ली आ रही राजधानी एक्स. बनी बर्निंग ट्रेन, दुर्घटना टली

**तिरुअनंतपुरम से दिल्ली आ रही ट्रेन में रतलाम के पास हादसा**
**आग बुझाने जा रही वैन पलटने से पांच रेलकर्मी घायल**

**नईदुनिया प्रतिनिधि, रतलाम:** मध्य प्रदेश के रतलाम जिले में रविवार सुबह दिल्ली-मुंबई रेल मार्ग पर रविवार सुबह तिरुवनंतपुरम से हजरत निजामुद्दीन (दिल्ली) जा रही राजधानी एक्सप्रेस के बी-1 एसी कोच में आग लग गई। राहत की बात यह रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। घटना सुबह करीब सवा पांच बजे हुई। ट्रेन में लगे अत्याधुनिक फायर एंड स्मोक डिटेक्टर सिस्टम ने आग लगने के महज आठ से 10 सेकेंड के भीतर स्वचालित ब्रेक सक्रिय कर दिए, इससे ट्रेन तत्काल रुक गई। इसके बाद कोच में सवार सभी 68 यात्रियों को करीब 15 मिनट में सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। हादसे में बी-1 कोच और उससे जुड़ा एसएलआर-पावर कार कोच जल गया। आग लगने का प्रारंभिक कारण कोच के इलेक्ट्रिकल सिस्टम में खराबी को बताया जा रहा है। घटना के समय अधिकतर यात्री सो रहे थे। अचानक ट्रेन रुकने और धुआं फैलने से यात्रियों में हलचल मच गई। आग अन्य कोचों तक न पहुंचे, इसके लिए ट्रेन मैनेजर और असिस्टेंट लोको पायलट ने तत्परता दिखाते हुए प्रभावित कोच की दोनों ओर की कपलिंग अलग कर दी।

## रीचेकिंग फीस में कटौती, नंबर बढ़ने पर पैसे होंगे वापस

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** सीबीएसई कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणामों के बाद शिक्षा मंत्रालय ने छात्रों के तनाव को कम करने के लिए रीचेकिंग की फीस नाममात्र कर दिया है। अब छात्र अपनी उत्तर पुस्तिका देखने के लिए 700 रुपये के बजाय मात्र 100 रुपये शुल्क देंगे। वहीं, उत्तर पुस्तिका के सत्यापन के लिए 500 रुपये की जगह सिर्फ 100 रुपये देने होंगे। यदि छात्र किसी विशेष प्रश्न का पुनर्मूल्यांकन कराना चाहते हैं, तो प्रति प्रश्न शुल्क केवल 25 रुपये तय किया गया है। शिक्षा मंत्रालय ने यह भी बड़ा ऐलान किया है कि यदि पुनर्मूल्यांकन के बाद छात्र के अंक बढ़ते हैं, तो उनके द्वारा जमा की गई पूरी फीस वापस (रिफंड) कर दी जाएगी।

**19 मई से खुलेगी विंडो, ऐसे दर्ज कराएं आपत्ति :** परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने छात्रों को सांत्वना देते हुए पूरी प्रक्रिया की समय-सीमा (टाइमलाइन) साझा की है। 19 से 22 मई (समीक्षा अवधि): असंतुष्ट छात्र अपनी मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं की कापी प्राप्त करने के लिए आवेदन कर सकते हैं। वे अपनी कापियों को खुद देखकर कमियों को चिह्नित कर सकते हैं।



Super Stockist एवं Distributor बनने का सुनहरा अवसर !
Krown Group से जुड़ें, दोगुना लाभ पाएं. आज ही संपर्क करें। (सीमित क्षेत्रों के लिए अवसर)
Application invited for the post of Regional / Area Sales Managers with relevant industry experience.
info@krownbiscuits.com | Whatsapp: 96706 70696 | www.krownbiscuits.com

# आइआइटी ने 47 पुलों की सौंपी जांच रिपोर्ट

**स्ट्रक्चरल आडिट**

- आइआइटी पटना को 85 पुलों की जांच का दिया गया था जिम्मा
- रिपोर्ट के अनुसार नौ पुलों पर तुरंत काम कराने की जरूरत


मुजफ्फरपुर में बूढ़ी गंडक पर बना पुल। रिपोर्ट में इस पुल का भी जिक्र है। • जागरण

**राज्य ब्यूरो, जागरण • पटना:** पुलों के स्ट्रक्चरल आडिट पर आइआइटी, पटना ने पथ निर्माण विभाग को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। पिछले वर्ष जून से स्ट्रक्चरल आडिट पर काम आरंभ हुआ था। अगवानी घाट पुल के एक हिस्से के गिरने के बाद यह तय हुआ था कि सरकार सभी पुलों का स्ट्रक्चरल आडिट कराएगी। आइआइटी, पटना को 85 पुलों के स्ट्रक्चरल आडिट का जिम्मा दिया गया था। अब तक 47 पुलों की रिपोर्ट आई है। शेष पुलों की रिपोर्ट भी जल्द ही पथ निर्माण विभाग को उपलब्ध कराई जाएगी।

बिहार राज्य पुल निर्माण निगम द्वारा पुलों के स्ट्रक्चरल आडिट पर आइआइटी, पटना की रिपोर्ट का अध्ययन किया जा रहा है। अब तक हुए अध्ययन में यह बात सामने आई है कि नौ पुल ऐसे हैं जिन पर तुरंत काम कर उन्हें दुरुस्त कराने की जरूरत है। इनमें मुजफ्फरपुर के दो पुल हैं। एक पुल स्टेशन के पास है और दूसरा पुल गंडक पर बना है जो बस स्टैंड के रास्ते में है। यह बैरिया और जीरो माइल के बीच है। गया में तीन पुल ऐसे हैं जिन पर काम कराने की जरूरत है। इनमें एक बसातपुर से सिलौंजा के बीच, दूसरा चटकी-दरियापुर-गोरा रोड और एक गयाजी में राजबिगहा से बेलदार बिगहा के बीच है। लखीसराय में दो पुल हैं। इसमें एक आरओबी के समीप तथा दूसरा शहर में ही है। एक पुल हाजीपुर में है जो रेलवे के पुराने पुल के समीप है। बिहार राज्य पुल निर्माण निगम ने अपने अध्ययन में जिन नौ पुलों की गड़बड़ी को देखा है, उन्हें तुरंत दुरुस्त किए जाने पर काम आरंभ होगा। ये पुल काफी पुराने है। इन्हें दुरुस्त किए जाने को ले अलग से निविदा होगी। पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल ने विभाग के अधिकारियों को पहले से यह कह रखा है कि आइआइटी की रिपोर्ट का सख्ती से अनुपालन करना है। इस क्रम में उन्होंने लखीसराय के एक पुल के संबंध में निर्देश भी दिया है।

आइआइटी, पटना द्वारा जिन पुलों का स्ट्रक्चरल आडिट कराया जा रहा वे 60 मीटर से अधिक लंबाई वाले हैं। वहीं 60 मीटर से कम लंबाई वाले पुलों का रख रखाव रोड मेंटेनेंस पालिसी के तहत संबंधित सड़क पर काम करने वाली कंपनी द्वारा कराया जाता है।

# मिशन वात्सल्य पोर्टल पर गुमशुदा बच्चों की जानकारी अपलोड करना अनिवार्य

## नया सवेरा अभियान में 427 पीड़ित कराए गए मुक्त, 116 मानव तस्कर गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, जागरण • पटना : राज्य में गुमशुदा और लापता बच्चों की जानकारी अब अनिवार्य रूप से मिशन वात्सल्य पोर्टल पर अपलोड करनी होगी। पुलिस मुख्यालय ने सभी थानों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि गुमशुदा बच्चों से जुड़ी हर जानकारी इस पोर्टल पर दर्ज की जाए और बच्चे के मिलने पर रिकार्ड तुरंत अपडेट किया जाए। इसके साथ ही मेंटल हेल्थकेयर एक्ट, 2017 की धारा-100 के प्रविधानों को थाना स्तर पर लागू करने पर भी बल दिया गया है।

पुलिस मुख्यालय की ओर से इसके लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) पहले ही जारी की जा चुकी है। अधिकारियों के अनुसार, पहले गुमशुदा बच्चों का आंकड़ा केवल थानों तक सीमित रहता था,

**पहल**



लेकिन अब केंद्रीकृत पोर्टल के जरिए पूरे राज्य का डाटा एक जगह उपलब्ध हो रहा है। जब पोर्टल शुरू हुआ था, तब इसमें केवल 3190 बच्चों की जानकारी दर्ज थी। लगातार मानीटरिंग के बाद यह संख्या महज एक महीने में बढ़कर 8681 पहुंच गई है। पुलिसकर्मियों को इस प्रणाली के संचालन के लिए विशेष प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।

### नया सवेरा अभियान में बड़ी कार्रवाई

राज्य में मानव तस्करी और बालश्रम के खिलाफ पहली से 30 अप्रैल तक चलाए गए नया सवेरा-2.0 अभियान में बड़े पैमाने पर कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान कुल 427 पीड़ितों को मुक्त कराया गया और 116 मानव तस्करों को गिरफ्तार किया गया। अभियान के तहत मानव व्यापार से जुड़े मामलों में 46 नाबालिग बच्चों समेत 94 पीड़ितों को मुक्त कराया गया, जबकि दो मानव तस्करों की गिरफ्तारी हुई। वहीं बालश्रम के मामलों में 61 केस दर्ज कर 193 बच्चों को छुड़ाया गया। लैंगिक अपराध और आर्केस्ट्रा या डांस ग्रुप से जुड़े मामलों में 20 केस दर्ज किए गए, जिसमें 140 पीड़ितों को मुक्त कराया गया। इनमें 92 नाबालिग बच्चियां भी शामिल हैं। इस दौरान 35 महिलाओं समेत 114 मानव तस्करों की गिरफ्तारी हुई। अभियान में दूसरे राज्यों और नेपाल से जुड़े पीड़ित भी मिले। इनमें पश्चिम बंगाल के 28, उत्तर प्रदेश के छह, उड़ीसा के तीन, झारखंड और हरियाणा के दो-दो, छत्तीसगढ़ का एक और नेपाल का एक पीड़ित शामिल है। कार्रवाई के दौरान सबसे अधिक गिरफ्तारी करने वाले दो जिलों रोहतास और अररिया को पुरस्कृत किया जाएगा।

## किसानों को ईख मित्र एप से मिलेगी गन्ना खेती की जानकारी

राज्य ब्यूरो, जागरण • पटना : बिहार के किसानों को अब एप के माध्यम से गन्ना खेती की जानकारी मिलेगी। इसके लिए गन्ना उद्योग विभाग ने ईख मित्र नाम से एक एप बनाया है। किसान अपने मोबाइल फोन पर इसे डाउनलोड कर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकेंगे।

विदित हो कि राज्य सरकार ने सात निश्चय-3 के तहत बिहार में बंद पड़ी चीनी मिलों का पुनरुद्धार कराने के साथ ही 25 नई चीनी मिलों को स्थापित करने का निर्णय लिया है। इसके लिए राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रही है। राज्य में गन्ना की खेती का विस्तार कराने के लिए कई योजनाएं शुरू की गई हैं।

राज्य सरकार के निर्देश पर गन्ना उद्योग विभाग ने गन्ना किसानों की समस्याओं का तुरंत समाधान करने के लिए ईख मित्र एप बनाया है, ताकि किसान गन्ना खेती की पूरी जानकारी इसके माध्यम से प्राप्त कर सकें।

## पांच सौ मीटर में अवैध खनन होने पर पट्टाधरी देगा सरकार को जानकारी

राज्य ब्यूरो, जागरण • पटना : राज्य में बालू, गिट्टी के साथ मिट्टी के अवैध खनन पर आने वाले दिनों में अब और सख्ती की तैयारी है। सरकार ने अवैध खनन, परिवहन और भंडारण पर रोक लगाने के लिए बिहार खनिज नियमावली 2019 में बड़ा संशोधन किया है। नई नियमावली राज्य में लागू कर दी गई है। जिसमें लघु खनिजों के अवैध खनन, परिवहन जैसी घटनाओं पर कार्रवाई के क्रम में एक से दस लाख रुपये तक का जुर्माना लगाने का प्रविधान किया गया है।

लघु खनिजों के अवैध कारोबार पर रोक लगाने के लिए खान एवं भू-तत्व विभाग निरंतर अभियान चला रहा है। पूर्व की व्यवस्था में और कड़ाई करने के उद्देश्य से विभाग ने नई नियमावली में अवैध खनन पर रोक के लिए कड़े नियम तय किए हैं। सूत्रों के अनुसार नियमावली में किए गए प्रविधानों

**खनिज नियमावली बदली गई नियम तोड़ा तो एक से दस लाख रुपये तक का जुर्माना लगाने का प्रविधान किया गया**



के तहत अब खनिज का कारोबार करने वाला कोई भी व्यक्ति खनिज पट्टा नहीं ले सकेगा। यही नहीं एक बंदोबस्तधारी को दो सौ हेक्टेयर से ज्यादा क्षेत्र खनन के लिए नहीं दिया जाएगा। बंदोबस्तधारी को अपने बंदोबस्त वाले बालू घाट के पांच सौ मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार के अवैध खनन की जानकारी मिलती है तो उसे यह बात सरकार के संज्ञान में लानी होगी। अन्यथा उन पर कार्रवाई भी हो सकती है।

विभाग की जानकारी के अनुसार, सरकार ने खनन क्षेत्रों में सीसीटीवी, इलेक्ट्रानिक धर्मकांटा और जीपीएस सिस्टम अनिवार्य कर दिया है। सीसीटीवी को छह महीने तक सुरक्षित रखने की व्यवस्था भी बनाई गई है, ताकि इस अवधि में यदि आवश्यकता पड़े तो सीसीटीवी का डाटा तत्काल उपलब्ध हो सके। विभाग ने स्पष्ट किया है कि जो बंदोबस्तधारी या अवैध खनन करने वाले नियमों का उल्लंघन करते पाए जाएंगे उनसे एक लाख रुपये से 10 लाख रुपये तक का जुर्माना वसूला जाएगा। साथ ही बिना ढके वाहनों से बालू या अन्य लघु खनिज ढोने पर ट्रैक्टर पर पांच हजार और बड़े वाहनों पर 25 हजार रुपये जुर्माना लगाने का प्रविधान भी किया गया है।

## बिहटा एयरपोर्ट स्वामी सहजानंद सरस्वती के नाम पर हो : विवेक

राज्य ब्यूरो, जागरण • पटना : सांसद विवेक ठाकुर ने रविवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से पटना में शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर विकसित बिहार से संबंधित विभिन्न विषयों पर सार्थक विमर्श हुआ। उन्होंने मुख्यमंत्री से बिहार के सभी महान विभूतियों की जन्मस्थली को आदर्श ग्राम के रूप में विकसित करने का आग्रह किया। कहा कि इससे नई पीढ़ी उनके विचारों एवं योगदान से प्रेरणा प्राप्त कर सके तथा उन क्षेत्रों का समग्र विकास सुनिश्चित हो। उन्होंने इसी क्रम में प्रस्तावित बिहटा एयरपोर्ट का नाम देश में किसान आंदोलन के जनक, आधुनिक भारत के सबसे बड़े किसान-मजदूर नेता एवं महान स्वतंत्रता सेनानी स्वामी सहजानंद सरस्वती के नाम पर रखने का आग्रह किया। साथ ही विवेक ठाकुर ने मुख्यमंत्री से नवादा लोकसभा अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों एवं आगामी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा किया। सांसद विवेक ठाकुर ने कहा मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के कुशल नेतृत्व एवं सुशासन के संकल्प से बिहार निश्चित ही विकास, समृद्धि एवं आत्मनिर्भरता के नए आयाम स्थापित करेगा।



सांसद विवेक ठाकुर



**शिष्टाचार मुलाकात**

पटना में रविवार को प्रसिद्ध उद्योगपति एवं अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से शिष्टाचार मुलाकात की। • सौ : आइपीआरडी।

## मेडिकल कालेजों में डिजिटल रिकार्ड अनिवार्य

- चिकित्सा आयोग के निर्णय नए सिरे से किए गए जारी
- रोगी को अलग से डाक्टर की रिपोर्ट लेकर नहीं आना होगा

राज्य ब्यूरो, जागरण • पटना : राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के करीब महीने भर पूर्व दिए गए निर्देशों के बाद अब देशभर के मेडिकल कालेज अस्पतालों में मरीजों का डिजिटल स्वास्थ्य रिकार्ड रखना अनिवार्य हो गया है। इसके लिए सभी डीन, अधीक्षक और प्राचार्यों को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने भी इस व्यवस्था को तेजी से लागू करने के लिए पिछले महीने से अपनी पहल शुरू की है। इस संबंध में एक बार फिर नए सिरे से मेडिकल कालेज अस्पतालों को निर्देश जारी किए गए हैं।

निर्देश के अनुसार मेडिकल कालेज अस्पतालों में डिजिटल रिकार्ड रखने का सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि ओपीडी, आइपीडी और इमरजेंसी में आने वाले प्रत्येक रोगी का अलग से प्रत्येक जांच का पुर्जा, डाक्टर की रिपोर्ट लेकर नहीं आना होगा।



जिन रोगियों का डिजिटल रिकार्ड सुरक्षित होगा उन्हें बस अपनी आभा (आयुष्मान भारत हेल्थ एकाउंट) आइडी बताना होगा। डाक्टर संबंधित आइडी के आधार पर रोगी और उसकी बीमारी का पूरा विवरण एक क्लिक पर प्राप्त कर सकेंगे।

विभाग के अनुसार यही नंबर मरीज के पूरे इलाज, जांच और दवाओं से जुड़ा रहेगा। यानी मरीज का पूरा मेडिकल इतिहास एक ही डिजिटल प्लेटफार्म पर उपलब्ध रहेगा। रोगी के किसी भी अस्पताल में इलाज के दौरान आभा से उसका रिकार्ड तत्काल चेक किया जा सकेगा। यहां बता दें कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण ने आभा बनाने की प्रक्रिया को सरल कर दिया है। अब मोबाइल नंबर या आधार के जरिए कुछ ही मिनटों में रजिस्ट्रेशन हो सकता है। इससे मरीजों को लाइन और कागजी प्रक्रिया से राहत मिलेगी। सरकार ने पूर्व के आदेश के हवाले वैसे मेडिकल कालेज जिन्होंने इस व्यवस्था पर काम नहीं प्रारंभ किया है। उन्हें नए सिरे से व्यवस्था का तत्काल प्रभाव से लागू करने के निर्देश दिए हैं।

## नीतीश कुमार को समृद्ध बिहार कलाकृति भेंट की

राज्य ब्यूरो, जागरण • पटना : पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को रविवार को उनके सात सर्कुलर रोड आवास पर समृद्ध बिहार की कलाकृति भेंट की। यह कलाकृति बिहार के विकास, समृद्धि एवं सकारात्मक परिवर्तन की भावना को रचनात्मक रूप से अभिव्यक्त करती है। पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, जो क्लाइमेट लीडर एवं ग्लोबल थिंकर सहित विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सम्मानों से सम्मानित हैं, को यह विशेष कलाकृति बिहार विधान परिषद सदस्य नीरज कुमार द्वारा भेंट की गई। इस अवसर पर बिहार विधान परिषद में उपनेता ललन सर्राफ, मुख्य सचेतक सत्ता पक्ष संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी की उपस्थिति रही। इस विशेष कलाकृति को प्रवीण कुमार "धन्टु" एवं मंजूर आलम "बुलेट" ने रचनात्मक रूप प्रदान किया है। दोनों ने "समृद्ध बिहार" की अवधारणा को कलात्मक रूप में प्रस्तुत कर बिहार के विकास एवं नई पहचान को दर्शाने का प्रयास किया है।

## जय सिंह गोपालगंज और कुमार रवि नालंदा के प्रभारी सचिव बने

राज्य ब्यूरो, जागरण • पटना : राज्य सरकार ने विकास योजनाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की सघन मानीटरिंग और उनकी सघन समीक्षा के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को जिलों के प्रभारी सचिव पद का जिम्मा दिया है। मंत्रिमंडल सचिवालय ने अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव और सचिव स्तर के 34 अधिकारियों को अलग-अलग जिलों का प्रभारी सचिव नियुक्त करते हुए इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है।

मंत्रिमंडल सचिवालय ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि प्रभारी सचिव अपने-अपने जिलों में विकास योजनाओं के क्रियान्वयन, जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की प्रगति तथा प्रशासनिक कार्यों की निगरानी करेंगे। आदेश के अनुसार गया जिले के लिए राबर्ट एल. चोंग्थू, भोजपुर के लिए संतोष कुमार मल्ल, सारण के लिए पंकज कुमार, मधुबनी के लिए नर्मदेश्वर लाल और पटना के लिए विनय कुमार को प्रभारी सचिव बनाया गया है।

जबकि, दरभंगा के लिए राजेश कुमार, मुंगेर के लिए पंकज कुमार पाल, पश्चिमी चंपारण के लिए अभय कुमार सिंह, बक्सर में अजय कुमार यादव, नालंदा कुमार रवि, कैमूर में दिवेश सेहरा, रोहतास में संदीप कुमार आर पुडकलकट्टी, सिवान के लिए धर्मेंद्र सिंह, सहरसा विनोद सिंह गुंजियाल, अररिया मो सोहैल, गोपालगंज जय सिंह, औरंगाबाद का मनोज कुमार को

**राज्य में विकास योजनाओं पर नजर रखने को 34 अधिकारियों को दी गई प्रभारी सचिव की जिम्मेदारी**



प्रभारी सचिव का पद सौंपा गया है।

वहीं, भागलपुर के प्रभारी सचिव दीपक आनंद होंगे। इसी प्रकार समस्तीपुर के लिए प्रणव कुमार, पूर्णिया के लिए कार्तिकेय धनजी, अरवल-जहानाबाद के लिए डा. आशिमा जैन, सुपौल के लिए सीमा त्रिपाठी, मुजफ्फरपुर के लिए चंद्रशेखर सिंह, कटिहार के लिए राज कुमार, किशनगंज के लिए अनिमेष कुमार परासर, जमुई के लिए कौशल किशोर, शिवहर-सीतामढ़ी के लिए राजीव रौशन, शेखपुरा-लखीसराय के लिए कंवल तुनज, वैशाली के लिए रचना पाटिल, नवादा के लिए हिमांशु शर्मा, पूर्वी चंपारण के लिए शीर्षत कपिल अशोक, बांका के लिए निलेश रामचंद्र देवरे और मधेपुरा-खगड़िया के लिए राहुल कुमार को प्रभारी सचिव नामित किया गया है।

## होनहारों की आत्महत्या का असली जिम्मेदार कौन : राजद

राज्य ब्यूरो, जागरण • पटना : राजद के प्रदेश प्रवक्ता चित्तरंजन गगन का कहना है कि व्यवस्था की कोताहियों से भविष्य कैसे आहत होता है, इसका उदाहरण नीट रद होने के बाद होनहारों के सुसाइड नोट हैं। उत्तर प्रदेश में लखीमपुर-खीरी के 21 वर्षीय रितिक मिश्रा ने अपने सुसाइड नोट में लिखा था, "अब नहीं देनी प्रतियोगी परीक्षा"। तीन वर्षों से नीट यूजी का तैयारी कर रही दिल्ली की अंशिका पाण्डेय ने परीक्षा रद होने की खबर सुनकर आत्महत्या कर ली।

## बक्सर से नौबतपुर के बीच 400 केवी ट्रांसमिशन लाइन शुरू

राज्य ब्यूरो, जागरण • पटना : बक्सर से नौबतपुर के बीच शनिवार को 400 केवी ट्रांसमिशन लाइन शुरू हो गई। बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड (बीएसपीटीसीएल) ने 400 केवी बक्सर ताप विद्युत परियोजना नौबतपुर ट्रांसमिशन लाइन (सर्किट-I) को सफलतापूर्वक चार्ज कर दिया है। वर्तमान में इस ट्रांसमिशन लाइन के माध्यम से बक्सर ताप विद्युत परियोजना से नौबतपुर की ओर 205 मेगावाट विद्युत का सफलतापूर्वक संचरण किया जा रहा है। लगभग 126 किलोमीटर लंबी यह ट्रांसमिशन लाइन अब बीएसपीटीसीएल नेटवर्क की सबसे लंबी 400 केवी ट्रांसमिशन लाइन बन गई है। इस महत्वपूर्ण ट्रांसमिशन लाइन के चालू होने से राज्य में बड़े पैमाने पर विद्युत संचरण क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। साथ ही ग्रिड की स्थिरता एवं परिचालन विश्वसनीयता को मजबूती मिलेगी, ट्रांसमिशन बाधाओं में कमी आएगी तथा बिहार की बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु अधिक सुदृढ़ एवं निर्बाध



विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। ऊर्जा सचिव एवं बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेट के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक अजय यादव ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह परियोजना बिहार की बढ़ती ऊर्जा मांगों को पूरा करने और मजबूत पावर ट्रांसमिशन नेटवर्क विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता उपभोक्ताओं को निर्बाध, गुणवत्तापूर्ण एवं विश्वसनीय बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करना है और ऐसी परियोजनाएं उसी लक्ष्य को सशक्त करती है। बीएसपीटीसीएल के प्रबंध निदेशक राहुल कुमार ने कहा कि यह अत्याधुनिक ट्रांसमिशन नेटवर्क विकसित करने की दिशा में बीएसपीटीसीएल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## अपराधियों में शासन का भय ही नहीं रहा : राजद

राज्य ब्यूरो, जागरण • पटना : राजद के प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव का आरोप है कि नई सरकार के एक माह के कार्यकाल में अपराधियों का कहर चहुंओर बढ़ गया है। राज्य में हत्या, लूट, चोरी-डकैती और दुष्कर्म की घटनाएं आम हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि अपराधियों में शासन-प्रशासन का भय ही नहीं रहा। राजधानी पटना तक में लोग सुरक्षित नहीं। पिछले सप्ताह दर्जनों हत्या, लूट, चोरी-डकैती और चेन स्नेचिंग की घटनाएं इसका प्रमाण हैं।

## बिहार ने लीड्स 2025 फ्रेमवर्क में दर्ज की बड़ी उपलब्धि

राज्य ब्यूरो, जागरण • पटना : बिहार ने औद्योगिक एवं लाजिस्टिक्स क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग द्वारा जारी लाजिस्टिक्स इज एक्रास डिफरेंट स्टेट्स 2025 लीड्स फ्रेमवर्क में " हाई परफार्मर" श्रेणी में स्थान प्राप्त किया है।

बिहार की यह प्रगति राज्य के लाजिस्टिक्स इकोसिस्टम, औद्योगिक अवसंरचना, निवेश अनुकूल वातावरण तथा इज आफ डूइंग बिजनेस को मजबूत करने की दिशा में किए गए निरंतर प्रयासों को दर्शाती है। उल्लेखनीय यह है कि बिहार ने " फास्ट मूवर " श्रेणी से आगे बढ़ते हुए अब "हाई परफार्मर्स" की श्रेणी में अपनी जगह बनाई है।

उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि बिहार सरकार उद्योग, निवेश और लाजिस्टिक्स क्षेत्र में व्यापक सुधारों के माध्यम से राज्य को देश के अग्रणी औद्योगिक राज्यों की श्रेणी में स्थापित करने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। यह उपलब्धि बिहार की बढ़ती क्षमता, बेहतर नीतियों और मजबूत प्रशासनिक इच्छाशक्ति का प्रमाण है। उद्योग विभाग के सचिव सह बियाडा एवं आईडा के एमडी कुंदन कुमार ने कहा कि लीड्स 2025 में "हाई परफार्मर्स" श्रेणी में शामिल होना बिहार के लिए गर्व का विषय है।

## पदाधिकारियों संग घोषित होगी भाजपा मोर्चा अध्यक्षों की सूची

राज्य ब्यूरो, जागरण • पटना : बिहार भाजपा में संगठनात्मक पुनर्गठन की प्रक्रिया अब अंतिम चरण में पहुंच गई है। प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी की नई टीम की घोषणा के साथ ही पार्टी विभिन्न मोर्चों के अध्यक्षों के नामों का की भी घोषणा करने की तैयारी में है। माना जा रहा है कि प्रदेश पदाधिकारियों की सूची के साथ ही युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, किसान मोर्चा, पिछड़ा मोर्चा, अनुसूचित जाति मोर्चा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा एवं अल्पसंख्यक मोर्चा समेत अन्य प्रकोष्ठों के नए अध्यक्षों के नाम भी सामने आ सकते हैं। भाजपा इस बार संगठन में व्यापक सामाजिक एवं क्षेत्रीय संतुलन साधने की रणनीति पर काम कर रही है।

विदित हो कि सरावगी से पहले दो प्रदेश अध्यक्ष अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाए थे। ऐसे में सम्राट चौधरी एवं दिलीप जायसवाल के अध्यक्षीय कार्यकाल वाले 70 प्रतिशत तक प्रदेश पदाधिकारियों की जगह नए कार्यकर्ताओं को दायित्व देकर आगे बढ़ाने की तैयारी है। दरअसल, भाजपा इस बार संगठन में व्यापक सामाजिक और क्षेत्रीय संतुलन साधने की रणनीति पर काम कर रही है। पार्टी नेतृत्व की कोशिश है कि मोर्चों में ऐसे चेहरों को जिम्मेदारी दी जाए, जो न केवल संगठनात्मक रूप से सक्रिय हों, बल्कि समाज के विभिन्न वर्गों में पार्टी की पकड़ भी मजबूत कर सकें। खास तौर पर युवा, महिला और अति पिछड़ा वर्ग से जुड़े चेहरों को प्रमुखता मिलने की चर्चा है।

प्रदेश संगठन एवं मोर्चों के अध्यक्ष के नाम को एक साथ अंतिम रूप देने के पीछे पार्टी की रणनीति बूथ स्तर तक तालमेल मजबूत करने की है। भाजपा नेतृत्व मानता है कि केवल प्रदेश पदाधिकारियों की घोषणा से संगठनात्मक संदेश अधूरा रह जाएगा, इसलिए मोर्चों को भी समानांतर रूप से सक्रिय करना जरूरी है। यही कारण है कि इस बार मोर्चा अध्यक्षों के चयन में संगठनात्मक अनुभव के साथ-साथ जनसंपर्क क्षमता और राजनीतिक सक्रियता को भी प्रमुख आधार बनाने का प्रयास है। पार्टी के अंदर यह भी चर्चा है कि कई मोर्चों में पहली बार अपेक्षाकृत नए चेहरों को मौका मिल सकता है। इससे कार्यकर्ताओं के बीच नया संदेश देने की कोशिश होगी। वहीं, कुछ पुराने एवं अनुभवी नेताओं को भी संगठनात्मक संतुलन बनाए रखने के लिए दायित्व मिलने की संभावना है।

### सांसद, विधायक, एमएलसी होंगे बाहर

सरावगी की नई टीम में सांसद, विधायक या एमएलसी को प्रदेश पदाधिकारी का दायित्व नहीं देने का प्रस्ताव है। हालांकि अपवाद स्वरूप कुछ नए चेहरे के नाम जुड़ सकते हैं। वहीं, महिलाओं की सहभागिता बढ़ाने की अबकी बार विशेष तैयारी है। 33 प्रतिशत महिलाओं को प्रतिनिधित्व देने पर पार्टी गंभीरता से विचार कर रही है। ऐसे में महिलाओं की संख्या 12 से 14 तक पहुंच सकती है। वर्तमान में आठ महिलाएं दायित्व संभाल रही हैं। इनमें प्रदेश महामंत्री, प्रदेश उपाध्यक्ष से लेकर मंत्री पद पर महिलाएं संगठन का काम देख रही हैं।






## बिहार में प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना होगी लागू, तैयार हो रहा प्रस्ताव

- खनन प्रभावित इलाकों के विकास को मिलेगी रफ्तार
- विभाग बना रहा प्रस्ताव, लिया जाएगा मंत्रिमंडल का अनुमोदन

सुनील राज • जागरण

पटना : खनन गतिविधियों से प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल और रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना (पीएमकेकेकेवाइ) को बिहार में लागू करने की तैयारी शुरू हो गई है। खान एवं भूतत्व विभाग इस योजना को राज्य में लागू करने के लिए विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर रहा है। विभागीय स्तर पर मसौदे पर काम चल रहा है और मंत्री व विभागीय सचिव की सहमति के बाद इसे मंत्रिमंडल के समक्ष अनुमोदन के लिए भेजा जाएगा।

खान एवं विकास विभाग के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यह योजना खनन प्रभावित क्षेत्रों के समग्र विकास को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। इसके तहत जिला खनिज फाउंडेशन निधि का उपयोग उन इलाकों में रहने वाले लोगों के कल्याण के लिए किया जाएगा,



जहां खनन गतिविधियों के कारण पर्यावरण, स्वास्थ्य और आजीविका पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। खासकर जनजातीय और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को इसका सीधा लाभ मिलने की उम्मीद है।

जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना के तहत जिला खनिज फाउंडेशन एक गैर-लाभकारी संस्था के रूप में कार्य करेगा। खनन कंपनियों से प्राप्त राशि को इसी निधि में जमा किया जाएगा और उसी धन से विकास योजनाएं संचालित होंगी। योजना के अनुसार कुल राशि का कम से कम 60 प्रतिशत हिस्सा पेयजल आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण जैसे प्राथमिक कार्यों पर खर्च किया जाएगा।

### क्या है जिला खनिज फाउंडेशन

जिला खनिज फाउंडेशन एक गैर-लाभकारी संस्था है, जिसमें खनन कंपनियों से राशि जमा कराई जाती है। इसी फंड का उपयोग खनन प्रभावित क्षेत्रों में विकास और कल्याणकारी योजनाओं पर किया जाता है।

**योजना के तहत इन क्षेत्रों पर रहेगा फोकस** : पेयजल, स्वास्थ्य और शिक्षा पर 60 प्रतिशत राशि खर्च। सड़क, ऊर्जा और कौशल विकास पर 40 प्रतिशत राशि का उपयोग। खनन प्रभावित और जनजातीय क्षेत्रों को प्राथमिकता।




# अब गैस की औसत डिलीवरी अवधि 2.97 दिन, स्टाक पर्याप्त

जासं, जहानाबाद: जिलाधिकारी अलंकृता पाण्डेय के निर्देशानुसार जिला आपूर्ति पदाधिकारी एवं अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा तेल कंपनियों के प्रतिनिधियों, गैस एजेंसी संचालकों एवं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर जिले में कार्यरत 19 गैस एजेंसियों से एलपीजी आपूर्ति व्यवस्था का जायजा लिया गया। बताया गया कि जिले में रविवार को 11811 गैस बुकिंग के विरुद्ध 4633 सिलिंडर का पर्याप्त स्टाक उपलब्ध है। वहीं 1884 सिलिंडर एजेंसियों को वितरण के लिए उपलब्ध कराया गया। अब औसत डिलीवरी की अवधि अब 2.97 दिन है। जिला प्रशासन द्वारा सख्त निगरानी के तहत एक गैस एजेंसी एवं पांच अन्य स्थानों पर औचक निरीक्षण किया गया।किसी भी स्थान से अवैध कालाबाजारी अथवा जमाखोरी की सूचना प्राप्त नहीं हुई। जिला नियंत्रण कक्ष दूरभाष संख्या 06114-223013 पर कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से पुनः अपील की है कि एलपीजी गैस की उपलब्धता पर्याप्त है, अतः घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है।

**ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय**
कामेश्वरनगर, दरभंगा-846 004

**चार वर्षीय स्नातक स्तरीय नामांकन सूचना-2026**

चार वर्षीय, स्नातक प्रथम सेमेस्टर कला/विज्ञान एवं वाणिज्य (प्रतिष्ठा), सी.बी.सी.एस. (Choice Based Credit System) पाठ्यक्रम सत्र-2026-30 में नामांकन हेतु इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं। दिनांक- 20.05.2026 से 05.06.2026 तक सामान्य शुल्क एवं दिनांक- 06.06.2026 से 08.06.2026 तक विलम्ब शुल्क के साथ नामांकन हेतु ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। नामांकन संबंधित विस्तृत जानकारी एवं ऑनलाईन आवेदन प्रपत्र विश्वविद्यालय के वेबसाईट (Website) www.lnmu.ac.in पर उपलब्ध है।

कुलपति महोदय के आदेश से
ह./-कुलसचिव




**पॉलिटेक्निक नामांकन आरंभ**
**महाराणा प्रताप इन्स्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलोजी**
चिलहरी- प्रतापसागर, बक्सर-802133
(Approved by AICTE and Affiliated to SBTE, Patna)
• सिविल इंजी. • इलेक्ट्रिकल इंजी.
•आर्टि. इंटेलि. (AI) •मैकेनिकल इंजी.
(ITI / 10+2 (PCM) विद्यार्थी सीधे 2nd Year में नामांकन लें)
(स्टूडेन्ट क्रेडिट कार्ड) www.mpctbuxar.com
कॉलेज फोन नं. - 7294990725, 8581847278




# सोलर पैनल लगाकर हर माह पाएं 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली



नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक करते कलाकार। सौजन्य-जिला प्रशासन

जासं, जहानाबाद: प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार व आमजनों को सौर ऊर्जा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से शनिवार को जहानाबाद के अरवल मोड़ पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के तत्वावधान में किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकारों ने लोगों को बताया कि अपने घरों की छत पर सोलर पैनल लगाकर कैसे उपभोक्ता हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। सौर ऊर्जा न केवल बिजली बिल कम करने में सहायक है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कार्यक्रम के दौरान विशेष रूप से बीपीएल व कुटिर ज्योति योजना की जानकारी दी गई। बताया गया कि पात्र उपभोक्ताओं के लिए 1.1 किलोवाट तक का सोलर सिस्टम लगाया जा रहा है, जिससे गरीब परिवारों को भी स्वच्छ एवं सस्ती ऊर्जा उपलब्ध हो सकेगी। एपीएल उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध सब्सिडी की जानकारी देते हुए बताया गया कि एक किलोवाट सोलर सिस्टम पर 30,000, दो किलोवाट पर 60,000 तथा तीन किलोवाट तक के सोलर सिस्टम पर 78,000 तक की सरकारी सहायता प्रदान की जा रही है। इस अवसर पर लोगों को पोर्टल एवं सुविधा एप के माध्यम से आवेदन करने की प्रक्रिया की भी विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यपालक अभियंता ने जिले में इस वर्ष 15,000 घरों में रूफटाप सोलर लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।




छात्र-छात्राओं को जागरूक करती स्काउट गाइड की टीम। सौजन्यः जिला प्रशासन

## छात्र-छात्राओं को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

जासं, जहानाबाद : उर्दू कन्या मध्य विद्यालय में बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड टीम के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं को स्वच्छता, नदी संरक्षण व सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक एवं प्रेरित किया गया। स्काउट व गाइड के सदस्यों ने बच्चों को स्वच्छ एवं निर्मल नदी के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बताया गया कि स्वच्छ नदियां न केवल पेयजल और सिंचाई का महत्वपूर्ण स्रोत हैं, बल्कि पर्यावरण संतुलन, जैव विविधता एवं जनस्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत आवश्यक हैं। नदियों में कूड़ा-कचरा व प्लास्टिक फेंकने से जल प्रदूषण बढ़ता है, जिससे जलजीवों के साथ-साथ मानव जीवन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। विद्यार्थियों से अपील की गई कि वे नदी एवं अन्य जल स्रोतों में कूड़ा-कचरा नहीं डालें तथा अपने घरों और आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें। इस अवसर पर बच्चों को पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता व सामाजिक दायित्वों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया गया। साथ ही उन्हें समाज में सकारात्मक सोच एवं जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया गया। छात्र-छात्राओं ने भी स्वच्छता एवं नदी संरक्षण को लेकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।

# राष्ट्र चेतना के प्रखर स्वर थे दिनकर : डा. प्रेम कुमार

### दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी सह सम्मान समारोह का आयोजन

**कार्यक्रम**

जागरण संवाददाता, गयाः मां निर्दोष सेवा केंद्र एवं गया कालेज के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर स्मृति सह सम्मान समारोह पर आधारित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार, गया कालेज के प्राचार्य डा. सतीश सिंह चंद्र, मगध विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. विनोद कुमार मंगलम, कार्यक्रम अध्यक्ष राय मदन किशोर, जिला पार्षद उपाध्यक्ष शीतल यादव एवं आयोजक हिमांशु शेखर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों ने राष्ट्रकवि दिनकर के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। आयोजन समिति की ओर से सभी अतिथियों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

स्वागत भाषण में आयोजक हिमांशु शेखर ने राष्ट्रकवि दिनकर के नाम पर विश्वविद्यालय निर्माण की मांग उठाई। टिकारी विधायक अजय दांगी ने कहा कि दिनकर का साहित्य समाज के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहा है। कुलसचिव डा. विनोद कुमार मंगलम ने कहा कि दिनकर ने साहित्य के हर क्षेत्र में अपनी लेखनी से अमिट छाप छोड़ी है। मुख्य अतिथि डा. प्रेम कुमार ने कहा कि दिनकर केवल महान कवि नहीं, बल्कि राष्ट्र चेतना के प्रखर स्वर थे। उनकी रचनाओं में ओज, वीरता, स्वाभिमान एवं सामाजिक न्याय का संदेश निहित है।

आयोजन समिति की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को साहित्य के प्रति प्रेरित करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राय मदन किशोर ने मुंगेर विश्वविद्यालय का नाम राष्ट्रकवि दिनकर के नाम पर रखने की मांग की। उद्घाटन सत्र का संचालन संजय अथर्व एवं धन्यवाद ज्ञापन अबरार आलम ने किया। दूसरे सत्र की अध्यक्षता पूर्व कुलपति प्रो. कुसुम कुमारी ने की, जबकि मुख्य अतिथि प्रो. सुरेश चंद्र रहे। संगोष्ठी में विभिन्न विश्वविद्यालयों से आए 13 शोधार्थियों ने शोध पत्र प्रस्तुत किए। इतिहास के क्षेत्र में बैजू चौधरी एवं संगीत के क्षेत्र में सौम्या अथर्व सहित पांच प्रतिभाओं को राष्ट्रकवि दिनकर सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डा. राम उदय कुमार, डा. सोनू अन्नपूर्णा, डा. प्रियंका कुमारी, डा. धनंजय धीरज सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## सीयूएसबी के डा. मयंक युवराज को मिला अंतरराष्ट्रीय सम्मान


सीयूएसबी के डा. मयंक युवराज

संवाद सहयोगी, जागरण, टिकारी : सीयूएसबी के राजर्षि जनक केंद्रीय पुस्तकालय के सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष डा. मयंक युवराज ने अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक जगत में महत्वपूर्ण पहचान बनाई है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता और चिकित्सा पुस्तकालय विज्ञान में उनके शोध कार्य को वैश्विक स्तर पर सराहा गया है। उनका शोध आलेख "चिकित्सा पुस्तकालयों में चैटजीपीटीः संभावनाएं और भविष्य की दिशाएं" प्रतिष्ठित स्वास्थ्य सूचना एवं पुस्तकालय पत्रिका में प्रकाशित होकर सर्वाधिक देखे गए, शीर्ष 10 प्रतिशत शोध पत्रों में शामिल किया गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह, कुलसचिव प्रो. नरेंद्र कुमार राणा, पुस्तकालयाध्यक्ष डा. प्रमोद कुमार सिंह तथा उपपुस्तकालयाध्यक्ष डा. पंकज माथुर ने डा. युवराज की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की। यह सम्मान वाइली डाट काम और चार्टर्ड इंस्टीट्यूट फाफ लाइब्रेरी एंड इंफार्मेशन प्रोफेशनल्स द्वारा प्रदान किया गया है।


मानस इंटरनेशनल के सम्मानित छात्र-छात्राएं, सौजन्य : स्कूल प्रबंधन

## प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मानित हुए विद्यार्थी

जासं, जहानाबादः पटना के विद्यापति भवन में आयोजित अपसा छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह में मानस इंटरनेशनल एजुकेशनल ग्रुप के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए सम्मान प्राप्त कर जिले का नाम गौरवान्वित किया। यह समारोह हर वर्ष शिक्षा, अनुशासन, शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए आयोजित किया जाता है। सम्मान प्राप्त करने वाले बच्चों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों एवं विद्यालय के सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण को दिया। डा. अरुण कुमार सिन्हा, चेयरमैन, मानस इंटरनेशनल एजुकेशनल ग्रुप ने कहा कि बच्चों की सफलता समाज और शिक्षा जगत के लिए प्रेरणा का विषय बनती है। प्रतिस्पर्धी दौर में विद्यार्थियों को केवल पुस्तकीय ज्ञान नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति भी जागरूक होना आवश्यक है। उन्होंने सभी सम्मानित विद्यार्थियों को बधाई दी। निदेशक निशांत रंजन ने कहा कि सम्मान केवल पुरस्कार नहीं, बल्कि आगे और बेहतर करने की प्रेरणा भी देता है। कार्यक्रम में बिहार सरकार के कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा एवं महान गणितज्ञ प्रोफेसर के.सी. सिन्हा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# जिले में कांग्रेस का संगठन सृजन साथी जोड़ो अभियान शुरू



बैठक में उपस्थित कांग्रेस नेता● जागरण

जासं, जहानाबादः कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रो संजीव कुमार की अध्यक्षता में जिला कार्यालय में रविवार को संगठन सृजन साथी जोड़ो अभियान के तहत बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर प्रदेश द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक कुम्हरार विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी डा. इंद्रदीप चंद्रवंशी, धर्मेन्द्र कुमार निराला, मो खालिद अमीन ने भाग लिया। संगठन सृजन साथी जोड़ो अभियान का शुभारंभ किया गया, जिसके तहत पूरे जिले में संगठन की मजबूती के लिए सृजन साथी जोड़े जाएंगे। प्रभारी ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने बिहार में संगठन की मजबूती के लिए यह अभियान चलाया है। इसके अंतर्गत प्रखंडों में जो भी साथी अध्यक्ष बनने के इच्छुक हैं, उन्हें दो सौ सृजन साथी बनाना होगा। इसी प्रकार, जिला एवं प्रदेश के संगठन में जो पदाधिकारी बनने की इच्छा रखते हैं, उन्हें प्रदेश द्वारा निर्धारित मापदंड के अनुसार सृजन साथी जोड़ना होगा, तभी उन्हें योग्य माना जाएगा। संगठन को पारदर्शी बनाने के लिए इस तरह का अभियान चलाया जा रहा है। प्रभारी ने यह भी बताया कि इस अभियान की सफलता के लिए हम सभी प्रखंडों के गांवों तक जाकर आम जनता को कांग्रेस की नीतियों और डबल इंजन सरकार की खामियों को उजागर करते हुए सदस्य बनने का निवेदन करेंगे। बैठक में पूर्व प्रवक्ता प्रो भूषण कुमार सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष हरिनारायण द्विवेदी, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष रामप्रवेश ठाकुर, प्रांतीय नेता अशोक कुमार प्रियदर्शी, प्रेम कुमार, प्रो जोगेन्दर यादव, बशिमुलहक रुस्तम, कैसर आलम रिजवी, गौरीशंकर यादव सहित कई लोग शामिल थे।

# मधुश्रवा धाम के तालाब की बदहाली से श्रद्धालु नाराज


मधुश्रवा धाम के पवित्र तालाब● जागरण

**समस्या**

संस जागरण, कलेर (अरवल): ऐतिहासिक मधुश्रवा धाम में पुरुषोत्तम मास मेला की शुरुआत हो चुकी है। दूर-दराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा मधेश्वरा नाथ के दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए पहुंच रहे हैं। मेला के दौरान पवित्र तालाब में स्नान कर पूजा करने की वर्षों पुरानी परंपरा रही है, लेकिन इस बार तालाब की स्थिति श्रद्धालुओं की आस्था को ठेस पहुंचा रही है। मंदिर परिसर स्थित पवित्र तालाब कीचड़ व गंदगी से भरा हुआ है। तालाब में पर्याप्त पानी नहीं रहने से श्रद्धालुओं को स्नान करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से अविलंब तालाब की सफाई एवं जल भराव कराने की मांग की है ताकि श्रद्धालु पवित्र स्नान कर बाबा मधेश्वरा नाथ की पूजा-अर्चना कर सकें। धार्मिक मान्यता के अनुसार पुरुषोत्तम मास के दौरान तैंतीस कोटि देवी-देवताओं का पृथ्वी पर वास होता है। इस पवित्र जल में डुबकी लगाने से अश्वमेध यज्ञ के समान पुण्य, सभी पापों से मुक्ति तथा असीम आध्यात्मिक लाभ प्राप्त होने की मान्यता है। यही कारण है कि हर वर्ष हजारों श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। राजगीर के बाद बिहार के सबसे बड़े पुरुषोत्तम मेलों में शामिल मधुश्रवा मेला की पहचान पूरे क्षेत्र में धार्मिक आस्था के केंद्र के रूप में होती है। इसके बावजूद मूलभूत सुविधाओं की कमी लोगों को निराश कर रही है। क्षेत्र के लोगों ने प्रशासन से शीघ्र सफाई, जल भराव एवं समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

**समाचार सार**

## परीक्षा देने गई छात्रा नहीं लौटी घर, अपहरण का मामला दर्ज

जागरण संवाददाता,जहानाबादः सदर थाना क्षेत्र के एक मुहल्ले से परीक्षा देने गई 17 वर्षीय छात्रा के घर वापस नहीं लौटने पर उसके पिता ने अपहरण का मामला दर्ज कराया है। घटना के बाद परिवार में चिंता का माहौल बना हुआ है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। दर्ज प्राथमिकी में छात्रा के पिता ने बताया है कि उनकी बेटी कालेज में परीक्षा देने के लिए घर से निकली थी। परीक्षा समाप्त होने के बाद भी वह घर वापस नहीं लौटी। काफी खोजबीन और रिश्तेदारों के यहां तलाश करने के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं मिल सका। ऐसे में किसी व्यक्ति द्वारा छात्रा को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाया गया है। पिता ने आशंका जताई है कि उनकी बेटी का अपहरण कर लिया गया है। घटना के बाद स्वजन काफी परेशान हैं और लगातार उसकी तलाश कर रहे हैं। इधर, आवेदन मिलने के बाद सदर थाने की पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## नावनगर में डायन प्रताड़ना से घायल दूसरी महिला की भी मौत

संवाद सूत्र, जागरण, फतेहपुर : प्रखंड की उत्तरी लोधवे पंचायत अंतर्गत नावनगर गांव में डायन बताकर मारपीट किए जाने के मामले में घायल मनोरमा देवी की इलाज के दौरान मौत हो गई। वह पिछले एक सप्ताह से पटना पीएमसीएच में भर्ती थीं। महिला की मौत के बाद गांव में शोक का माहौल है। जानकारी के अनुसार बीते सोमवार की रात गांव के कुछ लोगों ने डायन होने का आरोप लगाते हुए दो महिलाओं एवं एक पुरुष के साथ बेरहमी से मारपीट की थी।

## फेसबुक पर हथियार लहराने के आरोप में युवक गिरफ्तार

जासं, औरंगाबाद : नगर थाना पुलिस ने इंटरनेट मीडिया पर हथियार प्रदर्शन और हर्ष फायरिंग का वीडियो प्रसारित करने में कार्रवाई की है। पुलिस ने शहर के दानी बिगहा जगतपति नगर में छापेमारी कर शुभम कुमार (22 वर्ष) को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के घर से एक देसी कट्टा और 750 एमएल अंग्रेजी की शराब बोतल बरामद की है।

## 25 मई से मिलेगा सक्षमता परीक्षा का प्रवेशपत्र

जागरण संवाददाता, गयाजीः बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने स्थानीय निकाय शिक्षकों की सक्षमता परीक्षा, पंचम चरण 2026 के संबंध में सूचना जारी की है। परीक्षा 5 जून से 8 जून तक आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा पटना जिला मुख्यालय के निर्धारित केंद्रों पर संगणक आधारित पद्धति से होगी। समिति ने बताया कि अभ्यर्थियों का प्रवेश पत्र 25 मई से समिति की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा। अभ्यर्थी अपने आवेदन संख्या और जन्मतिथि के माध्यम से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर उसका प्रिंट निकाल सकेंगे। जन्मतिथि को दिन, माह और वर्ष के निर्धारित प्रारूप में दर्ज करना होगा। जारी निर्देश के अनुसार, डाउनलोड किए गए प्रवेश पत्र पर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, स्थापना का प्रतिहस्ताक्षर अनिवार्य होगा। बिना प्रतिहस्ताक्षर वाले प्रवेश पत्र को अमान्य माना जाएगा और संबंधित अभ्यर्थी को परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। समिति ने अभ्यर्थियों को सलाह दी है कि वे प्रवेश पत्र में अंकित सभी दिशा-निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें और परीक्षा की तिथि, समय तथा केंद्र के अनुसार निर्धारित समय पर उपस्थित हों। परीक्षा की तैयारी को आसान बनाने के लिए समिति द्वारा अभ्यास परीक्षा की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी।

## सोन नदी में डूबे अरवल निवासी वृद्ध का शव बरामद

जागरणद संवाददाता, आराः भोजपुर जिले के चांदी थाना क्षेत्र के खनगांव स्थित सोन नदी में डूबने से वृद्ध की मौत हो गई। मृतक की पहचान अरवल जिले के परासी थाना क्षेत्र के बभनबिगहा गांव निवासी 60 वर्षीय विजेंद्र साह के रूप में हुई है। पुलिस ने खनगांव स्थित सोन नदी के किनारे से उनका शव मिला। उस समय पहचान न होने के कारण शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में अज्ञात के रूप में कराया गया। बाद में पहचान हो सकी। मृतक के भतीजे संतोष कुमार ने बताया कि विजेंद्र साह 15 मई को पटना जिले के रानीतालाब थाना क्षेत्र स्थित महेंद्रनगर में ससुराल गए थे। वहां से उसी दिन वह चांदी थाना क्षेत्र के जलपुरा गांव स्थित अपनी पुत्री जसवंती देवी की ससुराल उससे मिलने जा रहे थे। इसी दौरान वह शौच करने के लिए खनगांव स्थित सोन नदी किनारे गए, जहां पैर फिसलने से नदी में गिर पड़े और डूबने से उनकी मौत हो गई। देर शाम जब स्वजन ने उनकी पुत्री जसवंती देवी को फोन कर पूछा कि वह पहुंचे हैं या नहीं, तब पता चला कि वह वहां नहीं पहुंचे हैं। इसके बाद स्वजन को सूचना मिली कि सोन नदी किनारे से पुलिस ने एक व्यक्ति का शव बरामद किया है। सूचना मिलने पर परिजन सदर अस्पताल पहुंचे और शव की पहचान विजेंद्र साह के रूप में की। इसके बाद परिजन शव को दाह-संस्कार के लिए गांव ले गए। पत्नी शीला देवी, तीन पुत्रियां ममता देवी, शांति देवी और जसवंती देवी तथा दो पुत्र नागेंद्र साह और शैलेंद्र साह का रो-रोकर बुरा हाल है।


विजेन्द्र साह का फाइल फोटो :स्रोत स्वजन

## पेट्रोल छिड़ककर युवक को जिंदा जलाने का प्रयास

संवाद सहयोगी, जागरण, कुर्था अरवलः कुर्था थाना क्षेत्र के बारा गांव में असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। हाल ही में मुनेश कुमार नामक युवक को सोते समय जिंदा जलाने का प्रयास किया गया। बीते गुरुवार की रात को उसके घर के दरवाजे पर खड़ी एक टाटा मैजिक वाहन में आग लगा दी गई थी। दो दिन बाद, पुनः उसके दालान में आग लगाकर उसकी जान लेने का प्रयास किया गया। बारा गांव निवासी मुनेश कुमार अपने दालान में सोए हुए थे। मध्य रात्रि में किसी असामाजिक तत्व ने खिड़की के माध्यम से उसके बेड पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। मुनेश के बेड का मच्छरदानी सहित बिछावन में आग लग गई और पूरा कमरा धुएं से भर गया। युवक को आग लगने का एहसास तब हुआ जब बेड में लगी आग की लपटें उसके पैर तक पहुंच गईं। उसकी नींद खुली और उसने किसी तरह कमरे से बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। यह घटना उसके साथ दो दिन के भीतर दूसरी बार हुई है, जिससे वह डरा और सहमा हुआ है। ग्रामीणों ने इस घटना की सूचना कुर्था थाना को दी। पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। इससे पहले भी मुनेश के साथ आगजनी की घटनाएं घटित हो चुकी हैं। 2 फरवरी 2026 को उसके खेत में रखे आठ बिगहा का पुआल जलाया गया था। उसी रात घर के पास तीन बीघा के पुआल में भी आग लगाई गई थी। इसके अतिरिक्त, 10 फरवरी को गांव के उमेश चंद्र बोस उर्फ उमेश पाठक के सरेया आहर पर रखा पांच बीघा का पुआल भी जलाया गया था। पिछले आठ मई को उमेश पाठक के टेंट हाउस में आग लगने से लगभग चार लाख रुपये का सामान जलकर राख हो गया था। पुलिस अब तक असामाजिक तत्वों को पकड़ने में असफल रही है, जिससे बारा गांव में भय का माहौल बना हुआ है।

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक ! punjab national bank ...the name you can BANK upon !

शाखा कार्यालयः सीओ सैम सर्किल ऑफिस, गया (आर जे पैलेस, राय काशी नाथ मोड़, गया) ईमेलः cogayasamd@pnb.co.in

**अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रवर्तन के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के आलोक में पठित

एतद्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से ऋणी (ओं) और गारंटीकर्ता (ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी रखी गई है, जिसका रचनात्मक / भौतिक / प्रतीकात्मक कब्जा पीएनबी द्वारा ले लिया गया है। बैंक के प्राधिकृत अधिकारी / सिक्योर्ड क्रेडिटर को अपनी बकाया राशि की वसूली के लिए नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित तिथि को 'जहां है जैसा है', 'जैसा है जो है' और 'जो कुछ भी है' पर बेचा जाएगा। संबंधित उधारकर्ता (ओं) और गारंटर (ों) से बैंक / सुरक्षित लेनदार के कारण। आरक्षित मूल्य और बयाना राशि जमा नीचे दी गई तालिका में संबंधित संपत्तियों के अनुसार होगी।

**सुरक्षित संपत्ति की अनुसूची**

| लॉट नम्बर | क. शाखा का नाम<br>ख. खाते का नाम<br>ग. उधारकर्ता/गारंटर के खाते का नाम एवं पता | बंधक रखी गई अचल संपत्तियों (भूमि और भवन) का विवरण, बंधककर्ता/संपत्ति के मालिक के नाम सहित | क. सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के तहत डिमांड नोटिस की तारीख<br>ख. बकाया राशि<br>ग. सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा-13 (4) के तहत कब्जे की तारीख<br>घ. कब्जे की प्रकृति प्रतीकात्मक/भौतिक | क. आरक्षित मूल्य (लाख में)<br>ख. ईएमडी<br>ग. बोली वृद्धि राशि | ई-नीलामी का दिनांक/समय | सुरक्षित लेनदारों को ज्ञात ऋणभारों का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | क. शाखा: रतनी, गया<br>ख. मेसर्स मदन मोहन राईस मिल प्रोपराईटर- श्री मदन मोहन, पिता स्व0 श्याम सुंदर शर्मा<br>ग. मेसर्स मदन मोहन राईस मिल प्रोपराईटर- श्री मदन मोहन, पिता स्व0 श्याम सुंदर शर्मा, पता- ग्राम- मिरजापुर, पोस्ट- रतनी बाजार,थाना- शकुराबाद, जिला- जहानाबाद - 804421<br>जमानतकर्त्ता- श्रीमति चित्ररेखा देवी पति-स्व0 श्याम सुंदर शर्मा, पता- ग्राम-मिरजापुर, पोस्ट- रतनी बाजार थाना- शकुराबाद, जिला- जहानाबाद - 804421<br>जमानतकर्त्ता- श्री रवि रंजन कुमार पिता-स्व0 श्याम सुंदर शर्मा, पता- ग्राम-मिरजापुर, पोस्ट- रतनी बाजार थाना- शकुराबाद, जिला- जहानाबाद - 804421<br>उधारकर्त्ता-सह-जमानतकर्त्ता- श्री मदन मोहन, पिता-स्व0 श्याम सुंदर शर्मा, पता- ग्राम-मिरजापुर, पोस्ट- रतनी बाजार, थाना- शकुराबाद, जिला- जहानाबाद- 804421 | पंजीकृत बंधक संपत्ति जो भूमि एवं भवन के साथ स्थित मौजा- मिरजापुर (रतनी फतेहपुर), जिला निबंधन कार्यालय एवं जिला- जहानाबाद के साथ राजस्व थाना नं. 86, खाता नं. 61, प्लॉट नं. 602, कुल रकबा- 16.5 डिसमिल मे 1.श्रीमति चित्र रेखा देवी पति- स्व0 श्याम सुंदर शर्मा, 2. मदन मोहन एवं 3. रवि रंजन कुमार दोनों पिता- श्याम सुंदर शर्मा से संबंधित है जिसका पंजीकृत बंधक डिड नं. 446 दिनांक 20.01.2018 है। चौहद्दी - उत्तर- मुनदेव शर्मा, दक्षिण- रोड, पूर्व- रोड, पश्चिम- राहुल कुमार। | क. 27.04.2022<br>ख. बकाया राशि : रू. 24,86,275.42 (रूपये चौबीस लाख छयासी हजार दो सौ पचहत्तर एवं बयालीस पैसे मात्र) दिनांक 31.03.2022 तक साथ ही दिनांक 01.04.2022 से अतिरिक्त ब्याज एवं अन्य खर्च पूर्ण भुगतान होने तक।<br>ग. 17.10.2022<br>घ. प्रतिकात्मक कब्जा | क. रू. 22,38,000/-<br>ख. रू. 2,23,800/-<br>ग. रू. 10,000/- | दिनांक 23.06.2026 को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक | शून्य |
| 2. | क. शाखा: डोभी, गया<br>ख. मेसर्स जनता बीज भण्डार प्रोपराईटर- श्री शंकर यादव, पिता- स्व0 कौलेश्वर यादव<br>ग. मेसर्स जनता बीज भण्डार प्रोपराईटर- श्री शंकर यादव, पिता- स्व0 कौलेश्वर यादव, पता- ग्राम- फतेहपुर, पोस्ट- पिडासिन, थाना- डोभी, जिला-गया-824201, पता- ग्राम-धोनघावां, अंचल/थाना-डोभी पिन-824201, जिला- गया।<br>श्री शंकर यादव, पिता- स्व0 कौलेश्वर यादव, पता- ग्राम- फतेहपुर, पोस्ट- पिडासिन, थाना- डोभी, जिला-गया-824201, पता- ग्राम-धोनघावां, अंचल/थाना-डोभी पिन-824201, जिला- गया। पता- ग्राम-धोनघावां, अंचल/थाना-डोभी पिन-824201, जिला- गया। पता- ग्राम- फतेहपुर, पोस्ट- पिडासिन, थाना-डोभी, पिन-824201, जिला- गया। | पंजीकृत सेल डिड नं. 7501 दिनांक 28.12.2020, प्लॉट नं. 990 (नया), खाता नं. 55, रकबा-10 डिसमिल, थाना नं. 804, ग्राम- मौजा- धरमपुर, थाना- डोभी, जिला- गया मे श्री शंकर यादव, पिता- स्व0 कौलेश्वर यादव के नाम पर स्थित है। चौहद्दी - उत्तर- रास्ता, दक्षिण- पुनीत यादव, पूर्व- गांव का रोड, पश्चिम- कुलीजन यादव। | क. 29.01.2025<br>ख. बकाया राशि : रू. 20,54,756.31 (रूपये बीस लाख चौवन हजार सात सौ छप्पन एवं एकतीस पैसे मात्र) दिनांक 31.12.2024 तक साथ हीं दिनांक 01.01.2025 से अतिरिक्त ब्याज एवं अन्य खर्च पूर्ण भुगतान होने तक।<br>ग. 28.04.2025<br>घ. प्रतिकात्मक कब्जा | क. रू. 22,73,000/-<br>ख. रू. 2,27,300/-<br>ग. रू. 10,000/- | दिनांक 23.06.2026 को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक | शून्य |
| 3. | क. शाखा: पिपरा, गया<br>ख. श्री शिव नाथ सिंह, पिता- श्री चंद्र मोहन<br>ग. श्री शिव नाथ सिंह, पिता- श्री चंद्र मोहन, पता- ग्राम- गनसा, पोस्ट- पिपरा, जिला- गया-854359<br>जमानतकर्त्ता- श्री अरविन्द कुमार पिता- जगरोशन ठाकुर, पता- ग्राम- मेरीगंज, पोस्ट- बधोई, थाना- हसपुरा बधोई, औरंगाबाद, बिहार- 824120 | पंजीकृत सेल डिड नं. 4853 दिनांक 25.07.2014, प्लॉट नं.. 94, खाता नं. 219, रकबा-1.25 डिसमिल, थाना नं. 316, पता- मौजा- इमामगंज, थाना- इमामगंज, जिला- गया मे श्री शिव नाथ सिंह, पिता- श्री चंद्र मोहन के नाम पर स्थित है। चौहद्दी- उत्तर- सुनील कुमार हाल खरीदार, दक्षिण - मिथलेश कुमार हाल खरीदार, पूर्व- 2 फीट नीज रास्ता, पश्चिम- रास्ता। | क. 13.02.2025<br>ख. बकाया राशि : रू. 14,73,139.22 (रूपये चौदह लाख तीहत्तर हजार एक सौ उनचालीस एवं बाईस पैसे मात्र) दिनांक 31.01.2025 तक साथ हीं दिनांक 01.02.2025 से अतिरिक्त ब्याज एवं अन्य खर्च पूर्ण भुगतान होने तक।<br>ग. 16.07.2025<br>घ. प्रतिकात्मक कब्जा | क. रू. 19,81,000/-<br>ख. रू. 1,98,100/-<br>ग. रू. 10,000/- | दिनांक 23.06.2026 को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक | शून्य |

**नियम एवं शर्तें:**
बिक्री प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावलि 2002 में निर्धारित नियम व शर्तों और निम्नलिखित आगामी शर्तों के अधीन होगी:
1. संपत्तियों को 'जैसा है जहां है के आधार पर' और 'जैसा है जो है के आधार पर' और 'जो कुछ भी है' के आधार पर बेचा जा रहा है।
2. ऊपर दी गई अनुसूची में निर्दिष्ट सुरक्षित संपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार बताया गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस उद्घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत विवरण या चूक के लिए जवाबदेह नहीं होगा।
3. बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेबसाइट https://baanknet.com पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से 23.06.2026 को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक की जाएगी।
बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए कृपया https://baanknet.com और www.pnbindia.in देखें।

श्री विद्यानन्द मिश्रा
प्राधिकृत अधिकारी
पंजाब नेशनल बैंक, सुरक्षित ऋणदाता
मो.– 9051446655

दिनांक– 18.05.2026
स्थान– गया

**विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ्य मान्य होगा**
सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 8 (6) के तहत वैधानिक बिक्री सूचना

MONA GROUP OF INSTITUTIONS
Affiliated by: AKU, BUHS, BNRC, PPU, SBTE (Govt. of Bihar)
Approved by: Education Dept. & Health Dept. (Govt. of Bihar) BCI, AICTE
Head Office:- Sitla Mandir, Agamkuan, Patna - 800007 (Bihar)
ADMISSION OPEN | Courses Offered | 100% | Bihar Student Credit Card Available
Nursing: A.N.M, G.N.M, B.Sc Nursing, P.B B.Sc Nursing, M.Sc Nursing
Polytechnic: Civil Engineering, Electrical Engineering, Mechanical Engineering, Comp. Science Engg.
Law: L.L.B, B.A.L.L.B
Professional: B.B.A., B.C.A.

VARMA GROUP OF INSTITUTIONS
Affiliated by: AKU, BUHS, BNRC | Approved by: Health Dept. (Govt. of Bihar)
Head Office:-Anaith, Ara (Bhojpur)- 802302 (Bihar)
Nursing: A.N.M, G.N.M, B.Sc Nursing, P.B B.Sc Nursing, M.Sc Nursing
7033773120, 9631069156, 9572513608, 9576189079
varmafoundation2018@gmail.com • www.varmafoundation.com

सभी वर्ग की महिलाओं एवं गरीब विद्यार्थियों को विशेष छात्रवृति
AMBEDKAR INSTITUTE OF HIGHER EDUCATION
Approved by: AICTE Ministry of HRD, Govt. of India, N. Delhi
Recognised by Dept. of Health, Govt. of Bihar, Nursing Council & PCI, N.Delhi
Affiliated to Bihar University of Health Sciences, Patna & Aryabhatta Knowledge University, Patna
Admin Campus: Bailey Road, Gola Road More (Opp. Bank of Baroda), Patna-801503
Ph.: 8102916973, 9386806862, 9031018239
PHARMACY
PHARM. D. (Doctor of Pharmacy)
M.PHARM | B.PHARM | D.PHARM
MANAGEMENT
MCA | BCA | BBA | BJMC | PGDM | PGCM
MBA - HR Finance - Administration - Health Care & Hospital Management
NURSING
ANM | GNM | B.Sc. NURSING
POST BASIC B.Sc. NURSING | M.Sc. NURSING
• न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12वीं उत्तीर्ण • न्यूनतम आयु - 17 वर्ष।
Student Credit Card Facility Available
प्रैक्टिकल ट्रेनिंग - संस्थान के विद्यार्थियों हेतु सरकारी एवं प्राईवेट हॉस्पिटल एवं कॉरपोरेट सेक्टर में प्रैक्टिकल प्रशिक्षण सह अनुभव सुविधा उपलब्ध।
TRANSPORT/ HOSTEL FACILITY AVAILABLE
Chhitnawa, Danapur, Patna Website: www.agipatna.in
Contact: 06115-286203, 9031018235

GNIOT GROUP OF INSTITUTIONS
Greater Noida, Delhi-NCR
COURSES OFFERED
B.TECH | M.TECH | MCA | MCA (INTEGRATED) | PGDM | MBA
MBA (BUSINESS ANALYTICS) | MBA (INTEGRATED)
MBA (HEALTH CARE & HOSPITAL MANAGEMENT) | BBA | BCA
B.COM | B.COM (H) | B.SC.(CS) | D.PHARMA | B.PHARMA*
LL.B. | B.A. LL.B. | B.SC. (NURSING) | GNM*
APPLY NOW
www.gniotgroup.edu.in
Toll Free Number
1800-274-6969
Plot No. 7, Knowledge Park II, Greater Noida, UP- 201310

## आज का मौसम

राजधानी सहित प्रदेश के ज्यादातर भागों में गर्म दिन और रात रहने के आसार हैं। नमी युक्त हवा के कारण उमस भरी गर्मी का प्रभाव बना रहेगा। दक्षिण बिहार के कुछ जिलों में गर्म हवा चलने के आसार हैं। उत्तर पूर्व भागों में आंशिक बादल छाए रहने के साथ कुछ स्थानों पर मेघ गर्जन की संभावना है।

| पूर्वानुमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| जहानाबाद | | |
| 18 मई | 41 | 26 |
| 19 मई | 41 | 28 |
| पटना | | |
| 18 मई | 38 | 26 |
| 19 मई | 39 | 27 |
| गया | | |
| 18 मई | 38 | 24 |
| 19 मई | 38 | 23 |

डिग्री सेल्सियस में

## प्रणाम

सोमवार, अधिक ज्येष्ठ शुक्ल द्वितीया, वि.स. 2083

- खादी मेला महोत्सव स्थान- गांधी मैदान समय-10 बजे
- तकनीकि सहायकों की बैठक स्थान-समाहरणालय समय-11 बजे
- श्रद्धांजलि सभा का आयोजन स्थान-राजद जिला कार्यालय समय-11 बजे
- वाहन जांच स्थान-नप क्षेत्र समय-11 बजे

## एक नजर में

### बिहारशरीफ से अरवल सहार तक हो रेल मार्ग का निर्माण

**जहानाबाद** : युवक क्रांति के अध्यक्ष संजय कुमार यादव ने रेल मंत्री को पत्र के माध्यम से बिहारशरीफ, हुलासगंज, घोसी से होते हुए अरवल-सहार रेलखंड के निर्माण की स्वीकृति दिए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह इलाका घनी आबादी वाला है। रेलमार्ग का निर्माण हो जोन से इस क्षेत्र के विकास के लिए जीवनदायिनी साबित होगी। इस परियोजना से यह पूरा क्षेत्र मुख्यधारा और आधुनिक भारत के रेल नेटवर्क से जुड़ सकेगा। नए रेलखंड के निर्माण से मगध और आसपास के जिलों में व्यापार, लघु उद्योगों और स्थानीय बाजारों को अभूतपूर्व गति मिलेगी, जिससे लाखों युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। (जासं)

### पूर्व विधायक के निधन पर श्रद्धांजलि सभा आज

**जहानाबाद** : जहानाबाद के मखदुमपुर व अरवल के कुर्था विधानसभा के विधायक एवं बिहार सरकार के पूर्व मंत्री बागी कुमार वर्मा के निधन पर सोमवार को राजद जिला कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी राजद जिलाध्यक्ष महेश ठाकुर ने दी है। उन्होंने कहा कि श्रद्धांजलि सभा में सांसद, विधायक, पूर्व सांसद, विधायक, विधान पार्षद, प्रदेश, जिला प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, प्रखंड अध्यक्ष, प्रधान महासचिव, पंचायत अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय जनता दल के नीति एवं सिद्धांतों में विश्वास रखने वाले सभी को भाग लेने की अपील की गई है। समारोह 11 बजे से शुरू होगा। समारोह की सफलता को सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

### धरमपुर गांव में करंट से युवक झुलसा, गंभीर

**रतनी फरीदपुर, जहानाबाद**: प्रखंड क्षेत्र के धरमपुर गांव में बिजली करंट से झुलसकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक सुमन कुमार, 22 वर्ष, अपने घर में बिजली का काम कर रहा था, तभी वह करंट की चपेट में आ गया। घटना के तुरंत बाद स्वजन ने उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रतनी में भर्ती कराया। उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे सदर अस्पताल जहानाबाद रेफर किया गया। वहां भी उसकी हालत में सुधार न होने पर उसे पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। इस घटना ने क्षेत्र में बिजली सुरक्षा के प्रति जागरूकता की आवश्यकता को उजागर किया है। स्थानीय प्रशासन को इस मामले में उचित कदम उठाने की आवश्यकता है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।

# आरपीएफ की कार्रवाई में चार माह में 1033 लोग पकड़े गए

**जागरण संवाददाता, जहानाबाद** : पटना-गया रेलखंड पर आरपीएफ ने व्यवस्था सुदृढ़ करने और नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए व्यापक विशेष अभियान चलाया। इस दौरान चार माह में विभिन्न धाराओं में कार्रवाई करते हुए 1033 लोगों को पकड़ा गया तथा करीब तीन लाख 69 हजार 300 सौ रुपया का जुर्माना वसूला गया। यह अभियान आरपीएफ प्रभारी प्रदीप कुमार यादव के नेतृत्व में चलाया गया। अभियान के तहत अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए सबसे अधिक महिला बोगी से 767 पुरुष गिरफ्तार किए गए। इसके अलावा अनधिकृत वेंडिंग के 86 मामले, बिना टिकट यात्रा के 57 मामले, ट्रेसपास के 41 मामले तथा अशांति फैलाने के 43 मामले दर्ज किए गए।

आरपीएफ प्रभारी ने बताया कि यह विशेष अभियान एक जनवरी से 30 अप्रैल तक चलाया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य यात्रियों की सुरक्षा, महिला कोच में व्यवस्था बनाए रखना और रेलवे संपत्ति की रक्षा करना है। उन्होंने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# खरीफ सीजन से पहले जिले के 186 नलकूप खराब, सिंचाई पर संकट

**जागरण संवाददाता, जहानाबाद** : जिले में सिंचाई व्यवस्था बदहाल स्थिति में पहुंच गई है। खरीफ फसल के सीजन से पहले जिले के अधिकांश सरकारी नलकूप खराब पड़े हैं, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। जिले में 308 सरकारी नलकूप स्थापित किए गए थे, लेकिन वर्तमान में इनमें से 186 नलकूप खराब हालत में हैं। यानी आधे से अधिक नलकूप किसानों को पानी उपलब्ध कराने में असमर्थ हैं। ऐसे में समय रहते इन्हें दुरुस्त करना विभाग के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। जिले में एक लाख 24 हजार 750 हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि है। इसमें मात्र 59 हजार हेक्टेयर


खराब नलकूप। सौजन्य ग्रामीण

क्षेत्र में ही नहर व पईन के माध्यम से सिंचाई हो पाती है। शेष इलाके के किसान मोटर पंप, निजी बोरिंग व

**जिले में 308 सरकारी नलकूप स्थापित, वर्तमान में 186 खराब वर्षा नहीं होने पर किसानों को होती है परेशानी**

सरकारी नलकूपों पर निर्भर रहते हैं। कई क्षेत्रों में खेती पूरी तरह मानसून आधारित है।

वर्षा समय पर नहीं होने या कम होने की स्थिति में किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। सरकार द्वारा वर्षों पहले किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से छोटे और बड़े नलकूप लगाए गए थे। शुरुआती दौर में इन नलकूपों से किसानों को काफी लाभ मिला और खेतों की नियमित पटवन होती रही। धीरे-धीरे तकनीकी खराबी, रखरखाव की कमी और समय पर मरम्मत नहीं होने के कारण नलकूप बंद होते चले गए। कई जगह मोटर जली हुई है तो कहीं पाइप और बिजली संबंधी समस्याओं के कारण नलकूप अनुपयोगी बने हुए हैं। किसानों का कहना है कि खरीफ फसल, विशेषकर धान की खेती के लिए पर्याप्त पानी जरूरी होता है। यदि समय पर वर्षा नहीं हुई तो खराब पड़े नलकूपों के कारण सिंचाई संकट और गहरा सकता है। किसानों ने विभाग से जल्द से जल्द सभी खराब नलकूपों की मरम्मत कराने की मांग की है ताकि खेती प्रभावित न हो। किसानों का कहना है कि हर वर्ष नलकूपों की मरम्मत को लेकर आश्वासन दिया जाता है, लेकिन जमीन पर काम बहुत कम दिखाई देता है। कई नलकूप वर्षों से बंद पड़े हैं। इससे किसानों को निजी साधनों से महंगे खर्च पर सिंचाई करनी पड़ रही है। इस बाबत पूछने पर लघु जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि खराब नलकूपों की सूची तैयार कर ली गई है। चरणबद्ध तरीके से उनकी मरम्मत की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी ताकि खरीफ सीजन में किसानों को राहत मिल सके।

# घर में घुसकर भाजपा नेता की चाची की हत्या, चोरों पर शक, बिखरे मिले सामान

## घर में अकेली रहती थीं 75 वर्षीय महिला, पति का हो चुका है निधन, कोई संतान भी नहीं


घटनास्थल पर जुटी भीड़ • जागरण


जांच के लिए पहुंची पुलिस • जागरण

**अपराध**

**जागरण संवाददाता, जहानाबाद** : कल्पा थाना क्षेत्र अंतर्गत कामदेव बिगहा गांव में शनिवार की रात घर में घुसकर भाजपा नेता की चाची की हत्या कर दी गई। 75 वर्षीय महिला रामकुमारी देवी घर में अकेली रहती थीं। पति सिद्धेश्वर सिंह की दो वर्ष पूर्व मृत्यु हो चुकी है। कोई संतान भी नहीं है। दो भतीजे हैं, दोनों भाजपा से जुड़े हैं। भतीजा सत्येंद्र सिंह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य हैं और पूर्व में फतुहा विधानसभा से चुनाव भी लड़ चुके हैं। जितेंद्र सिंह जिलास्तरीय भाजपा कार्यकर्ता हैं। पुलिस की प्रारंभिक जांच में घटना के पीछे चोरों की करतूत सामने आई है। वैसे, पुलिस संपत्ति समेत अन्य विवाद पर भी मामले की तफ्तीश कर रही है। सूचना पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनीष चंद्र चौधरी दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस को घर के अंदर सारा सामान बिखरा मिला, जिससे चोरी की आशंका गहरा गई है। एफएसएल टीम को भी बुलाया गया, टीम ने घटनास्थल से कई साक्ष्य इकट्ठा किए हैं। महिला के भतीजे सत्येंद्र सिंह ने बताया कि चाची रोज सुबह जल्दी उठ जाती थीं। रविवार की सुबह काफी देर तक घर का दरवाजा नहीं खुलने पर संदेह हुआ।

काफी आवाज लगाने और गेट खटखटाने के बावजूद अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। इसके बाद किसी तरह घर के अंदर प्रवेश किया, जहां चाची राम कुमारी देवी का शव मिला। घर का सामान अस्त-व्यस्त था। आशंका है कि चोर छत के रास्ते घर में दाखिल हुए होंगे, तभी चाची की नींद खुल गई और विरोध करने पर बदमाशों ने उनके सिर पर किसी भारी वस्तु से हमला कर दिया, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना को चोरों ने इस तरह अंजाम दिया कि किसी को भनक नहीं लगी। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि प्रथमदृष्टया, मामला चोरी के दौरान हत्या का प्रतीत होता है। लेकिन मामला संदिग्ध है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट व पूरी जांच पड़ताल के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर हत्याकांड की जांच कर रही है।

## घटना की जांच कर दोषियों के विरुद्ध हो शीघ्र कार्रवाई : रविशंकर

**जासं, जहानाबाद**: सदर प्रखंड के कल्पा पंचायत के कामदेव बिगहा निवासी भाजपा नेता सतेंद्र सिंह की चाची राम कुमारी देवी संदिग्ध परिस्थिति में मृत पाई गईं। उनकी मौत की जानकारी मिलते ही ग्रामवासियों में हड़कंप मच गया। भाजपा जिला प्रवक्ता रवि शंकर चौहान व जिला महामंत्री अनिल ठाकुर ने घटना स्थल पर पहुंचकर अधिकारियों और भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को अवगत कराया। जिला प्रवक्ता ने घटना में शामिल लोगों की जांच कर कठोर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि राम कुमारी देवी की स्थिति देखकर प्रतीत होता है कि चोरी के विरोध करने पर चोरों ने इस घटना को अंजाम दिया। उनके कान, नाक की बाली, हाथ में सोने का कड़ा, गले से चैन आदि सामग्री गायब है। भाजपा नेता ने बताया कि वह गांव के अपने पुराने मकान में रहती थीं। रोज की तरह काम करने वाली जब उनके घर गईं, तो उन्होंने उन्हें संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाया। यह घटना गांव के साथ ही शहर में तेजी से फैल गई। पुलिस प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए फॉरेंसिक टीम सहित सभी प्रकार के सैंपल एकत्र कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। जांच की मांग करने वालों में कई सामाजिक कार्यकर्ता और भाजपा नेता शामिल हैं।

## वृद्ध महिला हत्या मामले में कई स्तरों पर जांच में जुटी पुलिस

**जांच-पड़ताल जारी**

- मृतका राजकुमारी देवी का गांव में किसी से कोई नहीं था विवाद
- किसी मुद्दे को लेकर कभी किसी से विवाद की जानकारी नहीं मिली

**जागरण संवाददाता, जहानाबाद**: जिले के कल्पा थाना क्षेत्र अंतर्गत कामदेव बिगहा गांव में वृद्ध महिला की हत्या के मामले में पुलिस गहन जांच-पड़ताल में जुटी है। पुलिस विभिन्न बिंदुओं को आधार बनाकर जांच आगे बढ़ा रही है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनीष चंद चौधरी ने बताया कि मामले की कई स्तरों पर जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में लूटपाट के दौरान हत्या की आशंका सामने आ रही है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है तथा घटना की परिस्थितियों को खंगालने में जुटी है। बताया जाता है कि मृतका रामकुमारी देवी के पति सिद्धेश्वर सिंह और उनके भाई अब इस दुनिया में नहीं हैं। सिद्धेश्वर सिंह का कोई संतान नहीं था। उनके छोटे भाई के तीन पुत्र सत्येंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह और उपेंद्र सिंह हैं। सत्येंद्र सिंह भाजपा नेता हैं जो पटना में रहते हैं, बाकि के दो भाई जितेंद्र व उपेंद्र गांव में ही रहते हैं। ग्रामीणों के अनुसार परिवार के पास लगभग 30 बीघा पैतृक जमीन है, जिसे सिद्धेश्वर सिंह अपने जीवनकाल में ही तीनों भतीजों के बीच बराबर-बराबर बांट चुके थे। ऐसे में अब तक की जांच में जमीन विवाद जैसी कोई बात सामने नहीं आई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मृतका का गांव में किसी से कोई विवाद नहीं था। वह शांत स्वभाव की महिला थीं और जमीन या अन्य किसी मुद्दे को लेकर कभी किसी से विवाद की जानकारी नहीं मिली। ग्रामीणों का मानना है कि चोरी की नीयत से घर में घुसे बदमाशों को वृद्ध महिला ने पहचान लिया होगा, जिसके कारण उनकी हत्या कर दी गई। पुलिस घटनास्थल से जुड़े सभी पहलुओं की बारीकी से जांच कर रही है। आसपास के संदिग्ध लोगों की गतिविधियों पर भी नजर रखी जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही मामले का खुलासा कर लिया जाएगा।

# रंगदारी के दबाव में कोर्ट कर्मी की मौत का आरोप, प्राथमिकी

- मृतक के भाई पंकज कुमार ने कराई प्राथमिकी दर्ज
- नालंदा के पवन कुमार पर 25 लाख रंगदारी मांगने का लगाया आरोप

**जागरण संवाददाता, जहानाबाद**: जहानाबाद व्यवहार न्यायालय में कार्यरत कर्मी प्रभात कुमार की हार्ट अटैक से हुई मौत मामले ने नया मोड़ ले लिया है। मृतक के भाई पंकज कुमार ने सदर थाने में एक व्यक्ति के खिलाफ रंगदारी मांगने व मानसिक दबाव बनाने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। प्राथमिकी में पंकज कुमार ने आरोप लगाया है कि नालंदा इलाके के रहने वाले पवन कुमार द्वारा प्रभात कुमार से लगातार 25 लाख रुपये रंगदारी की मांग की जा रही थी। आरोप है कि रंगदारी नहीं देने पर उन्हें लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। इसी कारण प्रभात कुमार काफी दिनों से तनाव और दबाव में रह रहे थे। उनका कहना है कि लगातार मिल रही धमकियों के कारण उनकी मानसिक स्थिति प्रभावित हो गई थी। भाई के अनुसार शनिवार को भी प्रभात कुमार काफी तनाव में थे। इसी बीच उन्हें अचानक हार्ट अटैक आया, जिसके बाद उनकी मौत हो गई। बताया जाता है कि दिवंगत प्रभात कुमार मूल रूप से नालंदा जिले के सिलाव के निवासी थे। हालांकि, वे पटना में रहते थे और वहां से जहानाबाद कोर्ट में प्रतिदिन आते थे। इधर प्राथमिकी दर्ज होने के बाद सदर थाने की पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि आवेदन में लगाए गए आरोपों की गंभीरता से जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## समाजसेवी की पुण्यतिथि पर किया गया पौधारोपण

**जासं, जहानाबाद**: अखिल विश्व गायत्री परिवार की युवा इकाई प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ द्वारा 259वें रविवासरीय साप्ताहिक पौधरोपण एवं गायत्री महायज्ञ कार्यक्रम का आयोजन अमैन गांव में किया गया। यह कार्यक्रम समाजसेवी स्वर्गीय राधेश्याम शर्मा की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। गायत्री महायज्ञ के माध्यम से सकारात्मक विचार, संस्कार एवं लोकमंगल की भावना को जागृत करने का संदेश दिया गया। वक्ताओं ने बताया कि वृक्ष पर्यावरण को संतुलित करने के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ जीवन देने का माध्यम हैं। एक पेड़, एक जीवन का संकल्प लेते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनकी सुरक्षा करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर रंगेश कुमार, धनंजय कुमार, धर्मेंद्र कुमार, अमित कुमार, मनीष कुमार, विनोद कुमार, नंदकिशोर शुक्ला, गया प्रसाद सिंह आदि उपस्थित थे।

# चलती कार में लगी आग, चालक ने कूदकर बचाई अपनी जान

**संसू, जागरण, काको, जहानाबाद** : जहानाबाद-एकंगरसराय एनएच-33 पर रविवार की दोपहर कड़रुआ पुल के समीप चलती कार में अचानक आग लग गई, जिससे मुख्य मार्ग पर अफरातफरी मच गई। चालक सह मालिक ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत गाड़ी रोक दी और कार से कूदकर अपनी जान बचाई। देखते ही देखते आग ने पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया और कार धू-धूकर जलने लगी। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग तेजी से फैल गई। घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची, जिसके बाद आग पर काबू पाया गया। तब तक कार का अधिकांश हिस्सा जलकर क्षतिग्रस्त हो चुका था। घटना के कारण कुछ देर तक मुख्य मार्ग पर यातायात प्रभावित रहा,


एनएच पर जलती कार।

जिसे बाद में सामान्य कराया गया। कार मालिक सह चालक नालंदा जिले के दीपनगर थाना क्षेत्र के देवधा गांव निवासी अजय कुमार ने बताया कि शार्ट सर्किट के कारण कार में आग लगी थी। मारुति कंपनी की पुरानी कार थी, जिसका नंबर बीआर-06जे-9008 था। घटना को लेकर कार मालिक की ओर से काको थाने में सनहा दर्ज कराया गया है।

# चुनकुपुर में पुलिस टीओपी का उद्घाटन

**संसू, जागरण, मोदनगंज, जहानाबाद**: जिले के घोसी थाना क्षेत्र अंतर्गत चुनकुपुर गांव में रविवार को पुलिस टीओपी का उद्घाटन किया गया। इसका उद्घाटन एसपी अपराजित लोहान एवं स्थानीय विधायक ऋतुराज कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। टीओपी के आरंभ होने से इलाके में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होने के साथ-साथ विधि व्यवस्था के संधारण में सहूलियत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

नई टीओपी में पुलिस पदाधिकारियों और सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। यहां डायल 112 की पुलिस गाड़ी की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी, ताकि आपात स्थिति में लोगों को त्वरित सहायता मिल सके। हालांकि, फिलहाल यहां प्राथमिकी दर्ज करने की व्यवस्था नहीं रहेगी, लेकिन इलाके में शांति व्यवस्था बनाए रखने, गश्ती बढ़ाने तथा अपराध नियंत्रण के लिए आवश्यक इंतजाम किए गए हैं। बताया गया कि चुनकुपुर एवं


टीओपी का उद्घाटन करते एसपी व विधायक • जागरण

आसपास के इलाके की दूरी घोसी थाना से करीब 14 किलोमीटर है। दूरी अधिक होने के कारण किसी घटना की सूचना मिलने पर पुलिस के पहुंचने में समय लगता था। स्थानीय विधायक ऋतुराज कुमार ने कहा कि क्षेत्र की सुरक्षा को देखते हुए इस मांग को गंभीरता से उठाया गया था। उन्होंने बताया कि तत्कालीन गृह मंत्री सम्राट चौधरी से मिलकर इस संबंध में आग्रह किया गया था, जिसके बाद टीओपी खोलने की स्वीकृति मिली। मौके पर घोसी एसडीपीओ, जदयू नेता राजीव नयन उर्फ राजू सिंह सहित कई पुलिस पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे। लोगों ने टीओपी खुलने पर खुशी जताते हुए इसे क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया।

**पूर्वोत्तर रेलवे** ई-नीलामी सूचना

मंडल रेल प्रबंधक (वा.)/पूर्वोत्तर रेलवे/वाराणसी द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के आवंटन के लिये ई-नीलामी (E-AUCTION) किया जाना है जिसका विवरण निम्नवत है:-

आवाहन कैटलाग नं.- BSB CATERING2202

| क्र. सं. | खान स्टाल/ट्राली के आवंटन हेतु | GMU/SMU | अवधि | ई-नीलामी की तिथि | ई-नीलामी का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कुसम्ही (PF No.1) | GMU | 5 वर्ष | 29.05.2026 | 10.00 से 10.30 बजे तक |
| 2. | रेवती (PF No.1) | GMU | 5 वर्ष | 29.05.2026 | 10.00 से 10.40 बजे तक |
| 3. | थावे जं. (PF No.1) | GMU | 5 वर्ष | 29.05.2026 | 10.00 से 10.50 बजे तक |
| 4. | बलिया (PF No.1) | SMU | 5 वर्ष | 29.05.2026 | 10.00 से 11.00 बजे तक |
| 5. | सहतवार (PF No.1) | SMU | 5 वर्ष | 29.05.2026 | 10.00 से 11.10 बजे तक |
| 6. | दुरौंधा (PF No.1) | SMU | 5 वर्ष | 29.05.2026 | 10.00 से 11.20 बजे तक |
| 7. | गाजीपुर सिटी (PF No.1) | SMU | 5 वर्ष | 29.05.2026 | 10.00 से 11.30 बजे तक |
| 8. | सुरेमनपुर (PF No.2) | SMU | 5 वर्ष | 29.05.2026 | 10.00 से 11.40 बजे तक |

आवाहन कैटलाग नं.- BSB MPS22026

| क्र. सं. | मल्टी परपज स्टाल के आवंटन हेतु स्टेशन का विवरण | अवधि | ई-नीलामी की तिथि | ई-नीलामी का समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ज्ञानपुर रोड (PF No.1) | 5 वर्ष | 29.05.2026 | 10.00 से 10.30 बजे तक |
| 2. | खोरासनरोड (PF No.1) | 5 वर्ष | 29.05.2026 | 10.00 से 10.40 बजे तक |
| 3. | भटनी जं. (PF No.2/3) | 5 वर्ष | 29.05.2026 | 10.00 से 10.50 बजे तक |

आवाहन कैटलाग नं.- BSB RCR-BUI-202

| क्र. सं. | रेल कोच रेस्टोरेंट के आवंटन हेतु स्टेशन का विवरण | अवधि | ई-नीलामी की तिथि | ई-नीलामी का समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | बलिया (सरकुलेटिंग एरिया, PF No. 4 की ओर) | 5 वर्ष | 05.06.2026 | 10.00 से 10.30 बजे तक |

• ई-नीलामी (E-AUCTION) IREPS पोर्टल पर आनलाईन होगी। • ई-नीलामी (E-AUCTION) में भाग लेने के लिये इच्छुक व्यक्ति द्वारा IREPS पोर्टल पर रुपया 10,000/- (Non Refundable) आनलाइन जमा कर एक बार पंजीकरण (One Time Registration) कराना आवश्यक है, साथ ही उसके पास SBI (स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया) में करेंट खाता हो, जिसे IREPS पोर्टल से लिंक करना आवश्यक होगा। EMD, कान्ट्रैक्ट की वार्षिक कीमत का 10 प्रतिशत होगी जिसका भुगतान आनलाइन उसी खाते से होगी। • ई-नीलामी (E-AUCTION) से सभी संबंधित नियम एवं शर्तें की संपूर्ण जानकारी IREPS पोर्टल www.ireps.gov.in के AUCTION LEASING SECTION में उपलब्ध है।

मुजाधि/वाणिज्य-41 सहायक वाणिज्य प्रबंधक, वाराणसी

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापित यात्रा न करें।

**Latest Jobs** JAGRAN Josh www.jagranjosh.com

**CBSE : CTET नोटिफिकेशन जारी**

- **अंतिम तिथि:** 10 जून, 2026
- **शैक्षणिक योग्यता:** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से अधिसूचना में वर्णित वांछित एवं अन्य समकक्ष योग्यता
- **वेबसाइट/आवेदन:** ctet.nic.in

**UPSSSC: 722 आबकारी सिपाही पद**

- **अंतिम तिथि:** 24 जून, 2026
- **शैक्षणिक योग्यता:** किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/संस्थान से इंटरमीडिएट एवं अन्य समकक्ष योग्यता
- **वेबसाइट/आवेदन:** upsssc.gov.in

**RRB : 11127 असिस्टेंट लोको पायलट पद**

- **अंतिम तिथि:** 14 जून, 2026
- **शैक्षणिक योग्यता:** किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/संस्थान से अधिसूचना में वर्णित वांछित एवं अन्य समकक्ष योग्यता
- **वेबसाइट/आवेदन:** rrbapply.gov.in

**OPSC : 78 सिविल जज पद**

- **अंतिम तिथि:** 08 जून, 2026
- **शैक्षणिक योग्यता:** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से लॉ में ग्रेजुएट एवं अन्य समकक्ष योग्यता
- **वेबसाइट/आवेदन:** opsc.gov.in

**करेंट अफेयर्स संक्षेप में**

- ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की बैठक की अध्यक्षता कौन सा देश कर रहा है - **भारत**
- वी. डी. सतीशन को किस राज्य का नया मुख्यमंत्री नियुक्त किया गया है - **केरल**
- हाल ही में 'मिजोरम अदरक मिशन' की शुरूआत किस केन्द्रीय मंत्री द्वारा किया गया - **ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया**
- देशभर में निवेशक जागरूकता अभियान को बढ़ावा देने के लिए आईईपीएफए ने किसके साथ समझौता किया - **प्रसार भारती**
- आईएमडी द्वारा लॉन्च किए गए नए वेदर फोरकास्ट प्रोडक्ट मुख्य रूप से किन क्षेत्रों के लिए तैयार किए गए हैं - **वर्षा-निर्भर कृषि क्षेत्र**

अधिक जानकारी के लिए विजिट करें www.jagranjosh.com या डाउनलोड करें Jagran Josh Sarkari Naukri App

## एक नजर में

### वारंटी को किया गिरफ्तार

करपी, अरवल : पुलिस ने ओरानी गांव में छापेमारी कर नागवत बिंद को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ न्यायालय से गैर जमानती वारंट निर्गत था। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए काफी समय से प्रयासरत थी। गुप्त सूचना के आधार पर उसे उसके घर से गिरफ्तार किया गया और जेल भेज दिया गया। यह कार्रवाई पुलिस की सक्रियता को दर्शाती है, जो अपराधियों के खिलाफ सख्त कदम उठा रही है।

### अवैध बालू लदे ट्रैक्टर जब्त

अरवल : जिले के परासी थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सोन नदी से अवैध बालू लेकर जा रहे ट्रैक्टर को जब्त किया है। पुलिस को देखते ही ड्राइवर भागने में सफल हो गया। ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया गया और ट्रैक्टर के मालिक और चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराई गई है। (जासं)

# दो चरणों में पूरी होगी बिहटा-औरंगाबाद रेल परियोजना, खर्च होगें 3606.42 करोड़

## तीन जिला मिलाकर इस परियोजना में 6500 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा

जागरण संवाददाता अरवल: बिहटा से औरंगाबाद रेल लाइन परियोजना का काम दो चरणों में पूरा किया जाएगा। पहला चरण, अनुग्रह नारायण रोड से औरंगाबाद 13 किलोमीटर के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू है। दूसरा चरण, बिहटा से औरंगाबाद 117.6 किलोमीटर में पूरा किया जाएगा। जून से रेलवे लाइन के लिए जमीन अधिग्रहण का कार्य शुरू होने की उम्मीद है। पटना, अरवल व औरंगाबाद तीनों जिला मिलाकर इस परियोजना में 6500 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा। रेल लाइन

### 14 स्टेशन प्रस्तावित

परियोजना में 14 स्टेशन प्रस्तावित है जिसमें बिहटा, बिक्रम, दुल्हिन बाजार, पालीगंज, बारा, अरवल, खभैनी, मेहंदिया, कलेर, शमशेर नगर, दाउदनगर, ओबरा, भरथौली व अनुग्रह नारायण रोड है। इसके अलावे हाल्ट भी बनाए जाएंगे।

**चार लोकसभा क्षेत्रों के लोगों को होगा फायदा:** प्रस्तावित रेल लाइन परियोजना से चार लोकसभा क्षेत्र औरंगाबाद, काराकाट, जहानाबाद व पटना के लोगों को फायदा होगा। पटना व औरंगाबाद का सफर आसान होगा और समय की भी बचत होगी। औरंगाबाद से पटना का सफर महज डेढ़ से दो घंटे में तय हो सकेगा। अभी सड़क मार्ग से आने जाने में चार से पांच घंटा लगता है। 2001 में जहानाबाद से अलग होकर अरवल जिला बना था, 25 वर्षों के सफर के बाद भी यह जिला अबतक रेल मार्ग से नहीं जुड़ सका है।

वर्ष 2007 में तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव ने बिहटा से अरवल होते हुए औरंगाबाद तक रेल लाइन परियोजना का शिलान्यास किया था। इस परियोजना के निर्माण के लिए अरवल निवासी समाजसेवी मनोज सिंह यादव के नेतृत्व में कई वर्ष तक आंदोलन किया गया। इसके बाद 30 सितंबर 2025 को 3606.42 करोड़ रुपया की लागत से इस योजना की पूर्ण स्वीकृति का प्रेस नोट रेलवे के जीएम हाजीपुर के द्वारा जारी किया गया। जमीन अधिग्रहण के लिए रेलवे के जीएम ने बिहार सरकार को पत्र भेजा था, जिसके बाद अरवल में तत्कालीन डीएम अभिलाषा शर्मा के द्वारा छह दिसंबर 2025 को भू-अर्जन पदाधिकारी को भूमि अधिग्रहण के लिए सक्षम प्राधिकार नियुक्त किया गया था।

## जिले में एलपीजी की उपलब्धता सामान्य

जागरण संवाददाता, अरवल : जिले में एलपीजी गैस की उपलब्धता सामान्य है। 17 मई को जिले में 4119 एलपीजी उपलब्ध हैं। जिससे आमजन को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो रही है।

जिले के 14 गैस एजेंसियों के पास पर्याप्त मात्रा में गैस सिलिंडर उपलब्ध हैं।साथ ही अरवल जिले के पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल एवं डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है। जिला प्रशासन द्वारा एलपीजी गैस की कालाबाजारी पर रोक लगाने हेतु नियमित रूप से निरीक्षण एवं छापेमारी की कार्रवाई की जा रही है ताकि आपूर्ति व्यवस्था सुचारू बनी रहे और आम उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# अरवल की महिला की दहेज के लिए ससुराल में हत्या, जांच जारी

संवाद सूत्र, जागरण हसपुरा (औरंगाबाद) : हसपुरा थाना क्षेत्र के मौआरी गांव में दहेज के लिए ससुराल वालों ने विवाहिता कंचन कुमारी की हत्या कर दी। कंचन की शादी 12 मई 2019 को हुई थी। इस मामले में कंचन के पिता अरवल के भदासी गांव निवासी राजेश राजवंशी ने हसपुरा थाने में प्राथमिकी कराई है। अपने बयान में कहा है कि मेरी बेटी की हत्या दहेज के विवाद में की गई है। हत्या के बाद कंचन के ससुराल वाले उसपर आत्महत्या करने की बात कह रहे हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि मौआरी गांव निवासी विजेंद्र राजवंशी के पुत्र आकाश राजवंशी से मैंने अपनी पुत्री की शादी की थी। उधर ग्रामीणों एवं कंचन के स्वजन का कहना है कि शनिवार को वट सावित्री पूजा में साड़ी खरीदने को लेकर विवाद हुआ। विवाद के बाद पति आक्रोशित होकर बाहर चले गए और इधर पत्नी ने फांसी लगा ली। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि सूचना पर घटनास्थल पर पहुंच मामले की जांच हुई है। पारिवारिक कलह की बात सामने आ रही है। विवाहिता की हत्या हुई है या आत्महत्या की है, यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर पता चलेगा। पुलिस मामले में प्राथमिकी करने के बाद जांच कर रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि विवाहिता के पिता के बयान पर जो प्राथमिकी हुई है उसमें गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया गया है। मामले में कंचन के पति आकाश कुमार, ससुर विजेंद्र राजवंशी, सास मालती देवी, ननद दौलती कुमारी नामजद आरोपित बने हैं। सभी घर छोड़ फरार हो गए हैं। पुलिस गिरफ्तारी को छापेमारी कर रही है।

# थाना आम लोगों के लिए भरोसे का केंद्र बनना चाहिए : आइजी

### बोले आइजी

- मगध रेंज के आइजी ने एसपी एसडीपीओ, डीएसपी, इंस्पेक्टर के साथ की बैठक
- पुलिस की कार्यशैली ऐसी होनी चाहिए कि अपराधियों में भय और आम लोगों में भरोसा पैदा हो

जासं, अरवल : मगध प्रक्षेत्र के नए आइजी विकास वैभव ने रविवार को अरवल में एसपी व पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक कर विधि-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण तथा पुलिस कार्यशैली की समीक्षा की। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आम जनता के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी बनाया जाए। साथ ही थाना स्तर पर लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन, गश्ती व्यवस्था को मजबूत करने तथा अपराधियों पर सख्त कार्रवाई करने पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने यह भी कहा कि अगर कोई व्यक्ति किसी केस में नेता या पुलिस अधिकारियों का नाम लेकर अनुसंधान को प्रभावित करने की कोशिश करता है तो उसके खिलाफ भी विधि सम्मत कार्रवाई करने से परहेज नहीं करें।



पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक करते आइजी विकास वैभव • जागरण

थाना आम लोगों के लिए भरोसे का केंद्र बनना चाहिए। फरियादियों की शिकायतों का त्वरित निष्पादन हो। पुलिस का व्यवहार जवाबदेह, पारदर्शी और संवेदनशील रहे। उन्होंने कहा कि पुलिस की कार्यशैली ऐसी होनी चाहिए कि अपराधियों में भय और आम लोगों में भरोसा पैदा हो। आइजी ने कहा कि गंभीर मामलों में लापरवाही करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई तय मानी जाएगी। इससे पूर्व सर्किट हाउस में एसपी डा.नवजोत सिमी ने उन्हें पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। पुलिसकर्मियों ने गार्ड आफ आनर दिया। बैठक में एसपी, एसडीपीओ, मुख्यालय डीएसपी, पुलिस इंस्पेक्टर, थानाध्यक्ष मौजूद हुए। आइजी ने सभी से एक-एक कर क्षेत्र की स्थिति, जिम्मेदारी और चुनौतियों पर चर्चा की। सभी थानाध्यक्षों से बारी-बारी परिचय प्राप्त किया। बैठक के बाद पुलिस महकमे में हलचल तेज हो गई है। साफ संकेत है कि अब मगध रेंज में अपराधियों के खिलाफ बड़ा अभियान चलेगा और सुस्त पुलिसिंग पर सख्त कार्रवाई होगी।

## सरल स्वभाव और उच्च विचार के धनी व्यक्ति थी शांति

जासं, जहानाबाद: जिले के काको प्रखंड के रसगुल्ला निवासी समाजसेवी कमलेश यादव की धर्मपत्नी शांति देवी के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुरुचरण यादव ने की, जबकि संचालन राजद नेता भूटू गोप ने किया। इस अवसर पर सांसद डा. सुरेंद्र प्रसाद यादव, जहानाबाद के पूर्व विधायक डा. मुनीलाल यादव सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने शांति देवी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विचार व्यक्त किए। सभी ने कहा कि शांति देवी सरल स्वभाव और उच्च विचारों की धनी थीं। उनके निधन से परिवार को अपूरणीय क्षति हुई है। उपस्थित लोगों ने अंधविश्वास और पाखंड से मुक्त होकर बाबासाहेब के तीन मूल मंत्रों को आत्मसात करने की अपील की। अंत में ईश्वर से प्रार्थना की गई कि शांति देवी की आत्मा को शांति मिले और परिवार को सहनशक्ति मिले। इस सभा में डा. अरविंद चौधरी, परमहंस राय, विनोद यादव, डा.शशी रंजन पप्पू, धर्मपाल सिंह यादव, सुधीर चौधरी एवं अजीत मिस्त्री समेत सैकड़ों लोग शामिल हुए।


PR- 003192 (C S D) 2026-27

बिहार सरकार
मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग
उर्दू निदेशालय
اردو ڈائرکٹوریٹ
قاضی عبدالودود یادگاری تقریب و بزم سخن
काज़ी अब्दुल वदूद स्मृति समारोह व बज़्म-ए-सुखन

उर्दू निदेशालय, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के तत्वावधान में उर्दू के विख्यात शोधकर्ता **काज़ी अब्दुल वदूद** के साहित्यिक अवदानों के मद्देनज़र दिनांक **19 मई, 2026 (मंगलवार) पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 2:00 बजे तक** ऑडिटोरियम, फणीश्वरनाथ रेणु हिन्दी भवन, निकट-आकाशवाणी, छज्जुबाग, पटना में **स्मृति समारोह** एवं **बज़्म-ए-सुख़न** का आयोजन किया जायेगा।

आप उक्त कार्यक्रम में सादर आमंत्रित हैं।

एस० एम० परवेज़ आलम, अपर सचिव-सह-निदेशक
अरविन्द कुमार चौधरी, अपर मुख्य सचिव


## नाबालिग बालिका समस्तीपुर से बरामद, आरोपित को किया गया गिरफ्तार

संवाद सहयोगी, जागरण, कुर्था अरवल: शादी के नियत से अपहृत एक नाबालिग को कुर्था पुलिस ने समस्तीपुर जिला के खानपुर थाना क्षेत्र के अमसौर गांव से बरामद किया। पुलिस ने इसके साथ आरोपित युवक को भी गिरफ्तार किया है। इस मामले में नाबालिग के पिता ने अमसौर गांव के जयराम साहनी पर अपनी पुत्री के अपहरण का आरोप लगाया था। प्राथमिकी के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नाबालिग को अमसौर गांव से बरामद किया और आरोपित को गिरफ्तार कर कुर्था थाना ले आई। पुलिस नाबालिग का बयान सोमवार को न्यायालय में दर्ज कराएगी। छापेमारी में कुर्था थाना के एसआइ संजय कुमार और महिला सशस्त्र बल शामिल थे।

# हेरोइन तस्करी में अरवल के छह समेत 10 नामजद आरोपित

जागरण संवाददाता, आरा: भोजपुर जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र अंतर्गत कुल्हड़िया टोल प्लाजा के समीप 450 ग्राम हेरोइन के साथ कार सवार तीन तस्करों की गिरफ्तारी और पूछताछ में बड़े नेटवर्क के पर्दाफाश के संकेत मिले हैं। इस मामले में दारोगा योगेंद्र प्रसाद के बयान पर दर्ज प्राथमिकी में मादक पदार्थ के संगठित गिरोह से जुड़े 10 लोगों को नामजद आरोपित बनाया गया है। प्राथमिकी में अरवल जिले के सिपहा वार्ड संख्या-आठ निवासी बिट्टू कुमार उर्फ सूरज, अरवल के मलहीपट्टी वार्ड-15 निवासी आविद आलम, औरंगाबाद जिले के गोह निवासी चंदन कुमार उर्फ आशिक, अरवल जिले के शाही मोहल्ला निवासी कार मालिक मो. मोहिउद्दीन, भोजपुर के शाहपुर थाने के सुहिया निवासी सोनू साह व रंजन जायसवाल, नवादा थाने के पूर्वी टोला अनाईठ निवासी राजू चौधरी, अरवल के महटोली निवासी सोनू सहनी, जनकपुर



जब्त मादक पदार्थ व मोबाइल : स्रोत पुलिस

थाना के अरवल गांव निवासी मुन्ना यादव तथा जलपुरा निवासी चुन्नू यादव को आरोपित बनाया गया है।

जिला पुलिस और पटना एसटीएफ की टीम ने जिन तीन लोगों की गिरफ्तारी की है उसमें अरवल के मलहीपट्टी निवासी आविद आलम, सिपहा वार्ड-8 निवासी बिट्टू उर्फ सूरज तथा औरंगाबाद के गोह निवासी चंदन कुमार उर्फ आशिक हैं। पुलिस ने इनके पास से करीब 450.91 ग्राम हेरोइन, तीन मोबाइल तथा एक कार जब्त की है। पटना एसटीएफ के अनुसार गिरफ्तार तस्कर बिट्टू उर्फ सूरज का लंबा आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ लूट, हत्या के प्रयास और एनडीपीएस एक्ट समेत अन्य मामलों में करीब 10 कांड दर्ज हैं। पूछताछ के दौरान बिट्टू कुमार उर्फ सूरज ने पुलिस को बताया कि बरामद हेरोइन भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के सुहिया गांव निवासी सोनू कुमार साह और रंजन जायसवाल से खरीदा था। इसके अलावा नवादा थाना क्षेत्र के पूर्वी टोला निवासी राजू चौधरी से भी पहले मादक पदार्थ की खरीदारी की जा चुकी है। आरोपितों ने यह भी स्वीकार किया कि वे अरवल जिले के सोनू सहनी, मुन्ना यादव और चुन्नू यादव को मादक पदार्थ की आपूर्ति करते हैं। बिट्टू कुमार उर्फ सूरज पहले भी मादक पदार्थ से जुड़े मामलों में जेल जा चुका है। मामले में एक कार के इस्तेमाल की बात भी सामने आई है। पुलिस के अनुसार कार का मालिक अरवल जिले के शाही मोहल्ला निवासी मो. मोहिउद्दीन है।


बिहार सरकार
बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लि०
Bihar Urban Infrastructure Development Corporation Ltd.
(बिहार सरकार का उपक्रम)
पाटलीपुत्रा अंचल में ट्रैफिक में बदलाव हेतु विज्ञापन

बुडको अन्तर्गत आगामी मॉनसून 2026 के पूर्व दीघा एवं कंकड़बाग सिवरेज परियोजना के पाटलीपुत्र अंचल में दिनांक–18.05.2026 से दिनांक–30.05.2026 तक ट्रैफिक में बदलाव निम्न प्रकार है:–

1. बियाडा गेट (नजदीक राजीवनगर अंडर पास) से सामान्य वाहनों का परिचालन उक्त तिथि तक रोक रहेगी। जिसका Diversion फलस्वरूप समान्य वाहनों का परिचालन उक्त तिथि तक बियाडा रोड़ होते हुए अटल पथ तक रहेगी।
2. ए०एन० कॉलेज से राजीव नगर अण्डर पास तक अटल पथ का Service Lane में सामान्य वाहनों का परिचालन उक्त तिथि तक रोक रहेगी।

परियोजना निदेशक,
दीघा-कंकड़बाग सीवरेज परियोजना, बुडको, पटना

PR. No. 003464 (B & C) 2026-27
नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।



क्लासीफाइड

**आवश्यकता**

गुजरात स्थित स्टील प्लांट हेतु मेहनती हेल्पर/लेबर की आवश्यकता है
कामः लोडिंग, अनलोडिंग और पैकिंग
उम्र : 20-45 वर्ष
रहने-खाने की सुविधा कंपनी की ओर से फ्री रहेगे।
सैलरी 19000/-
Venus Pipes and Tubes Limited
Dhaneti, Bhuj-Bhachau Road, Bhuj Kutch, Gujrat
Jasraj Chaudhary Mob.: 6357000710
Nitin Patel Mob.: 6358884223

बहुराष्ट्रीय कंपनी को बिहार में लड़को/लड़कियों की आवश्यकता अच्छी आय एवं प्रशिक्षण सम्पर्क कॉल/ व्हाट्सएप 9039890418, 9109793667

**व्यापार**

भारत के सबसे बड़े राइड-बुकिंग प्लेटफॉर्म रैपिडो से जुड़ें। ऑटो या ई-रिक्शा चलाकर प्रतिदिन 700 तक गारंटीड कमाई बिना कमीशन और 2000 तक जॉइनिंग बोनस पाएं। कॉल करें- 8929449955

**सूचना**

मैं,जो पहले के.एम. गीता, संतोष कुमार प्रसाद की पत्नी, निवासी वीपीओ बेलाव, बिहार के नाम से जानी जाती थी, ने हलफनामा संख्या 7650/28.4.26 के माध्यम से अपना नाम बदल लिया है और अब से गीता देवी के नाम से जानी जाऊंगी। यह प्रमाणित किया जाता है कि मैंने इस संबंध में नाम और कानूनी अवश्यकताओं का अनुपालन किया है।

**खोया-पाया**

अवनी, पिता श्री संजय कुमार, ग्राम नरसंडा, वार्ड सं0 26 पो0 + थाना – कॉटी पिन 843109 मुजफ्फरपुर का नई दिल्ली से पटना आने के क्रम में बैग चोरी हो गया जिसमें मैट्रीक, इंटरमीडिएट एवं BDS का मार्कशीट, सर्टिफिकेट एवं अन्य कागजात मूल रूप से था। इस संबंध में रेल थाना पटना जंक्शन में SDE No.1123/26/14-05-2026 द्वारा सनहा दर्ज है।

**नाम परिवर्तन**

I, Shibaji Choudhari S/o Rajgrihi Chaudhary R/o Khakhadahi, Chunni, Buxar, Bihar-802114 have changed the name of my minor daughter Siwani Chaudhry, aged 10 years & she shall hereafter be known as Payal Choudhary.

I hitherto known as Rudal Singh S/o Arvind Singh, R/o Bahuara, Hethua, Buxar, Bihar-802122, have changed my name and shall hereafter be known as Punit Kumar.

**पोल्ट्री**

सण्डे हो या मण्डे रोज़ खाओ अण्डे
NECC / BPFA Suggested Rates of Egg/Broiler For Farmers & Consumers

| आज का भाव 18.05.2026 जिला | पोल्ट्री फार्म रेट प्रति अंडा (₹) | ब्रॉयलर प्र. कि. (₹) | [illegible] (₹) प्र.कि. |
|---|---|---|---|
| [illegible] | 5.95 | 107 | 185 |
| [illegible] | 5.90 | 106 | 185 |
| [illegible] | 5.90 | 107 | 185 |
| [illegible] | 5.80 | 108 | 190 |
| [illegible] | 5.80 | 109 | 190 |
| [illegible] | 5.95 | 107 | 185 |

उपभोक्ता अण्डा आम रेट प्रति दर्जन ₹ 90


# जिले में चल रहा सबमर्सिबल बोरिंग का ट्रेंड जिला प्रशासन का नियंत्रण नहीं

### चिंताजनक

हर इलाके में पेयजल के लिए 300 से 500 फीट तक बोरिंग की जा रही, पाताल में पहुंच रहा भूजल स्तर, जलसंकट की स्थिति गहराती जा रही

जागरण संवाददाता, अरवल: शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में सबमर्सिबल के अंधाधुंध प्रयोग के कारण जिले का भूजल स्तर पाताल में जा रहा है। ऐसे में जल संकट की स्थिति गहराती जा रही है। सबमर्सिबल लगाने के लिए नगर परिषद से एनओसी लेने के प्रविधान को कड़ाई से लागू नहीं किया जा रहा। नगर परिषद से बिना एनओसी लिए हर साल सैकड़ों की संख्या में सबमर्सिबल लगाए जा रहे हैं, जिस पर ना तो शहर में नगर प्रशासन का नियंत्रण है और ना ही जिला प्रशासन इसको लेकर कोई कारगर कदम उठा रहा है। इससे शहरी क्षेत्र सहित जिले भर में जल के हो रहे दोहन से भूजल स्तर का ग्राफ गिर रहा है, जो जिले में जल संकट की स्थिति को पैदा कर रहा है। लोग मनमाने तरीके से अपनी जरूरत के मुताबिक बोरिंग कराकर रहे हैं।

**शहर में बिना एनओसी के लगाए जा रहे सबमर्सिबल:** शहर की आबादी 50 हजार के पार है। नगर परिषद में न तो सबमर्सिबल लगाने के लिए आवेदन किए जाते हैं और ना ही इसकी स्वीकृति दिए जाने का प्रविधान लागू किया गया है। जबकि यहां के हर इलाकों में पेयजल के लिए 300 से 500 फीट तक बोरिंग की जा रही है। जिससे यहां का भूजल स्तर पाताल में पहुंच रहा है।

**क्या कहते हैं पदाधिकारी** : शहरी क्षेत्र में निजी तौर पर सबमर्सिबल लगाने के लिए नगर परिषद से स्वीकृति लेने का प्रविधान है, जिसका पालन नहीं किए जाने पर अभियान चला कर इसकी जांच करने के साथ ही संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जिससे शहर का भूजल स्तर को नियंत्रित किया जा सके। मोनू कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी, नप, अरवल


Classifieds
दैनिक जागरण
YOU CAN BOOK CLASSIFIED ADVT. OVER PHONE in Patna
For More Details Contact
Ghanshyam Singh
9470645100
0612-2277071


## परासी पंचायत में परिसीमन करने का आयोग ने दिया निर्देश

पंसू जागरण, परासी अरवल: सदर प्रखंड के परासी पंचायत के परिसीमन करने के लिए डीएम से मिलकर सैकड़ों ग्रामीणों ने आवेदन सौंपा था। ग्रामीणों की मांग थी कि परासी ग्राम पंचायत में 13 वार्ड हैं जिसमें वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार परासी पंचायत की जनसंख्या 10 हजार 969 है। पंचायत के वार्ड नंबर 1, 5, 6, 7, 12 व 13 में मतदाता की संख्या 500 से अधिक है। बिहार राज्य निर्वाचन आयोग के नियमावली के अनुसार 10 हजार की जनसंख्या पर एक पंचायत बनाना है तथा 500 की जनसंख्या पर एक वार्ड बनाना है जबकि पंचायत में 10 हजार से अधिक जनसंख्या है तथा वार्डों में 500 से अधिक मतदाता हैं। परिसीमन करना बहुत जरूरी है। डीएम के दिए आवेदन में पंचायतवासियों ने अनुमान जताया था कि इस वर्ष होने वाले पंचायत चुनाव में पंचायत की जनसंख्या करीब 17 हजार से अधिक है इसका कारण है कि सभी वार्डों में मतदाता की बढ़ोतरी हुई है। पंचायत में परिसीमन होने से वार्डों की संख्या बढ़ेगी जिससे पंचायत में फंड अधिक मिलेगा और विकास अधिक होगा। जिस पर जिलाधिकारी ने संज्ञान लेते हुए जिला पंचायत राज पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया था।


बिहार सरकार
अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस 2026
INTERNATIONAL DAY FOR BIODIVERSITY 2026
Acting locally for global impact

चित्रकारी एवं फोटोग्राफी प्रतियोगिता

प्रतियोगिता में सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालय शामिल हो सकते हैं।

अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस 2026 के अवसर पर दिनांक 18.05.2026 को बिहार स्थित विद्यालयों के छात्र/छात्राओं में जैव विविधता संरक्षण के प्रति जागरूकता हेतु प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।

दिनांक: 18.05.2026 | स्थान: Patna Zoo Campus | प्रवेश: Gate No. 02

**1. चित्रकारी प्रतियोगिता** (Drawing/Painting Competition) समय–90 मिनट (7.00 से 8.30 प्रात:)

| क्र. सं. | श्रेणी | कक्षा | विषय (Theme) | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| (i) | Group-A | 1-4 Classes | Acting locally for global impact | 60 |
| (ii) | Group-B | 5-8 Classes | वैश्विक प्रभाव के लिए स्थानीय प्रयास | 60 |
| (iii) | Group-C | 9-12 Classes | टीम पर आधारित प्रत्येक समूह के लिए अलग-अलग टापिक प्रतियोगिता स्थल पर ही बताया जाएगा। | 90 |

**2. फोटोग्राफी प्रतियोगिता** (Photography Competition) समय - मिनट (7.00 से 10.00 प्रात:)

| क्र. सं. | श्रेणी | कक्षा | विषय एवं आवश्यक |
|---|---|---|---|
| (i) | Group-A | 1-4 Classes | फोटो प्रतियोगिता के लिए Patna Zoo के अंदर ही जंतु/पौधे/पक्षी/कीट से से किसी एक का फोटो लेकर soft copy ई-मेल idb2026.bsbb@gmail.com पर जमा करना होगा। |
| (ii) | Group-B | 5-8 Classes | |
| (iii) | Group-C | 9-12 Classes | |

प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय तथा दो सांत्वना पुरस्कार दिनांक 22.05.2026 को मुख्य समारोह में वितरित किये जायेंगे

विशेष जानकारी के लिए संपर्क करें – 0612-2952412, 9531825803, 6202710032
Email: idb2026.bsbb@gmail.com

संयोजक:
बिहार राज्य जैव विविधता
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार सरकार
चतुर्थ तल, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, बेली रोड, पटना-800023

जैव विविधता हमारी धरोहर, संरक्षण हमारा कर्तव्य

PR. NO. 003467 (B & C)D. 2026-27

# जहानाबाद की महिला की हत्या में ससुर धराया, शव की तलाश

संवाद सहयोगी, जागरण. मसौढ़ी: थाना के जिलालबीगहा में बीते शनिवार को दहेज के लिए ससुरालवालों द्वारा 21 वर्षीया विवाहिता माधुरी देवी की हत्या कर शव को गायब करने के मामले में मृतका के पिता विमलेश कुमार ने रविवार को नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। आरोपितों में मृतका के पति सूरज कुमार उर्फ गुड्डू कुमार, ससुर सीताराम प्रसाद, सास रिंकू देवी, ननद कंचन कुमारी और मामा ससुर अशोक यादव शामिल हैं। पुलिस ने सीताराम प्रसाद को रविवार को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य आरोपित फरार बताए जा रहे हैं।

प्राथमिकी के अनुसार, विमलेश कुमार ने अपनी पुत्री की शादी सूरज कुमार उर्फ गुड्डू के साथ हिंदू रीति-रिवाज से 11 मार्च, 2024 को की थी। शादी में उन्होंने कुल पंद्रह लाख रुपए खर्च किए थे। शादी के बाद माधुरी दस से बारह दिन ससुराल जहानाबाद में रहकर मायके गई थी। लगभग चार माह बाद जब वह फिर ससुराल गई, तो आरोप है कि सभी आरोपितों ने मसौढ़ी में जमीन खरीदने के लिए उसके पिता से पांच लाख रुपए मांगने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। माधुरी ने पिता की आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए पैसे लाने से मना किया, जिसके बाद उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। जब विमलेश कुमार को इस बात की जानकारी मिली तो उन्होंने माधुरी के ससुराल जाकर अपनी मजबूरी बताई। इस दौरान पंचायत भी हुई, लेकिन ससुरालवालों ने माधुरी को प्रताड़ित करना जारी रखा। आरोप है कि बीते शुक्रवार की सुबह माधुरी ने अपने पिता को फोन पर जानकारी दी। शनिवार की सुबह जब विमलेश ने ससुरालवालों को फोन किया, तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। आशंकित होकर जब विमलेश स्वजन के साथ माधुरी के ससुराल पहुंचे, तो घर में ताला लटका था और सभी आरोपित फरार थे। आरोप है कि आरोपितों ने पांच लाख रुपए की खातिर माधुरी की हत्या कर शव को गायब कर दिया।

इस मामले में पुलिस ने माधुरी के ससुर सीताराम प्रसाद को गिरफ्तार कर लिया है। माधुरी की मौत के बाद उसके ससुरालवालों ने उसे स्थानीय एक निजी नर्सिंग होम ले गए थे, लेकिन चिकित्सक ने उसे पटना ले जाने की सलाह दी थी। इस बीच, ससुरालवाले शव को लेकर फरार हो गए। जब मृतका के पिता और अन्य लोग जिलालबीगहा पहुंचे, तो घर में ताला बंद था और सभी फरार थे। इसके बाद उन्होंने थाना पहुंचकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस शव की बरामदगी और आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए देर रात तक छापेमारी करती रही, लेकिन शव पुलिस के हाथ नहीं लगा।

# अनियंत्रित पिकअप ने खड़े ट्रक में मारी टक्कर, एक की मौत

## मछली का जीरा ले बंगाल से औरंगाबाद जा रही थी पिकअप वैन

**रफ्तार का कहर**

पंचायत सूत्र, जागरण● जयगीर (बाराचट्टी) : बाराचट्टी थाना क्षेत्र के जीटी रोड स्थित 71 माइल के समीप सोनू टायर दुकान के पास रविवार की अल सुबह हुए सड़क हादसे में पिकअप वैन सवार चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा उस समय हुआ जब तेज रफ्तार पिकअप वैन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप वैन का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल स्थानीय कैंप के जवानों एवं पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही जवान मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। घायलों को एंबुलेंस से नजदीकी निजी क्लिनिक में भर्ती कराया गया, जहां उनकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है। सूत्रों के अनुसार पिकअप वैन में मछली का जीरा लदा था, जिसे पश्चिम बंगाल से औरंगाबाद ले जाया जा रहा था। बताया जाता है कि वाहन तेज गति में था। इसी दौरान चालक ने नियंत्रण खो दिया और ट्रक में जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में पिकअप पर सवार बिपलक शाहा (40 वर्ष) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बाराचट्टी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात सामान्य कराया।

## हाइवा ने बाइक में मारी टक्कर, महिला घायल



बाइक सवार को टक्कर मारने के बाद हाइवा को रुकवाते स्थानीय लोग. ● जागरण

संवाद सूत्र, जागरण। बोधगया: बोधगया थाना क्षेत्र के बकरौर में रविवार दोपहर एक तेज रफ्तार हाइवा ने बाइक सवार दो लोगों को टक्कर मार दी। इस घटना में बाइक पर पीछे बैठी महिला सड़क पर गिर गई और हाइवा उसके दोनों पैरों पर चढ़ गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हाइवा बालू लेकर बालू घाट की ओर जा रहा था। इसी दौरान, मुख्य मार्ग पर अनियंत्रित होकर उसने बाइक में टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों ने तुरंत हाइवा को रुकवाया और घायल महिला को बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोधगया पहुंचाया। वहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद महिला की गंभीर हालत को देखते हुए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कालेज गया रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर बोधगया थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और हाइवा को जब्त कर जांच शुरू कर दी। हालांकि, पुलिस की मौजूदगी के बावजूद हाइवा चालक मौके से फरार होने में सफल रहा। स्थानीय ग्रामीणों ने मोहनपुर मुख्य मार्ग पर तेज रफ्तार हाइवा और ट्रकों के संचालन पर नाराजगी जताई।

# संदिग्ध स्थिति में टिकारी की महिला की नालंदा में मौत

संवाद सहयोगी, जागरण● हिलसा : हिलसा नगर परिषद क्षेत्र के सैदनपुर गांव में दहेज के लिए एक विवाहिता की कथित रूप से जहर देकर हत्या किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना शनिवार देर रात की बताई जा रही है। मृतका स्वृति कुमारी, विलास विंद की पत्नी हैं। सूचना पर पहुंचे मायके वालों पुलिस को घटना की जानकारी दी। सैदनपुर गांव निवासी रामानंद विंद के पुत्र विलास विंद की शादी वर्ष 2020 में गया जिले के टेकारी थाना क्षेत्र अंतर्गत गुलरिया चक गांव निवासी वकील विंद की पुत्री स्वृति कुमारी के साथ हुई थी।

शादी के बाद कुछ समय तक दोनों के बीच संबंध सामान्य रहे और इस दौरान स्वृति ने दो बच्चों को जन्म दिया। मृतका के मायकेवालों का आरोप है कि कुछ समय बाद ससुराल पक्ष दहेज में रुपये की मांग को लेकर स्वृति पर दबाव बनाने लगे। इस पर स्वृति ने मायके से रुपये लाने में असमर्थता जताई, जिसके बाद उसके साथ शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना की जाने लगी। इस मामले को लेकर कई बार पंचायत भी हुई, लेकिन स्थिति में सुधार नहीं आया। आरोप है कि शनिवार देर रात ससुराल पक्ष के लोगों ने विवाहिता को जहर खिलाकर उसकी हत्या कर दी। थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि मृतका के स्वजन की ओर से प्राथमिकी के लिए आवेदन दिया गया है।

Jagran New Media
राशिफल के साथ-साथ
पढ़िए अपनी विस्तृत व्यक्तिगत कुंडली
सिर्फ jagran.com पर

ग्रह, करियर, स्वास्थ्य, विवाह और आर्थिक भविष्य
आपके फिंगरटिप्स पर
कुंडली बनवाने अथवा राशिफल
देखने के लिए स्कैन करें
Jagran New Media की पहुंच 11.6* करोड़ लोगों तक है और यह संख्या लगातार बढ़ रही है।
*Source: Comscore MMX Multi-Platform, Total Unique Visitors/Viewers, Total Digital Population (Desktop, Mobile & Social), Total Audience, Sep'25, India
To know more, visit us at: jnm.digital

# अधिमास लगते ही थमी शहनाइयों की गूंज एक माह तक नहीं होंगे मांगलिक कार्य

**मांगलिक कार्यों पर विराम**

सस जागरण, कलेर (अरवल): 17 मई से पुरुषोत्तम मास की शुरुआत होते ही विवाह सहित सभी मांगलिक कार्यों पर विराम लग गया है। अब 15 जून तक शादी-विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन और अन्य शुभ कार्य नहीं होंगे। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार यह अवधि धार्मिक अनुष्ठान, जप, तप, दान-पुण्य और भगवान विष्णु की आराधना के लिए अत्यंत फलदायी मानी जाती है।ज्योतिषाचार्य संजय पाठक ने बताया कि इस बार ज्येष्ठ मास के बीच अधिकमास पड़ने के कारण शुभ विवाह मुहूर्तों में कमी आई है। उन्होंने कहा कि गुरु एवं शुक्र ग्रह के अस्त होने तथा मासांत दोष के प्रभाव से विवाह कार्यों पर रोक लगी है। 17 मई से शुरू हुआ पुरुषोत्तम मास 15 जून तक चलेगा। उन्होंने बताया कि अधिकमास के कारण इस वर्ष विक्रम संवत 2083 में 13 महीने होंगे। चंद्र और सौर गणना के बीच बनने वाले अंतर को संतुलित करने के लिए लगभग हर तीन वर्ष में एक अतिरिक्त मास जोड़ा जाता है, जिसे अधिकमास कहा जाता है।अधिकमास के कारण इस वर्ष कई प्रमुख पर्व भी देरी से आएंगे। रक्षाबंधन, गणेश चतुर्थी, पितृपक्ष, नवरात्र, दीपावली और छठ महापर्व की तिथियां पिछले वर्षों की तुलना में आगे खिसक गई हैं। ज्योतिषाचार्य ने बताया कि 16 जुलाई से 8 अगस्त तक गुरु तारा अस्त रहेगा, जिसके कारण इस अवधि में भी विवाह मुहूर्त नहीं होंगे। वहीं 25 जुलाई से 20 नवंबर तक हरिशयन काल रहने से शुभ कार्यों पर प्रभाव पड़ेगा। जून से दिसंबर तक सीमित दिनों में ही विवाह के शुभ मुहूर्त उपलब्ध रहेंगे।उन्होंने कहा कि पुरुषोत्तम मास में विष्णु सहस्रनाम का पाठ, भगवद्गीता का अध्ययन, उपवास और पूजा-पाठ विशेष पुण्यदायी माना गया है। श्रद्धालु इस दौरान मंदिरों में पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठानों में बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं।

**विवाह के प्रमुख शुभ मुहूर्त**

जून : 19, 22, 27, 28, 29
जुलाई : 7, 8
नवंबर : 24, 25, 29
दिसंबर : 2, 3, 9

# जंगल में छिपाकर रखा 151 किलो डोडा बरामद

संसू, जागरण बाराचट्टी : थाना क्षेत्र के गुलरटांड गांव स्थित जंगल में चलाए गए संयुक्त तलाशी अभियान में भारी मात्रा में डोडा बरामद किया गया। सशस्त्र सीमा बल की 29वीं वाहिनी गया एवं बाराचट्टी थाने की पुलिस की कार्रवाई में 151 किलोग्राम डोडा जब्त किया गया है।

जंगल क्षेत्र में प्रतिबंधित मादक पदार्थ छिपाकर रखे जाने की सूचना एसएसबी को मिली थी। सूचना के आधार पर उप कमांडेंट कार्यवाहक कमांडेंट अवनीश यादव के मार्गदर्शन में संयुक्त अभियान की रूपरेखा तैयार की गई। इसके बाद सहायक कमांडेंट सनोज राज के नेतृत्व में ई-समवाय धनगई की टीम तथा बाराचट्टी थाना पुलिस ने गुलरटांड के जंगलों में तलाशी अभियान चलाया। तलाशी के दौरान सुरक्षा बलों को जंगल में छिपाकर रखा गया भारी मात्रा में डोडा बरामद हुआ।

## हाइवा से गांजा बरामद, बक्सर और रोहतास के चालक गिरफ्तार

संसू, जागरण● शेरघाटी : पुलिस ने रविवार की सुबह 9 बजे थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव के पास जीटी रोड पर छापेमारी कर 210 किलो गांजा बरामद किया है। थानाध्यक्ष मोहन कुमार व आइओ मो. इम्तियाज ने बताया कि उन्हे सूचना मिली थी कि एक हाइवा जीटी रोड से मादक पदार्थ लेकर गुजरने वाली है। इसके बाद पुलिस जांच अभियान चलाकर गांजा बरामद करने में सफलता प्राप्त की। हाइवा के दो चालक भी गिरफ्तार किए गए हैं, जिनमें पिंटू कुमार पिता बुधुर सिंह ग्राम रूप सागर थाना नावानगर जिला बक्सर और पंकज कुमार पिता छोटन तिवारी ग्राम मनोहरपुर मालियाबाग थाना दिनारा जिला रोहतास शामिल हैं। चालक ने पूछताछ में बताया कि उन्हे हाइवा को सासाराम ले जाने के लिए कहा गया था।

बिहार सरकार

विकसित भारत - समृद्ध बिहार
श्री सम्राट चौधरी
माननीय मुख्यमंत्री, बिहार

के कर कमलों द्वारा
बिहार अग्निशमन सेवा के सुदृढ़ीकरण हेतु विभिन्न प्रकार के 80 अग्निशमन वाहनों एवं ए.आई. आधारित आधुनिक अग्निशमन नियंत्रण कक्ष का
लोकार्पण
विशिष्ट अतिथि
श्री विजय कुमार चौधरी
माननीय उप मुख्यमंत्री, बिहार
श्री बिजेंद्र प्रसाद यादव
माननीय उप मुख्यमंत्री, बिहार



स्थान - गाँधी मैदान, पटना | दिनांक - 18 मई 2026 | समय - 11:00 बजे पूर्वाह्न
PR No. 003466 (Home)D 2026-27

मोह दुखों की जननी है

# न्यायाधीशों का संख्याबल

सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीशों की संख्या 33 से बढ़ाकर 37 करने के लिए केंद्र सरकार ने जिस तरह अध्यादेश जारी किया, उससे यह पता चलता है कि वह शीर्ष कोर्ट में शीघ्र ही न्यायाधीशों की संख्या बढ़ते हुए देखना चाहती है। अब मुख्य न्यायाधीश को मिलाकर सर्वोच्च न्यायालय में कुल न्यायाधीशों की संख्या बढ़कर 38 हो जाएगी। निश्चित रूप से इससे सुप्रीम कोर्ट में लंबित मुकदमों के बोझ को कम करने और न्यायिक प्रणाली में तेजी लाने में सहायता मिलेगी। उम्मीद की जाती है कि इसके चलते सुप्रीम कोर्ट से लोगों को शीघ्र न्याय मिल सकेगा, लेकिन प्रश्न यह है कि उच्च न्यायालयों एवं अधीनस्थ न्यायालयों में स्थिति कैसे और कब बदलेगी? आवश्यकता ऐसे उपाय करने की भी है कि उच्च न्यायालयों एवं अधीनस्थ न्यायालयों में भी लंबित मुकदमों का बोझ कम हो और लोगों को समय पर न्याय सुलभ हो। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि सुप्रीम कोर्ट से लेकर जिला स्तर तक की अदालतों में लंबित मुकदमों की संख्या लगभग पांच करोड़ पहुंच गई है। न तो लंबित मुकदमों का बोझ कम हो रहा है और न ही लोगों को समय पर न्याय मिल पा रहा है। स्थिति यह है कि सामान्य मामलों का निपटारा होने में भी वर्षों और कई बार तो दशकों लग जाते हैं। यह ध्यान रखा जाना चाहिए कि न्याय में देरी एक तरह का अन्याय ही है। सर्वोच्च न्यायालय हो या उच्च न्यायालय या अधीनस्थ न्यायालय, इनमें केवल न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाने से ही बात बनने वाली नहीं है। यदि समय पर न्याय देना है तो हर स्तर पर न्यायपालिका को पर्याप्त इन्फ्रास्ट्रक्चर से लैस भी करना होगा। न्याय में देरी का एक कारण न्यायाधीशों की कमी ही नहीं, बल्कि संसाधनों का अभाव भी है। सर्वोच्च न्यायालय के अतिरिक्त अन्य न्यायालयों में भी न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाने पर गंभीरता से विचार इसलिए किया जाना चाहिए, क्योंकि अपने देश में प्रति दस लाख जनसंख्या पर लगभग 22 न्यायाधीश ही कार्यरत हैं। इसके विपरीत विकसित देशों में प्रति दस लाख आबादी पर न्यायाधीशों की संख्या सौ से अधिक है। दशकों पहले विधि आयोग ने त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिए प्रति दस लाख आबादी पर कम से कम 50 न्यायाधीशों की नियुक्ति की आवश्यकता जताई थी। कोई नहीं जानता कि इस आवश्यकता की पूर्ति क्यों नहीं की जा पा रही है? समय पर न्याय उपलब्ध कराने के लिए यह भी आवश्यक है कि न्यायिक प्रक्रिया के तौर-तरीके बदलें। इसके अतिरिक्त, कार्यपालिका अपने लोगों के खिलाफ मुकदमे करने की प्रवृत्ति का परित्याग करे। यदि यह सब नहीं किया जाता तो तारीख पर तारीख का सिलसिला थमने वाला नहीं है।

# खामियां जल्द हों दूर

राज्य में पुलों की सुरक्षा केवल आवागमन की सुविधा का विषय नहीं, बल्कि जनजीवन और आर्थिक गतिविधियों की निरंतरता से जुड़ा अत्यंत संवेदनशील प्रश्न है। ऐसे में लगभग 11 महीने बाद आइआइटी पटना की ओर से सौंपी गई स्ट्रक्चरल आडिट की रिपोर्ट को बिहार सरकार को गंभीर चेतावनी और अवसर, दोनों ही रूप में लेना चाहिए। यह राहत की बात है कि 60 मीटर से अधिक लंबाई वाले पुलों की तकनीकी जांच कर संभावित खतरों की पहचान की गई है। लेकिन, इससे अधिक चिंता की बात यह है कि नौ पुल ऐसे मिले हैं, जिन्हें तत्काल दुरुस्त करने की आवश्यकता है। मुजफ्फरपुर, गया, लखीसराय और हाजीपुर के जिन पुलों में खामियां सामने आई हैं, वे आम लोगों की रोजमर्रा की आवाजाही के महत्वपूर्ण माध्यम हैं। यदि समय रहते इनकी मरम्मत नहीं हुई तो भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना से इन्कार नहीं किया जा सकता। इसलिए बिहार राज्य पुल निर्माण निगम और पथ निर्माण विभाग को अब फाइलों और प्रक्रियाओं की धीमी गति से बाहर निकलकर युद्धस्तर पर काम करना होगा। निविदा प्रक्रिया, तकनीकी स्वीकृति और निर्माण कार्य में अनावश्यक विलंब की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। सिर्फ मरम्मत शुरू कर देना पर्याप्त नहीं होगा। साथ ही, यह भी सुनिश्चित करना जरूरी है कि कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ हो।

> राज्य के पुलों की समय-समय पर जांच की स्थायी व्यवस्था भी विकसित करने की जरूरत है।

**कह के रहेंगे** — माधव जोशी




**जागरण जनमत** — कल का परिणाम

क्या भोजशाला पर निर्णय से अन्य विवादित उपासना स्थलों के समाधान की उम्मीद जगी है?

**आज का सवाल**

क्या भुवनेश्वर कुमार की राष्ट्रीय टीम में वापसी होनी चाहिए?




परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है। (सभी आंकड़े प्रतिशत)

# सत्ता के साथ साख भी गंवाई



राज कुमार सिंह

**चुनावी हार-जीत से तो अतीत में भी राजनीतिक समीकरण बदलते आए हैं, लेकिन हालिया नतीजों में सत्ता गंवाने के साथ ही विपक्षी गठबंधन की साख भी संकट में पड़ गई**

वैसे तो हार-जीत एक ही सिक्के के दो पहलू कहे जाते हैं, लेकिन अगर आपके हिस्से अक्सर एक ही पहलू आए तो गंभीर आत्मविश्लेषण की जरूरत है। हालिया विधानसभा चुनाव परिणामों ने इस पहलू को फिर से रेखांकित किया है। असम में भाजपा की हैट्रिक को लेकर शायद कांग्रेस को भी संदेह नहीं रहा होगा। खासकर 2023 के परिसीमन के बाद सामाजिक समीकरणों पर भाजपा की पकड़ इतनी मजबूत हो गई है कि वहां उसकी सत्ता को हिलाना फिलहाल तो आसान नहीं है। अपनी आक्रामक भाषा और राजनीतिक प्रबंधन से भी अपनी उपयोगिता साबित कर मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा भाजपा आलाकमान के लाडले बन गए हैं। न सिर्फ असम, बल्कि समूचे पूर्वोत्तर में भाजपाई सत्ता विस्तार में हिमंत की अहम भूमिका रही। इसे देखते हुए क्या कांग्रेस को ऐसे उपयोगी नेता को गंवाने पर कोई अफसोस होता है या नहीं?

यह भी न भूला जाए कि कांग्रेस सरकारों में वरिष्ठ मंत्री रहे हिमंत ने राहुल गांधी के व्यवहार से खफा होकर ही कांग्रेस छोड़ी थी। राहुल गांधी की टिप्पणियों से तो नहीं लगता कि ऐसे उपयोगी और जनाधार वाले नेताओं के अलगाव पर कांग्रेस में कोई आत्मचिंतन चल रहा है। बंगाल की बात करें तो तृणमूल कांग्रेस की मुखिया ममता बनर्जी की सत्ता का 15 साल पुराना मजबूत किला ध्वस्त हो गया। देखा जाए तो ममता और उन्हें सत्ता से अपदस्थ करने में अहम भूमिका निभाने वाले सुवेंदु अधिकारी दोनों ही मूलतः कांग्रेसी हैं। पांचवें बार पुडुचेरी के मुख्यमंत्री बने एन. रंगासामी भी पुराने कांग्रेसी ही हैं, जिन्होंने अलग क्षेत्रीय पार्टी बना कर भाजपा से गठबंधन में दूसरी बार जनादेश हासिल किया है। यह कांग्रेस और भाजपा के बीच राजनीतिक समझ और प्रबंधन के फर्क को भी रेखांकित करता है। कांग्रेस जहां ऐसे उपयोगी नेताओं को मान-सम्मान नहीं दे पाती, वहीं भाजपा उन्हें दूसरे दलों से भी लाकर अपने यहां समाहित कर लेती है। इस बार अकेले बहुमत मिलने के बावजूद भाजपा ने असम गण परिषद और बोडो पीपुल्स फ्रंट जैसे मित्र दलों को संक्षिप्त मंत्रिमंडल गठन में भी स्थान दिया है, जबकि कांग्रेस के मित्र दलों की नाराजगी असम में भी मुखर होने लगी है।

कांग्रेस बंगाल में लगभग सभी सीटों पर जीतने के बाद दो पर जीत हासिल करने में भी सफल रही, लेकिन इससे विपक्षी दलों के मोर्चे आइएनडीआइए की साख और भविष्य पर भी सवाल उठने लग गए। बेशक इसके लिए ममता बनर्जी की जिद भी उतनी ही




अवधेश राजपूत

जिम्मेदार रही, जिन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव और हाल के विधानसभा चुनाव में भी सहयोगी दलों को कोई भाव नहीं दिया। आइएनडीआइए का यह विरोधाभास भी किसी एक प्रदेश तक सीमित नहीं। राष्ट्रीय स्तर पर साथ होते हुए भी केरलम में कांग्रेस और वाम मोर्चा आमने-सामने होते हैं। इस बार वहां कांग्रेसनीत यूडीएफ ने एलडीएफ यानी वाम मोर्चा से ही सत्ता छीनी है। बंगाल में तो यह विरोधाभास और भी विचित्र है। ममता ने कांग्रेस छोड़कर ही अलग तृणमूल कांग्रेस बनाई और अकेले दम पर 2011 में 34 साल पुराने वाम मोर्चा शासन को उखाड़ फेंका।

यह विरोधाभास ऐसा राजनीतिक सच है, जिससे मुंह नहीं चुराया जा सकता। फिर भी राहुल गांधी चुनाव प्रचार में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के विरुद्ध भाजपाई भाषा-शैली के उपयोग से बच सकते थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमित शाह समेत भाजपा नेता ममता शासन के लिए 'टीएमसी का गुंडाराज' जैसी भाषा का इस्तेमाल करते रहे हैं, उसी शब्दावली का उपयोग करते हुए राहुल ने अप्रत्याशित रूप से संक्षिप्त चुनाव प्रचार में आरोप लगाया कि ममता ने ठीक से सरकार नहीं चलाई, इसलिए बंगाल में भाजपा के लिए रास्ता खुल रहा है। भाजपा को 207 और तृणमूल को 80 सीटें देकर बंगाल के मतदाताओं ने अपना निर्णय सुना दिया तो राजनीतिक अवसरवाद फिर दिखाई पड़ा, जब ममता और राहुल दोनों के सुर बदल गए। आरोप लगाया कि असम और बंगाल दोनों जगह चुनाव चोरी किया गया। मुख्यमंत्री की कुर्सी नीचे से खिसकते ही तृणमूल सुप्रीमो को ममता भी आइएनडीआइए के लिए सहानुभूति जाग उठी। किस-किस घटक दल नेता ने फोन किया और मुलाकात की, इसका विवरण मीडिया से साझा करते हुए ममता ने आह्वान किया कि भाजपा से लड़ने के लिए कांग्रेस और वाम दलों समेत सभी को साथ आना चाहिए। स्वाभाविक ही है कि वाम मोर्चा और कांग्रेस ने इस आह्वान पर बहुत सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं दी है, लेकिन आक्रामक राजनीति से भाजपा के बढ़ते सत्ता-वर्चस्व का मुकाबला करने के लिए विपक्षी दलों के पास एकजुट होने के अलावा कोई विकल्प ही नहीं है। इसके बावजूद यह तय दिख रहा है कि परस्पर राजनीतिक शह-मात का खेल भी जारी रहेगा।

चुनाव परिणाम के बाद मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण यानी एसआइआर प्रक्रिया के विरुद्ध सर्वोच्च न्यायालय जाना समझ में आता है, पर हार के बाद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा न देने की हठ से गया नकारात्मक संदेश विपक्ष की साख पर बड़ा सवालिया निशान लगा गया है। तमिलनाडु में द्रमुक के सत्ता से बेदखल होते ही कांग्रेस ने अभिनेता विजय की टीवीके को सरकार गठन के लिए समर्थन देने में देर नहीं लगाई। दशकों पुराने मित्र द्रमुक का इससे आहत होना स्वाभाविक है, लेकिन सत्ता राजनीति तो है ही विशुद्ध अवसरवाद का खेल। अन्यथा जिस द्रमुक के विरुद्ध अन्नाद्रमुक बनी, सरकार गठन के लिए उसी से हाथ मिलाने की संभावनाएं नहीं टटोली जातीं। अवसरवाद की उसी पराकाष्ठा का परिणाम है कि अन्नाद्रमुक दो फाड़ हुई और बड़े गुट ने विश्वासमत परीक्षण में नवगठित विजय सरकार का समर्थन किया। बेशक अतीत में भी चुनाव से सिर्फ सत्ता नहीं, राजनीतिक समीकरण भी बदलते रहे हैं, लेकिन पांच राज्यों के इन चुनावों में विपक्ष खासकर आइएनडीआइए ने सत्ता के साथ-साथ साख भी गंवा दी है और मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य में दोनों ही वापस हासिल कर पाना आसान नहीं लगता।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं)
response@jagran.com

# मुख्यमंत्रियों के चुनाव हारने की परंपरा



जयसिंह रावत

**किसी मुख्यमंत्री की हार के पीछे अक्सर सबसे बड़ा कारण उनका अति-आत्मविश्वास और सत्ता का अहंकार होता है**

सत्ताधारी मुख्यमंत्री का अपनी ही विधानसभा सीट गंवा देना भारतीय राजनीति का एक रोचक और जटिल पहलू है। उत्तर प्रदेश के ऐतिहासिक संदर्भों से लेकर हालिया चुनावी उथल-पुथल तक, यह सिलसिला लोकतंत्र की एक ऐसी गाथा सुनाता है जहां जनता की खामोशी सत्ता के अहंकार से कहीं अधिक शक्तिशाली सिद्ध होती है। भारतीय संसदीय इतिहास में मुख्यमंत्रियों के हारने की परंपरा पुरानी है, जो यह दर्शाती है कि यहां की लोकतांत्रिक जड़ें व्यक्ति विशेष के कद से हमेशा गहरी रही हैं। इसकी शुरुआत 1971 में उत्तर प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री त्रिभुवन नारायण सिंह की मनीराम सीट पर हुई हार से हुई थी, जिसने देश को पहली बार यह अहसास कराया कि मुख्यमंत्री की कुर्सी चुनावी जीत की गारंटी नहीं है। इसके बाद समय-समय पर बड़े नाम इस सूची में जुड़ते गए। शिबू सोरेन का 2009 के उपचुनाव में तमाड़ सीट से हारना एक बड़े राजनीतिक संकट के रूप में उभरा, क्योंकि वह निर्वाचित हुए बिना मुख्यमंत्री पद पर आसीन थे। इसी तरह बंगाल में 34 वर्षों के वामपंथी शासन के पतन की सबसे बड़ी मुहर मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य की 2011 में जाधवपुर सीट पर हुई हार थी। उत्तराखंड की भूमि पर भी जनता ने बार-बार यह संदेश दिया है। 2012 में भुवन चंद्र खंडूड़ी का कोटद्वार से हारना और 2017 में हरीश रावत का हरिद्वार ग्रामीण एवं किच्छा जैसी दोनों सीटों से पराजित होना इसी लोकतांत्रिक चेतना का प्रतीक है। 2022 में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी खटीमा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार से पराजित हुए, जबकि उनकी पार्टी भाजपा राज्य में स्पष्ट बहुमत के साथ वापसी कर रही थी। ये उदाहरण दर्शाते हैं कि सत्ता की चमक कभी भी मतदाता की मूल अपेक्षाओं और उसके स्वाभिमान के सामने टिक नहीं पाती।



सत्ता के साथ विधायकी भी गंवाई • फाइल

किसी मुख्यमंत्री की हार के पीछे अक्सर सबसे बड़ा कारण उनका अति-आत्मविश्वास और सत्ता का अहंकार होता है। जब कोई नेता लंबे समय तक सत्ता में रहता है या भारी बहुमत से जीतता है तो अक्सर वह जनता को नब्ज टटोलने के बजाय अपनी इच्छाएं जनता पर थोपना शुरू कर देता है। जनता की भावनाओं को समझने के बजाय जब अपनी मनमानियों को जनमानस पर लादने की कोशिश करते हैं तो वहीं से उनके पतन की पटकथा लिखी जाती है। 2017 में हिमाचल के प्रेम कुमार धूमल की सुजानपुर में हार हो या गोवा के लक्ष्मीकांत पारसेकर की मंड्रेम में शिकस्त के पीछे जमीनी कार्यकर्ताओं की उपेक्षा और सत्ता का बढ़ता हुआ केंद्रीकरण था। जब जनता को यह लगने लगता है कि उनका सेवक अब उनका शासक बनने की कोशिश कर रहा है तो वह मतदान केंद्र पर चुपचाप अपनी ताकत दिखा देती है।

हाल के वर्षों में, विशेषकर 2021 से 2026 के मध्य, चुनाव में मुख्यमंत्रियों की हार के पैटर्न ने भारतीय राजनीति को एक नया मोड़ दिया है। बंगाल के 2021 के चुनाव में ममता बनर्जी नंदीग्राम में सुवेंदु अधिकारी से मात खा गईं। ममता बनर्जी ने उसे अपनी प्रतिष्ठा का प्रश्न बना लिया था, लेकिन जनता ने यह संदेश दिया कि कोई भी व्यक्ति किसी क्षेत्र विशेष को अपनी जागीर नहीं समझ सकता। पंजाब में 2022 के चुनाव में चरणजीत सिंह चन्नी का अपनी दोनों सीटों, चमकौर साहिब और भदौड़ से हारना सत्ता के प्रति जनता के तीव्र मोहभंग का परिणाम था। 2024 में ओडिशा के अजेय माने जाने वाले नवीन पटनायक का कांटाबांजी सीट से हारना और 24 साल के शासन का अंत होना, इस बात का प्रमाण है कि जनता एक समय के बाद बदलाव और नई ऊर्जा चाहती है। 2026 के ताजा चुनावी परिणामों ने इस फेहरिस्त में सबसे चौंकाने वाले अध्याय जोड़े हैं। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री रहते एमके स्टालिन का अपनी अभेद्य मानी जाने वाली कोलाथुर सीट पर एक नवोदित दल टीवीके के प्रत्याशी से लगभग 9,000 वोटों से हारना यह दर्शाता है कि दक्षिण की राजनीति में भी द्रविड़ किले में दरारें पड़ चुकी हैं। वहीं बंगाल में ममता बनर्जी की भवानीपुर सीट पर हार और सिक्किम में पवन कुमार चामलिंग की पूर्व में पराजय यह साबित करती हैं कि चेहरा कितना भी बड़ा क्यों न हो, वह काम और व्यवहार का विकल्प नहीं हो सकता। कर्नाटक में सिद्दरमैया की चामुंडेश्वरी में हार भी इसी अहंकार की बलि चढ़ने का उदाहरण थी।

मुख्यमंत्रियों की हार को देखते हुए बड़ा सवाल यह उठता है कि क्या यह निजी असफलता है या व्यापक राजनीतिक संकेत? वस्तुतः देखा जाए तो मुख्यमंत्रियों की हार के सवाल का उत्तर एक से अधिक आयामों में छिपा है। कई बार स्थानीय मुद्दे, जातीय समीकरण, उम्मीदवार चयन में हुई चूक, गुटबाजी या विपक्षी उम्मीदवार की मजबूत अपील इसका कारण बनती है। यह राजनीतिक दलों के लिए एक गंभीर चेतावनी है कि शीर्ष नेतृत्व की लोकप्रियता के भरोसे अकेले चुनाव नहीं जीते जा सकते। जमीनी संगठन, स्थानीय मुद्दों की समझ और उम्मीदवार की छवि भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। वहीं यह सत्ता विरोधी आक्रोश भी है, क्योंकि यह शासकों को चेतावनी देता है कि वे जनता की भावनाओं को हल्के में न लें। जब सत्ता के गलियारों में बैठे लोग जनता का मन टटोलना बंद कर देते हैं और अपनी नीतियां या अपनी सनक को उन पर थोपते हैं तो जनता का गुस्सा शांत, लेकिन प्रभावी ढंग से फूटता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)
response@jagran.com

## ऊर्जा

### पुरुषोत्तम बनें

मानव आसपास के परिवेश से सीखता है और उसके बल पर आगे बढ़ता है। मनुष्य जीवन उत्कृष्ट होते हुए भी तामसिक है। जन्म लेने के बाद शिशु जब बड़ा होने लगता है तो बाल्यकाल में अच्छे-बुरे का उसे भान नहीं होता है, लेकिन माता-पिता, परिवार के अन्य सदस्य उसे बुरे हालात से बचने के लिए सजग करते हैं। यही सजगता संस्कार है, क्योंकि कोई भी माता-पिता नहीं चाहता कि उसकी संतान बुराइयों की ओर जाए। अच्छे संस्कारों को जीवन में अपनाते हुए मनुष्य उत्तम से उत्तमोत्तम पुरुष बन जाता है। यानी तामसिक गुण से राजस-गुण की ओर बढ़ते हुए सात्विक गुण वह प्राप्त करता है। इस संबंध में मिथिला नरेश जनक जी ने अपने दरबार में एक प्रश्न किया कि माता-पिता अपनी संतान से क्या चाहते हैं? उनके इस प्रश्न पर एक सभासद ने जवाब दिया कि संतान खूब धन कमाए। दूसरे ने कहा कि वृद्धावस्था में सेवा करे, लेकिन दोनों उत्तरों से वे संतुष्ट नहीं हुए। सभा में बैठे ऋषि अष्टावक्र ने कहा कि पिता चाहता है कि पुत्र यशस्वी बने। इस उत्तर से जनक जी प्रसन्न हुए। इसलिए माता-पिता का दायित्व होता है कि संतान को संस्कार दें। वैसे भी जब कोई व्यक्ति किसी को श्रेष्ठ बनाने के लिए प्रयत्न करता है, तब वह समाज में अपने आप हो जाता है।

मनुष्य के पास पूरा अवसर उपलब्ध है कि वह निंदनीय कर्म को त्याग कर वंदनीय गुण अपना ले। हेय को अपनाकर श्रेय की ओर जाने वाला ही उत्तम पुरुष बनता है। जीवन में सर्वाधिक हेय, निकृष्ट और खराब काम छल-छद्म है। किसी को विश्वास में लेकर उसे ठगना। इसके अलावा ईर्ष्या, द्वेष, चुगली, सद्भाव को बिगाड़ने वाला, अपना वर्चस्व दिखाने के लिए झूठ-फरेब, धौंस ये सब वैचारिक मल ही हैं। बस इन्हीं दुर्गुणों से बाहर निकल कर संवेदनशील, सहयोगी, मददगार, संकट में साथ देने की प्रवृत्ति, करुणा, दया आदि किसी को भी परिवार से लेकर समाज तक में आदरणीय बनाते हैं।

सलिल पांडेय

## पाठकनामा

pathaknama@pat.jagran.com

### अतिक्रमण और जाम की समस्या

'विदेशी मुद्रा बचाने की चुनौती' शीर्षक से युक्त लेख में संजय गुप्त ने विदेशी मुद्रा बचाने के जो नैदानिक उपाय सुझाए हैं, उनका अनुपालन देशहित में जरूरी है। इसी में से एक उपाय सड़कों पर अधिकाधिक रूप से किए जाने वाले अतिक्रमण और टोल-नाके जैसे चेक पाइंट पर लगने वाले जाम से वाहनों में अनावश्यक रूप से खपने वाले डीजल और पेट्रोल को बचाने का है। अतिक्रमण और जाम जैसी समस्या का निदान फौरी तौर पर एक-दो दिन में संभव नहीं। इसके लिए, कड़े कानून के साथ दीर्घकालिक योजना बनाने की जरूरत है। वर्तमान में देश के प्रशासनिक तंत्र द्वारा इस समस्या से फौरी तौर पर ही निपटा जा रहा है जिससे आज जो अतिक्रमण हटवाया गया वह अधिकारियों के पीठ फेरते ही फिर से जस का तस हो जाता है। सड़क किनारे सजी स्थायी दुकानों के साथ पथ-विक्रेताओं, आटोरिक्शा वालों की मनमानी आदि से होने वाले सड़क अतिक्रमण पर कड़े कानून और नागरिक समझदारी से ही काबू पाया जा सकता है। इसके लिए पर्याप्त जन-जागरूकता की भी आवश्यकता है। स्थायी दुकानदार अपनी दुकान की सीमा तक ही सीमित रहें, पथ-विक्रेता ठेले को स्थायी रूप से सड़क पर खड़ा न करें, आटो रिक्शा चालक सड़क किनारे बने निर्धारित स्टैंड पर ही अपने वाहन खड़ा करें। यह एक-दो दिन के अतिक्रमण हटाओ अभियान से संभव नहीं। इसके लिए कानून बना कर दृढ़ राजनीतिक और सामाजिक इच्छाशक्ति के साथ बनाई गई कार्ययोजना को सख्ती के साथ धरातल पर उतारना होगा। इसमें वक्त लग सकता है, लेकिन अनेक प्रकार की समस्याओं को जन्म देने वाले सड़क अतिक्रमण और जाम का स्थायी समाधान तो करना ही होगा। वरना जिस तरह से सड़क पर वाहनों की संख्या बढ़ रही है उसे देखते हुए भविष्य में अतिक्रमण और जाम की ऐसी विकराल स्थिति पैदा हो जाएगी जिससे निपटना मुश्किल हो जाएगा।

डा. वीपी पांडेय, अलीगढ़ (उप्र)

### मुद्रा बचाने की चुनौती

विदेशी मुद्रा बचाने की चुनौती लेख में उचित ही बताया गया है कि वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव और बदलते उपभोग पैटर्न के कारण भारत के सामने विदेशी मुद्रा भंडार को सुरक्षित बनाए रखने की गंभीर चुनौती खड़ी हो गई है। रूस-यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशिया संकट से जुड़े तनावों ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री व्यापार मार्गों को प्रभावित किया है, जिसका सीधा असर भारत की अर्थव्यवस्था और मुद्रा प्रबंधन पर पड़ रहा है। यदि भारत आयात आधारित उपभोग पर नियंत्रण नहीं करता, तो आने वाले समय में आर्थिक दबाव और बढ़ सकते हैं। यह केवल अर्थशास्त्र का विषय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय अनुशासन और जीवनशैली से जुड़ा प्रश्न बन चुका है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक देश है। लेख में सोने के आयात का मुद्दा भी गंभीरता से उठाया गया है। आने वाले समय में आर्थिक राष्ट्रवाद का अर्थ केवल नारे नहीं, बल्कि उत्पादन में आत्मनिर्भरता होना चाहिए।

- युगल किशोर राही, छपरा

### पेपर लीक पर बने सख्त नीति

देश का युवा आज किताबों से कम और व्यवस्था की विसंगतियों से अधिक लड़ रहा है। नीट पेपर लीक मामला, हर बार मेहनत करने वाला छात्र ही सबसे बड़ा पीड़ित बनकर सामने आता है। राजस्थान, उत्तर प्रदेश, गुजरात, झारखंड और हरियाणा जैसे कई राज्यों में पिछले कुछ वर्षों में अनेक भर्ती परीक्षाएं रद करनी पड़ी हैं। लाखों अभ्यर्थियों की मेहनत, परिवारों की उम्मीदें और युवाओं का आत्मविश्वास भ्रष्ट अधिकारियों, परीक्षा माफिया और राजनीतिक संरक्षण की भेंट चढ़ता रहा है। इस पूरे संकट से भी अधिक चिंताजनक बात यह है कि जब युवा रोजगार, पारदर्शिता और जवाबदेही की मांग करते हैं, तब असली मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिशें शुरू हो जाती हैं। युवाओं को सलाह दी जाती है कि सोना कम खरीदें, पेट्रोल-डीजल की खपत घटाएं या वर्क फ्राम होम अपनाएं। ऐसा प्रतीत होता है मानो सरकार बेरोजगारी, महंगाई और परीक्षा व्यवस्था की विफलताओं जैसे मूल प्रश्नों पर पर्दा डालने के लिए नए-नए नारों और जुमलों का सहारा ले रही हो। महंगाई लगातार बढ़ रही है और प्रतियोगी परीक्षाओं की विश्वसनीयता टूटती जा रही है। सबसे दुखद स्थिति यह है कि जनता भी धीरे-धीरे इस पूरे घटनाक्रम को तमाशे की तरह देखने लगी है। अब ऐसी सख्त नीति की जरूरत है, जिससे पेपर लीक का जिन्न फिर से न निकले।

- प्रभात कुमार भारती, झंझारपुर (मधुबनी)

## पोस्ट

हिंदू और जैन समाज को अलग दिखाने का प्रयास किया जाता रहा है, जबकि दोनों की आस्था, परंपराएं और सांस्कृतिक विरासत सदियों से एक-दूसरे से जुड़ी रही हैं। दोनों समाज हमेशा परस्पर सम्मान और सहयोग के साथ खड़े रहे हैं।
विष्णु शंकर जैन@Vishnu_Jain1

भोजशाला पर निर्णय संभव हुआ, क्योंकि केंद्र और राज्य में भाजपा की सरकारें हैं। कांग्रेस इसे लटकाए ही रखती। यही अंतर आया है आज। भारत अपने सांस्कृतिक सभ्यतागत मूल की ओर लौट रहा है। सभी ताकतें उसी ओर इशारा कर रहीं। बंगाल विजय को भी इसी संदर्भ में देखा जाए।
संगीत कुमार रागी@RagiSangit



आपदा में अवसर की दृष्टि से देखें तो जब आपदा दस्तक देती दिखे तब कुछ आर्थिक सुधार करने का मौका है। आम जन कटौती करेंगे तो सरकार भी कुछ अनचाही वसा से मुक्त हो। मामला बराबर का हो। अभी कोई चुनाव भी नहीं है। विरोध होगा, पर करेजा हो तो सामना किया जा सकता है। इस पर सब सहमत हैं कि सुधार कार्यक्रम पर भाषण नहीं काम होना चाहिए, पर 'बिल्ली के गले में घंटी कौन बांधे' के चक्कर में बरसों निकल गए।
कमलेश सिंह@kamleshksingh

## जनपथ

मां वाणी के सदन में पढ़ते रहे नमाज,
ये कैसा इंसाफ है बंधु बताओ आज।
बंधु बताओ आज राज जब रहा तुम्हारा,
हर मंदिर पर जाय भला क्यूं धावा मारा?
अब होता जब न्याय खुजाते हो तुम दाढ़ी,
दे तुमको सद्बुद्धि भोज वाली मां वाणी।
-ओम प्रकाश तिवारी

संस्थापक- स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त, पूर्व प्रधान सम्पादक- स्व. नरेन्द्र मोहन, नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन- महेन्द्र मोहन गुप्त, प्रधान सम्पादक -संजय गुप्त
जागरण प्रकाशन लिमिटेड के लिये आनन्द त्रिपाठी द्वारा दैनिक जागरण प्रेस C-5, C-6 & 15 इंडस्ट्रियल एरिया, पाटलिपुत्र, पटना - 800013 से प्रकाशित एवं मुद्रित, सम्पादक (बिहार/प. बंगाल)-विष्णु प्रकाश त्रिपाठी, स्थानीय सम्पादक - आलोक मिश्रा * दूरभाष : 0612-2277071, 2277072, 2277073
E.mail : patna@pat.jagran.com, R.N.I. NO. BIHHIN/2000/03097* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी. पटना जीबीओ रजि.नं. R-10/NP-18/14-16 समस्त विवाद पटना न्यायालय के अधीन ही होंगे। वर्ष 27 अंक 36

सोने पर खर्च किया गया हमारा हर एक रुपया देश से बाहर चला जाता है और अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ाता है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि भारत अपनी जरूरत का करीब 90 प्रतिशत सोना आयात करता है, जिसका भुगतान डालर में होता है। एक तरह से हम सोना खरीद कर डालर की मांग को मजबूत करते हैं और इस प्रक्रिया में रुपया कमजोर होता है। निर्यात की तुलना में अधिक आयात चालू खाता घाटे को बढ़ाता है जो किसी भी अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा नहीं माना जाता है। ऐसा ही तेल और गैस के मामले में भी है। सामान्य हालात में सोने का आयात देश पर उतना भारी नहीं पड़ता, लेकिन पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष की वजह से तेल कीमतों में उछाल और ऊर्जा संकट ने हालात को असामान्य बना दिया है। हमारा आयात बिल तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से एक साल तक सोना न खरीदने, तेल और गैस का उपयोग सीमित करने, विदेश यात्राओं से परहेज करने की अपील की है। विशेषज्ञों का कहना है कि पीएम की अपील किसी संकट का संकेत नहीं बल्कि बाहरी संकट से देश के हितों से सुरक्षित रखने की बडी रणनीति का हिस्सा है। ऐसा करके हम न सिर्फ पश्चिम एशिया संकट के प्रभाव को सीमित कर सकते हैं बल्कि इन मदों में खर्च में कटौती करने से होने वाली बचत को आप निवेश या अन्य उत्पादक गतिविधियों में लगा सकते हैं, जो मांग और आपूर्ति के चक्र को तेज करते हुए अर्थव्यवस्था की रफ्तार को गति देगा। ऐसे में खास उत्पादों पर खर्च में कटौती की रणनीति और इससे देश पर पड़ने वाले संभावित प्रभाव की पड़ताल प्रासंगिक हो जाती है...

# बचत मंत्रः बड़ी रणनीति





## इसलिए पीएम मोदी चाहते हैं कम सोना खरीदें देशवासी

यह सिर्फ सोने के बारे में नहीं, देश की आर्थिक सुरक्षा के बारे में है

### 1 दुनिया में क्या हो रहा है

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष ने तेल कीमतों में उछाल ला दिया है

85% कच्चा तेल आयात करता है भारत

ऊंची तेल कीमतें = ज्यादा डालर का बाहर जाना

### 2 कच्चा तेल क्यों इतना महत्वपूर्ण

जब कच्चे तेल की कीमतें बढ़ती हैं..

भारत आयात के लिए ज्यादा डालर का भुगतान करता है

व्यापार घाटा बढ़ता है | महंगाई बढ़ती है | रुपया कमजोर होता है

100 डालर प्रति बैरल को पार कर गया कच्चा तेल

### 3 सोना क्यों निशाने पर

80% भारत जरूरत का से अधिक सोना आयात करता है

- सोने का आयात-बड़े पैमाने पर डालर का बाहर जाना
- तेल आयात प्लस सोने का आयात मिल कर विदेशी मुद्रा भंडार पर बड़ा दबाव बनाते हैं

इसीलिए प्रधानमंत्री ने नागरिकों से अपील की है कि वह एक साल तक सोना खरीदने से बचें

### 4 क्या होगा अगर यह जारी रहता है तो..

- रुपया और कमजोर होगा
- महंगाई बढ़ेगी
- पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ेंगी
- शेयर बाजार में उतार चढ़ाव बना रहेगा

सरकार आयात पर अंकुश लगा सकती है

### 5 बड़ा संदेश

यह सिर्फ गहनों के बारे में नहीं है

यह वैश्विक भू राजनीतिक अनिश्चितता के बीच मजबूत करने के लिए है

- विदेशी मुद्रा भंडार
- रुपया
- आर्थिक स्थिरता

### 6 भारत पर आयात का सबसे बड़ा बोझ

कच्चे तेल और सोना की हमारे आयात बिल में बड़ी हिस्सेदारी है

₹10 लाख करोड़ का तेल सालाना

₹6 लाख करोड़ का सोना सालाना

दोनों के आयात के लिए बड़े पैमाने पर डालर खर्च होता है

**सोना**

700-900 टन सोने की खपत में भारत में वार्षिक

90% से अधिक मांग आयात से पूरी होती है

इसीलिए दुनिया में कहीं भी युद्ध से भारत सीधे प्रभावित होता है

रिसर्च: महेंद्र सिंह

# संकट से निपटनके लिए भारत की तैयारी बेहतर




अजय श्रीवास्तव
संस्थापक, ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव


**पश्चिम एशिया संकट के बावजूद भारत ने कई अन्य आयात पर निर्भर अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में खुद को अधिक मजबूत स्थिति में रखा है। इसके पीछे भारत की विशाल रिफाइनिंग क्षमता, कच्चे तेल के स्रोतों का विविधीकरण और सोना जैसे गैर जरूरी आयात को नियंत्रित करने की नीतिगत लचीलापन जैसे महत्वपूर्ण सुरक्षा कवच हैं।**

मध्य पूर्व में जारी संघर्ष ने भारत की अर्थव्यवस्था के सामने एक कड़वी सच्चाई उजागर कर दी है। ऊर्जा सुरक्षा और बाहरी स्थिरता आपस में गहराई से जुड़े हुए हैं। कच्चे तेल, एलएनजी और कीमती धातुओं के बढ़ते आयात के कारण रुपये, मुद्रास्फीति और आर्थिक विकास पर दबाव बढ़ रहा है। यह स्थिति ऐसे समय में पैदा हुई है जब वैश्विक व्यापार मार्ग लगातार संवेदनशील और अस्थाई होते जा रहे हैं। इन विपरीत परिस्थितियों के बावजूद, भारत ने कई अन्य आयात-निर्भर अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में खुद को अधिक मजबूत स्थिति में रखा है। इसके पीछे भारत की विशाल रिफाइनिंग (शोधन) क्षमता, कच्चे तेल के स्रोतों का विविधीकरण और सोना जैसे गैर-जरूरी आयातों को नियंत्रित करने की नीतिगत लचीलापन जैसे महत्वपूर्ण सुरक्षा कवच। हालिया दबाव होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास पैदा हुए व्यवधानों के कारण है, जो दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा मार्गों में से एक है।

28 फरवरी को ईरान पर अमेरिकी हमलों के बाद वहां एक व्यापक संघर्ष छिड़ गया। इसके परिणामस्वरूप, वैश्विक कच्चे तेल की कीमतें फरवरी के अंत में लगभग 78 डालर प्रति बैरल से बढ़कर 126 डालर तक पहुंच गईं। इसके साथ ही, शिपिंग मार्ग अधिक जोखिम भरे और महंगे होने के कारण एलएनजी और एलपीजी की आपूर्ति भी सीमित होती जा रही है। भारत के लिए इन व्यवधानों के गंभीर मायने हैं क्योंकि देश अपनी खपत का लगभग 90 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है। अकेले पश्चिम एशिया से भारत के कुल कच्चे तेल का 49 प्रतिशत, एलएनजी आयात का 68 प्रतिशत से अधिक और एलपीजी आयात का 90 प्रतिशत से अधिक हिस्सा आता है। इसके अलावा, इस क्षेत्र से आने वाले उर्वरक भारतीय कृषि के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। युद्ध के तीसरे महीने में प्रवेश करने के साथ ही इसके प्रभाव धीरे-धीरे पूरी अर्थव्यवस्था में फैल रहे हैं। अप्रैल 2025 से अमेरिकी डालर के मुकाबले रुपया 11 प्रतिशत से अधिक टूट चुका है।पोर्टफोलियो पूंजी का आउटफ्लो 1991 के बाद से अपने उच्चतम स्तर पर है। हमारा अनुमान है कि 110 डालर प्रति बैरल के आसपास तेल की कीमतें भारत की जीडीपी विकास दर को 2 प्रतिशत तक कम कर सकती हैं। इसके बावजूद, समान ऊर्जा संकट का सामना कर रहे कई अन्य देशों की तुलना में भारत के पास कुछ महत्वपूर्ण लाभ हैं। फ्रांस, जर्मनी, यूनाइटेड किंगडम, इंडोनेशिया, फिलीपींस और बांग्लादेश जैसे देश भारी मात्रा में पेट्रोल और डीजल का सीधा आयात करते हैं, जिससे वे वैश्विक व्यवधानों के दौरान ईंधन की कमी और महंगाई के प्रति अधिक संवेदनशील हो जाते हैं। इसके विपरीत, भारत के पास दुनिया के सबसे बड़े रिफाइनिंग क्षेत्रों में से एक है। पेट्रोल और डीजल का सीधे आयात करने के बजाय भारत कच्चे तेल का आयात करता है और उसका घरेलू स्तर पर शोधन करता है। भारतीय रिफाइनरियां विभिन्न देशों से कच्चा तेल प्राप्त करने में सक्षम हैं, जिससे क्षेत्रीय अस्थिरता के दौरान भी घरेलू बाजार में ईंधन की आपूर्ति बनी रहती है। यही कारण है कि आयातित पेट्रोल-डीजल पर निर्भर देश भारत की तुलना में अधिक तीव्र किल्लत और मुद्रास्फीति का सामना कर रहे हैं। भारत के पास नीतिगत लचीलापन भी है। तेल के विपरीत, सोने का आयात आर्थिक गतिविधियों के लिए अनिवार्य नहीं है। सरकार मुख्य औद्योगिक उत्पादन को नुकसान पहुंचाए बिना उच्च आयात शुल्क के माध्यम से सोने की मांग को कम कर सकती है। केंद्र सरकार ने हाल में सोने और चांदी पर आयात शुल्क 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया। इसका उद्देश्य विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव को कम करना और गैर-अनिवार्य आयात को हतोत्साहित करना है।

## आपकी आवाज

आज दुनिया सहित हमारा देश भारत भी ईरान - अमेरिका युद्ध से उपजे कठिन हालात के दौर से गुजर रहा है। सरकार संभावित ऊर्जा संकट और विदेशी मुद्रा बचाने वाले अन्य दीर्घकालिक उपायों को अपने रणनीतिक एजेंडे में मुख्य रूप से शामिल करना चाहती है। देशवासियों को हर उस चीज की हर संभव कम खरीदारी और उपभोग करना चाहिए जो आयात होता है। इससे न सिर्फ उनका पैसा बचेगा बल्कि आयात में कमी की वजह से विदेशी मुद्रा कम खर्च होगी और हमारा विदेशी मुद्रा भंडार मजबूत होगा। भू राजनीतिक अनिश्चितता के दौर में विदेशी मुद्रा भंडार की मजबूती बहुत महत्वपूर्ण है।

-मुन्ना स्वर्णकार

डीजल पेट्रोल और सोने की खपत कम करने के लिए देशवासियों से की गई अपील कम अवधि में राहत जरूर दे सकती है लेकिन हमें लंबी अवधि में इसका समाधान निकालना होगा क्योंकि हम इनके लिए काफी हद तक आयात पर निर्भर हैं। दुनिया दिनों दिन अनिश्चित होती जा रही है। ऐसे में पश्चिम एशिया जैसे संकट बार बार पैदा होने की संभावना है। हमें ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और सोने की खपत घटाने के टिकाऊ तरीके खोजने होंगे। तभी हम अपनी अर्थव्यवस्था को इस तरह के संकट से नकारात्मक तौर पर प्रभावित होने से बचा पाएंगे।

- राजीव वर्मा

अयात भारत की अर्थव्यवस्था के लिए लंबे समय से एक समस्या बना हुआ है। सोने की लोकप्रियता को देखते हुए कोई भी सरकार इसके आयात पर अंकुश के लिए कड़े कदम नहीं उठाना चाहती है। सोना काले धन को छिपाने का भी हथियार है। पिछले कुछ वर्षों के दौरान सोने की कीमतें बहुत तेजी से बढ़ी हैं। ऐसे में लोग निवेश के लिहाज से भी सोना खरीद रहे हैं। हालांकि यह एक अनुत्पादक संपत्ति है। सरकार को भारतीय परिवारों के मौजूद सोने के एक हिस्से को मोनेटाइज करने के लिए एक आकर्षक स्कीम लानी चाहिए। इससे सोने का आयात कम होगा और सरकार को विभिन्न क्षेत्रों में निवेश के लिए बड़ी रकम मिलेगी। ऐसे में हमें निवेश के लिए विदेशी पूंजी का इंतजार नहीं करना होगा।

-उदय राज

# वित्तीय प्रणाली पर भरोसे की कमी बढ़ाती है सोने की खरीदारी




डा. विकास सिंह
विशेषज्ञ, समग्र विकास


**भारत में सोने की दीवानगी के पीछे वित्तीय प्रणाली पर एक गहरा अविश्वास छिपा है। इसी वजह से लोग सोना खरीद कर घर में या लाकर में रखते हैं। उनको लगता है कि भविष्य में संकट आने पर वह कभी भी सोने को बेच कर अपनी जरूरतें पूरी कर सकते हैं। यह उनको आर्थिक सुरक्षा देता है।**

भारत में बचत को लेकर चल रही ताजा वित्तीय बहस साफ संकेत देती है कि देश अब महज अंधाधुंध विस्तार के दौर से निकलकर सटीक कार्यकुशलता के दौर में कदम रख रहा है। पिछले लगभग एक दशक से भारतीय व्यवस्था ने एक विशाल कंस्ट्रक्शन फर्म की तरह काम किया है, जिसने आर्थिक रफ्तार बनाए रखने के लिए सड़कों पर कंक्रीट और बैंक खातों में पूंजी की जमकर बौछार की। यह रणनीति उस वक्त बेहद कामयाब रही क्योंकि इसने कमजोर निजी निवेश के खालीपन को भर दिया, जिससे भारत दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं को पछाड़ते हुए आगे निकल सका। लेकिन सरकारी खर्च की अपनी एक सीमित सीमा होती है। जब एक रुपया किसी अकुशल प्रशासनिक ढांचे पर खर्च होता है, तो वह एक स्थाई देनदारी बन जाता है। जो राजस्व उत्पादक निवेश में लगना चाहिए था, वह सिर्फ इस पुराने तंत्र को चालू रखने में ही स्वाहा हो जाता है। धीरे-धीरे, वर्तमान व्यवस्था को चलाने की यह लागत हमारे भविष्य के विकास को ही निगलने लगती है। आज भारत आर्थिक रूप से इसी बदलाव के मोड़ पर खड़ा है। असली संकट राजकोषीय घाटा नहीं है, बल्कि राजकोषीय अकुशलता है। देश के कई राज्य अब अपने राजस्व का एक बहुत बड़ा हिस्सा सिर्फ अपनी मशीनरी को जिंदा रखने में खर्च कर रहे हैं। वेतन, पेंशन, सब्सिडी और ब्याज का भुगतान उन संसाधनों को खा रहा है। जब तयशुदा खर्च ही पूंजीगत व्यय को दबा देगा, तो राज्यों के पास उन औद्योगिक गलियारों, लाजिस्टिक्स हब, रिन्यूएबल एनर्जी और सेमीकंडक्टर पार्कों को बनाने की क्षमता ही नहीं बचेगी, जो भविष्य में टैक्स और औद्योगिक विकास की बुनियाद बनते हैं। इससे हमारी वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता सीधे तौर पर कमजोर होती है। लाजिस्टिक्स में निवेश किया गया एक रुपया माल ढुलाई की लागत घटाता है, सप्लाई-चेन को भरोसेमंद बनाता है और घरेलू मैन्युफैक्चरिंग को मजबूत करता है। यही वजह है कि भारत की वित्तीय बहस अब बदल चुकी है। राज्य के सामने अब सवाल सिर्फ खर्च करने या बचाने का नहीं है, बल्कि निवेश करने या हमेशा के लिए ठहर जाने का है। यही अनुशासन घरेलू पूंजी को अनलाक करने की कोशिशों में भी दिखता है, जैसे कि गोल्ड मोनेटाइजेशन। भारतीय परिवारों के पास 25,000 टन से ज्यादा सोना पड़ा है, और देश ने केवल एक साल (वित्त वर्ष 23-24) में ही 50 बिलियन डालर का सोना आयात किया। भौतिक सोने के प्रति यह दीवानगी इसलिए है क्योंकि करोड़ों बचतकर्ता इसे संस्थागत अनिश्चितता के खिलाफ सबसे सुरक्षित ढाल मानते हैं। यह असल में सोने की समस्या नहीं, बल्कि भरोसे का संकट है। वित्तीय प्रणालियों पर कम भरोसे के कारण घरेलू संपत्ति का एक बड़ा हिस्सा आर्थिक रूप से निष्क्रिय पड़ा रहता है। इससे रुपये पर दबाव बढ़ता है और देश को विदेशी पूंजी पर निर्भर रहना पड़ता है। पिछली मोनेटाइजेशन योजनाएं इसलिए नाकाम रहीं क्योंकि नीति-निर्माताओं ने इसे केवल एक वित्तीय समस्या माना, व्यावहारिक और सामाजिक व्यवहार की नहीं।

देखा जाए तो भारत का प्रशासनिक ढांचा अभी भी 21वीं सदी की डिजिटल अर्थव्यवस्था को 20वीं सदी की पुरानी मशीनरी से चलाने की कोशिश कर रहा है। देश भर में जिला कार्यालय आज भी बिखरे हुए डाटाबेस, ओवरलैपिंग विभागों, कागजी कार्रवाई और मैनुअल मंजूरी के फेर में फंसे हैं। यह घर्षण व्यापार की लागत को बढ़ाता है, फैसलों को धीमा करता है और वैश्विक कंपनियों को पूरी तरह भारत आने से रोकता है। इसलिए, किफायत या आस्टेरिटी की इस बहस को सरकार के छोटे होने के रूप में नहीं, बल्कि सरकार को अधिक उत्पादक बनाने के रूप में समझा जाना चाहिए। भारत को कमजोर सरकार नहीं, बल्कि एक ऐसी सरकार चाहिए जो हर खर्च को ठोस आर्थिक क्षमता में बदल सके। भारत अब उस दौर में प्रवेश कर रहा है जहां उसे केवल उसकी विकास दर की गति से नहीं, बल्कि उसके निष्पादन की गुणवत्ता से आंका जाएगा। नागरिक अब कल्याणकारी सुरक्षा और विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा दोनों एक साथ चाहते हैं।

निवेशक नीतिगत स्थिरता और प्रशासनिक गति दोनों की उम्मीद करते हैं। इन उम्मीदों को पूरा करने के लिए पूंजी का बेहद अनुशासित आवंटन जरूरी है। भारत के पास आज डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, बढ़ती मैन्यूफैक्चरिंग क्षमता, भू-राजनीतिक प्रासंगिकता और एक विशाल घरेलू बाजार जैसे वे फायदे हैं जो पहले कभी नहीं थे। ये ताकतें देश को संकट के बजाय आत्मविश्वास की स्थिति से सुधार करने का अवसर देती हैं। चुनौती अब केवल तेजी से बढ़ने की नहीं, बल्कि एक ऐसा राज्य बनाने की है जो इस विकास को दशकों तक बनाए रख सके।



## पांच दिनों तक गर्मी और उष्ण लहर जैसे हालात

जागरण संवाददाता, पटना : राजधानी सहित दक्षिण बिहार के ज्यादातर जिलों में उमस भरी गर्मी का प्रभाव बना हुआ है। पुरवा के कारण सुबह में मौसम सामान्य होने के बाद दोपहर से मौसम का मिजाज बिगड़ रहा है। आसमान साफ होने और धूप की तपिश अधिक होने के कारण तापमान में वृद्धि हो रही है। मौसम विज्ञान केंद्र पटना के अनुसार, पटना सहित कई जिलों में अगले पांच दिन तक गर्मी व उष्ण लहर जैसे हालात बने रहेंगे। अगले 24 घंटों के दौरान बक्सर, पूर्वी चंपारण एवं शेखपुरा में उष्ण लहर चलने के साथ दिन और रात गर्म रहने की संभावना है। पांच दिन बाद मौसम के तेवर थोड़ा कम होगा। पूर्वी उत्तर प्रदेश और उत्तर पूर्वी बिहार के ऊपर हवा का चक्रवातीय परिसंचरण का प्रभाव बना हुआ है। इनके प्रभाव से उत्तर बिहार के कुछ भागों में मौसम सामान्य रहने के आंशिक बादल छाए रहेंगे। कुछ स्थानों पर मेघ गर्जन के साथ वज्रपात की संभावना है। वहीं, दक्षिण पश्चिम मानसून को 26 मई के आसपास केरल तट पर पहुंचने के आसार हैं।

रविवार को पटना सहित 20 जिलों के अधिकतम तापमान में वृद्धि दर्ज की गई।

## वैश्य समाज को संगठित कर पंचायत स्तर तक किया जाएगा मजबूत

- राष्ट्रीय वैश्य महासभा की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष चौधरी का संबोधन
- समाज के विकास को ठोस नीतियों का खाका तैयार करने पर सहमति

जागरण संवाददाता, पटना : राष्ट्रीय वैश्य महासभा की ओर से रविवार को स्काडा बिजनेस सेंटर में प्रदेश पदाधिकारियों और जिलाध्यक्षों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष डा. पीके चौधरी ने की। मुख्य अतिथि महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री समीर कुमार महासेठ ने कहा कि वैश्य समाज का संख्या बल अधिक होने के बावजूद सामाजिक, राजनीतिक, शैक्षणिक और आर्थिक रूप से आज भी काफी पीछे है। वैश्य समाज हमेशा देश की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है। मेहनत के बल पर आगे बढ़ने वाला यह समाज मुख्यधारा से दूर है। प्रदेश अध्यक्ष डा. पीके चौधरी ने कहा कि पंचायत चुनाव से पहले संगठन को प्रदेश से लेकर पंचायत स्तर तक मजबूत किया जाएगा।

बिहार में वैश्य वर्ग लगातार अपराधियों के निशाने पर है, ऐसे में समाज की सुरक्षा और अधिकारों के लिए संघर्ष तेज किया जाएगा। महासभा की कोआर्डिनेशन कमेटी के अध्यक्ष कमल नोपानी और वैश्य भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष शिव गुप्ता ने कहा कि वैश्य भवन निर्माण और समाज के विकास के लिए ठोस नीतियों का खाका तैयार किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष डा. जगन्नाथ प्रसाद गुप्ता ने समाज के लोगों से एकजुट होकर आगे बढ़ने का आह्वान किया। बैठक में युवा प्रदेश अध्यक्ष मंजीत आनंद साहू ने अतिथियों का स्वागत किया। धन्यवाद ज्ञापन पूर्व पार्षद प्रमोद गुप्ता ने किया। मौके पर पूर्व प्रत्याशी मोहन गुप्ता, राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजू गुप्ता, स्मिता पूर्वे, अखिलेश जायसवाल, हाकिम प्रसाद, ओमप्रकाश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।



पटना के स्काडा बिजनेस सेंटर मे आयोजित राष्ट्रीय वैश्य महासभा बिहार के पदाधिकारियों की बैठक में शामिल प्रदेश अध्यक्ष डा. पीके चौधरी • जागरण

## भारत में अवैध रूप से प्रवेश करते चीन का नागरिक गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, रक्सौल (पूर्वी चंपारण) : नेपाल सीमा पर मैत्री पुल के पास शनिवार की रात सुरक्षा एजेंसियों ने भारत में अवैध रूप से प्रवेश करते एक चीन के नागरिक को गिरफ्तार किया है। हरैया थाना पुलिस एवं एसएसबी की संयुक्त कार्रवाई में उसके पास से संदिग्ध दस्तावेज, नेपाली सिम कार्ड, नकदी तथा आपत्तिजनक विज्ञापन पत्र बरामद हुए हैं। उसकी पहचान चीन के जियांग शानडोंग प्रांत निवासी 58 वर्षीय याओ शुजांग के रूप में हुई है।

बरामद पासपोर्ट संख्या ईजे 0138408 के अनुसार वह चीनी नागरिक है। पासपोर्ट में उसकी जन्म तिथि 27 अगस्त 1968 दर्ज है। दस्तावेजों के अनुसार पासपोर्ट 24 दिसंबर 2019 को जारी हुआ था, जिसकी वैधता 23 दिसंबर 2029 तक है। थानाध्यक्ष किशन कुमार पासवान ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि एक चीनी नागरिक नेपाल से मैत्री पुल के रास्ते भारत में प्रवेश कर रहा है। उसी दौरान पकड़ लिया। पूछताछ में उसने बताया कि वह वर्ष 2022 से अब तक छह से सात बार चीन से खिलौने लेकर नेपाल आता रहा है।

## सिकटा में कब्रिस्तान में पांच लोग करंट लगने से झुलसे

संसू, जागरण • सिकटा (पश्चिम चंपारण) : बलथर थाना के गौरीपुर कब्रिस्तान में रविवार की सुबह करीब 10:30 बजे शव दफनाने के दौरान जनाजे का खटोला हाईटेंशन तार के संपर्क में आने से पांच लोग झुलस गए, जबकि 12 लोगों को झटका भी लगा है। कब्रिस्तान में थोड़ी देर के लिए अफरातफरी मच गई। शव को दफनाने का कार्य छोड़कर लोग घायलों को लेकर अस्पताल पहुंचे। सभी को अलग-अलग निजी चिकित्सकों के यहां भर्ती कराया गया है।

घायलों में पुरुषोतमपुर थाना के सगरौवा निवासी शेख साजिद उर्फ साहेब, गोपालपुर थाना के महमदवा निवासी शेख हसमुद्दीन, बलथर थाना के शेखटोला के गुलरेज आलम व सज्जाद आलम समेत रामनगर थाना के मुरली गांव के शेख मोइज का पुत्र सरताज आलम हैं। ये सभी शेखटोला के बहरूल आलम की पत्नी अफसाना खातून के इंतकाल के बाद जनाजे में शामिल होने आए थे। घटना का कारण हाईटेंशन तार का नीचे लटकना बताया गया है। कब्रिस्तान में जनाजे की नमाज अदा हो चुकी थी। कड़ी धूप के कारण कुछ लोग कब्रिस्तान के समीप बांसवाड़ी के नीचे खड़े थे। वहीं से होकर बिजली का हाईटेंशन तार मुरली गांव की सप्लाई के लिए गया है। जनाजे के खटोले से शव को उठाकर कब्र में दफन किया जा रहा था। इसी बीच कुछ लोगों ने खटोला को सीधा खड़ा किया जो हाईटेंशन तार में जाकर सट गया। जो लोग खटोले को खड़ा कर रहे थे, वे सभी करंट के चपेट में आ गए। 12 लोगों को करंट का झटका लगा। इसमें पांच लोग झुलस गए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि कब्रिस्तान के समीप जमीन से महज 12- 13 फीट ऊपर से हाईटेंशन तार गुजरा है।



कब्रिस्तान से होकर गुजरा हाईटेंशन तार

## पश्चिम चंपारण में आर्केस्ट्रा से गर्भवती समेत छह लड़कियां मुक्त

जासं, बेतिया/ शनिचरी(पश्चिम चंपारण): मानव तस्करी विरोधी अभियान के तहत पुलिस की जिला एंटी ट्रैफिकिंग यूनिट, मिशन मुक्ति फाउंडेशन एवं चाइल्ड लाइन के सहयोग से शनिवार की रात 11 बजे के शनिचरी थाने के दो अलग-अलग जगहों पर संचालित आर्केस्ट्रा में छापेमारी की गई। इसमें पश्चिम बंगाल की पांच एवं सीतामढ़ी की एक किशोरी को मुक्त कराया गया है। इनके साथ पांच युवकों को भी हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। मुक्त कराई गई डांसरों में से पश्चिम बंगाल की 17 वर्षीय किशोरी गर्भवती भी है।

पूछताछ के दौरान किशोरियों ने बताया है कि इन्हें आर्केस्ट्रा में डांस करने के लिए बुलाया गया था। जिस दिन डांस का प्रोग्राम बुक नहीं होता था, उस रात संचालक उनसे देह व्यापार कराता था। सदर एसडीपीओ टू रजनीश कांत प्रियदर्शी ने बताया कि शनिचरी थाना के बहुअरवा गांव में आर्केस्ट्रा संचालक योगापट्टी के मच्छरगांवा निवासी रामबाबू गुप्ता के दो ठिकाने हैं। एक ठिकाने में ताला बंद मिला।

# अवैध बालू खनन कर रहे लोगों का वनकर्मियों पर हमला

संवाद सूत्र, जागरण • हरनाटांड़ (पश्चिम चंपारण) : वाल्मीकि टाइगर रिजर्व के हरनाटांड़ वन क्षेत्र अंतर्गत नौरंगिया दोन वन परिसर में अवैध बालू खनन की सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम पर हमला कर दिया गया। उनके साथ मारपीट की गई। इसमें चार वनकर्मी घायल हो गए। उनका मोबाइल छिनकर तोड़ दिया। विभाग ने एक जेसीबी, एक ट्रेलर तथा दो बाइक को जब्त करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है।

हरनाटांड़ के रेंजर शिव कुमार राम ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि कुछ लोगों द्वारा सिंगड़हवा दोन के समीप एन/26 कंपार्टमेंट से अवैध बालू खनन किया जा रहा है। सूचना पर टीम वहां पहुंची तो नौरंगिया दोन निवासी सुग्रीव साह उर्फ भगेलू साह सहित सात लोग अवैध खनन कर रहे थे। जब वन विभाग की टीम ने कार्रवाई शुरू की तो उन्होंने इसका विरोध शुरू कर दिया। इसके बाद वनकर्मियों की टीम के साथ अभद्रता, गाली गलौज व मारपीट की गई। इस दौरान आरोपियों के द्वारा वनपाल, वनरक्षी सहित अन्य कर्मियों का मोबाइल भी छीन लिया और उसे तोड़ दिया गया। मारपीट में घायल वनपाल रविशंकर राम, वनरक्षी विवेक कुमार, अश्विनी ठाकुर और गणेश कुमार को हरनाटांड़ पीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज किया गया। सूचना पर एसीएफ सत्यम कुमार के नेतृत्व में गोनौली, मदनपुर और चिउटाहा वन क्षेत्रों से अतिरिक्त वनकर्मियों की टीम को भेजा गया। साथ ही स्थानीय गोबरहिया थाना पुलिस को भी सूचना दी गई। संयुक्त कार्रवाई में वन विभाग ने एक जेसीबी,एक ट्रेलर और दो बाइक को जब्त किया है।


## Bihar Urban Infrastructure Development Corporation Ltd.

A Government of Bihar Undertaking

### NOTICE INVITING Re - TENDER

**NIT No: Buidco/Yo-3210/2025- 34**

(Through e-procurement2.bihar mode only – www.eproc2.bihar.gov.in)

| Sr.No | Name of work | Estimated Cost (Rs in Lakh) | Bid Processing fees | Bid Document Cost (in Rs) | Bid Security (EMD) (Rs in Lakh) | Time of completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
सरोद भारतीय शास्त्रीय संगीत में गूंजयुक्त प्रभावशाली तंत्री वाद्य है। इसमें गहराई, करुणा और आध्यात्मिकता का अनुभव होता है। 'सरोद' शब्द फारसी भाषा के शब्द 'सुरूद' से निकला माना जाता है, जिसका अर्थ है संगीत, मधुर ध्वनि या गायन। संगीतविदों के अनुसार, सरोद का विकास अफगानिस्तान के रबाब नामक वाद्य से हुआ। धीरे-धीरे भारतीय संगीत की रागदारी और सूक्ष्म स्वर प्रणाली के अनुरूप इस वाद्य में परिवर्तन किए गए। रबाब में मींड और गमक जैसी सूक्ष्मता को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करना कठिन था, इसलिए भारतीय उस्तादों ने अंगुलियों से बजने योग्य चिकनी धातु की फिंगरबोर्ड, अतिरिक्त तार व अनुनादी तार जोड़कर उसे विकसित स्वरूप दिया, जिसे हम सरोद के रूप में जानते हैं।

सरोद के विकास में विशेष योगदान अफगान मूल के बंगश परिवार का रहा। उस्ताद गुलाम अली बंगश और उनके वंशजों ने सरोद के स्वरूप और वादन शैली को व्यवस्थित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समय के साथ सरोद का आकार बड़ा हुआ, उसके तारों की संख्या बढ़ी और उसकी ध्वनि अधिक गूंजपूर्ण बनती गई। सरोद को जवा नामक पिक से बजाया जाता है।

19वीं शताब्दी के उत्तरार्ध और 20वीं शताब्दी के आरंभ में कई महान उस्तादों ने सरोद को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। उस्ताद हाफिज अली खान ने ग्वालियर घराने में सरोद को प्रतिष्ठित किया और ध्रुपद अंग को प्रभावशाली बनाया। उनके पुत्र अमजद अली खान ने सरोद को अंतरराष्ट्रीय मंच पर नई पहचान दिलाई। अनेक नए रागों की रचना की और विश्वभर में भारतीय संगीत का प्रतिनिधित्व किया। दूसरी ओर मैहर घराने में अलाउद्दीन खान ने सरोद वादन में अनुशासन, रागों की गहराई तथा तंत्रकारी शैली को विकसित किया। उनके भाई उस्ताद अयेत अली खान ने सरोद में कई बदलाव किए, जिन्हें आज 'मैहर सरोद' के नाम से जाना जाता है। इसी परंपरा में अली अकबर खान, राधिकामोहन मैत्र और उस्ताद बहादुर खान का भी नाम आता है।

सरोद की वादन शैली मुख्यतः आलाप, जोर, झाला और गत के क्रम में विकसित होती है। इसका आलाप गंभीर और ध्यानमय वातावरण उत्पन्न करता है, जबकि झाला भाग में इसकी तीव्रता और लयकारी मंत्रमुग्ध कर देती है। सरोद में प्रयुक्त मींड तकनीक विशेष रूप से प्रसिद्ध है, क्योंकि कलाकार अपनी नाखूनों की सहायता से तारों पर लंबे और भावपूर्ण स्वर खींच सकता है। यही विशेषता इसे सितार और अन्य तंत्री वाद्यों से अलग पहचान देती है।

सरोद के विभिन्न घराने समय के साथ विकसित हुए, जिनमें सेनिया बंगश घराना, शाहजहांपुर घराना, लखनऊ घराना और मैहर घराना प्रमुख हैं। प्रत्येक घराने की अपनी विशिष्ट शैली रही है। आधुनिक समय में कुछ कलाकारों ने इलेक्ट्रानिक सरोद और फ्यूजन संगीत में भी इसका प्रयोग प्रारंभ किया है, किंतु शास्त्रीय परंपरा में आज भी पारंपरिक सरोद को सर्वोच्च महत्व प्राप्त है।

tnmoffice@gmail.com

भाषा विमर्श



डा. बुद्धिनाथ मिश्र
देहरादून, उत्तराखंड

## सुवेंदु नहीं, शुभेंदु कहिए मान्यवर!



**रोमन अक्षर 'वी' को बांग्लाभाषी 'भी' कहते हैं और उसी के अनुसार शब्द बोलते भी हैं, जैसे वेनिस को भेनिस और वाइस चांसलर को भाइस चांसलर। इसीलिए शुभेंदु को बांग्ला और नागरी लिपि में शुभेंदु ही लिखा जाता है, सुवेंदु नहीं...**

वैसे तो बांग्ला भाषा में संस्कृत शब्दों का पूरा वर्चस्व है, लेकिन उच्चारण उसकी निजी विशेषता है। यह सभी लोकभाषाओं के साथ है। बंगाल के नए मुख्यमंत्री श्री शुभेंदु अधिकारी के नाम को लेकर भी बाहरी लोगों को यही द्विविधा है। वे अंग्रेजी नाम में रोमन 'वी' अक्षर देखकर अपने उच्चारण के अनुसार 'सुवेंदु' मान लेते हैं, मगर ऐसी बात नहीं है। जिस रोमन अक्षर को हम 'वी' कहते हैं, उसे बांग्लाभाषी 'भी' कहते हैं और उसी के अनुसार बोलते भी हैं, जैसे वाइवा को भाइभा, वेनिस को भेनिस और वाइस चांसलर को भाइस चांसलर। शुभेंदु को बांग्ला और नागरी लिपि में शुभेंदु ही लिखा जाता है, सुवेंदु नहीं। रोमन में वह 'भ' ही है, 'व' नहीं। इसी प्रकार, दक्षिण भारतीय नाम सीतारामन को प्रायः लोग सीतारमण लिख देते हैं। यह रोमन लिपि की कमियों का परिणाम है।

लोकभाषा के स्थानीय उच्चारण का प्रभाव संस्कृत शब्दों पर कैसे पड़ता है, इसका मनोरंजक उदाहरण है 'अमरूद'। अमरकोश में सभी भारतीय फलों के नाम हैं, लेकिन अमरूद नहीं है। कोशकार अमर सिंह के अनुयायियों ने कहा कि शायद कोशकार वन में उसी की डाल पर बैठकर नामों का संकलन कर रहे थे, इसीलिए जिस वृक्ष की डाल पर बैठे थे, उसी को भूल गए। वैसे, संस्कृत का अमृत फल अमरूद ही है। नागरी लिपि के ऋ का उच्चारण कहीं कृष्ण वाला होता है, कहीं ग्रह वाला, तो कहीं रुत वाला। इसके कारण, एक जगह बालगृह के साइन बोर्ड में 'बालग्रह' लिखा मिला, जिसने अर्थ का अनर्थ कर डाला। दक्षिणी-पश्चिमी राज्यों में अमृत का उच्चारण 'अमृुत' होता है। इसीलिए अमृतांजन के विज्ञापन में धड़ल्ले से अमुतांजन बोला जाता है। ब्रज और ब्रिज भी इसके उदाहरण हो सकते हैं।

बांग्लाभाषी समाज संस्कृत शब्दों के प्रयोग में हिंदीभाषी समाज से चार कदम आगे है। वह अपने बच्चों के नाम बंकिम, महाश्वेता, अन्वेषा, अनिंदिता, अनिर्वाण, उत्पल जैसे शब्द संस्कृत कोश से निकाल कर रखता है। यही नहीं, ऐक्यबद्ध, धर्मघट जैसे शब्द भी बंगाल की दीवारों पर लिखे मिलेंगे। शुभेंदु भी संस्कृत का प्यारा शब्द है, जिसका अर्थ है मंगलकारी चंद्रमा। शुभ-मंगलकारी, इंदु- चंद्रमा। इसके विपरीत, सुवेंदु का कोई अर्थ नहीं बनता।

फिल्म जगत में एक नाम खूब लोकप्रिय है -कैष्टो मुखर्जी। बांग्ला में अ का उच्चारण ओ होता है, जैसे अरविंद को वे लिखेंगे अरविंद ही, मगर बोलेंगे ओरोबिंदो। तो कैष्टो रह गए कैष्ट। बांग्ला लिपि में संयुक्ताक्षर 'ष्ण' का उच्चारण ष्ण भी होता है और 'ष्ट' भी। इस प्रकार कैष्टो भी कृष्ण ही हैं। इसका शातिराना उपयोग करते हुए मिशनरियों ने भोले-भाले हिंदुओं को समझा दिया कि कृष्ण ही क्राइस्ट (ईसा मसीह) हैं। नागरी लिपि सर्वाधिक वैज्ञानिक और विकसित है, इसीलिए बांग्लाभाषी विद्वानों ने भी नागरी लिपि के प्रचार का बहुत काम किया। वे पूरे देश में नागरी लिपि चलाकर देश की भाषा समस्या को हल करना चाहते थे। काशी में भी नागरी प्रचारिणी सभा का नाम भी नागरी के प्रचार को निमित्त बनाकर रखा गया था।

buddhinathji@gmail.com



# मनोरंजन

## मूल्यांकन कल से बेहतर बनने का मौका देता है

सात सवाल?

**डिजिटल प्लेटफार्म पर अभिनेता सनी हिंदुजा लगातार अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज करा रहे हैं। संदीप भैया जैसे चर्चित किरदारों के बाद अब वह अमेजन एमएक्स प्लेयर की वेब सीरीज विमल खन्ना में हीरोइक अंदाज में नजर आए हैं। अपने किरदारों के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से पूरी तैयारी करने वाले सनी मानते हैं कि अभिनय उनके लिए किसी जादू से कम नहीं है। योग, आत्ममूल्यांकन और हालीवुड में काम करने की इच्छा जैसे कई विषयों पर इंदौर के रहने वाले सनी से हुई बातचीत :**



**● गंभीर किरदारों के बीच हीरो बनने का अनुभव कैसा होता है?**

- हर कलाकार का सपना होता है कि उसके पात्र के नाम पर शो बने, मेरे साथ तो दूसरी बार ऐसा हो रहा है। उससे पहले संदीप भैया भी किया है। देखिए कनौज की आरजू कम तो होती नहीं है, जो मिल रहा है, सर्वश्रेष्ठ है। जब आप काम को नए तरीके से करते हैं, तो उससे जुड़ी हर चीज नई लगती है। वही हो रहा है। यह सीरीज सुरेंद्र मोहन पाठक के उपन्यास पर आधारित है, जब इसका आफर आया था, तभी मैंने वह उपन्यास पढ़ लिया था। तब तक इसकी स्क्रिप्ट भी नहीं लिखी गई थी। आज के दौर के हिसाब से उसे अडाप्ट किया गया है।

**● इस शो के लिए आपने फिटनेस पर काफी काम किया है...**

- मैं जब कोई किरदार करता हूं, तो उसे मानसिक, शारीरिक, आर्थिक हर लिहाज से पकड़ने की कोशिश करता हूं। इस शो को लिखा ही ऐसा गया था, जहां शारीरिक कायांतरण आवश्यक था। मैं इसके लिए योग को पूरा श्रेय दूंगा।

**● अब तो आप कई शो में बतौर लीड काम कर रहे हैं, लेकिन जब अंडररेटेड (कम आंका जाना) एक्टर कह कर एक-दो सीन के लिए सराहना मिल जाता थी, तो बुरा लगता था?**

- सच कहूं, तो मुझे उसमें भी कभी कोई खराबी नहीं लगी कि क्यों एक सीन मिला या उसकी सराहना हुई। उन्हीं रोल के कारण यहां तक पहुंचा हूं। यह लोगों का प्यार है, जिनके बिना आप कुछ नहीं हैं। बाकी हमारी फिल्ममेकिंग की खूबसूरती है कि जहां कलाकार गड़बड़ करता है या लड़खड़ाता है, उसे संभालने के लिए बहुत सी चीजें होती हैं। जैसे एंट्री पर बैकग्राउंड म्यूजिक बज जाता है, तो हीरो दमदार लगता है।

**● आप अपनी पब्लिसिटी के लिए किस हद तक खर्च करना सही समझते हैं?**

- सीमा तो जीवन में हर चीज की होनी चाहिए। मैं संदीप भैया शो करता हूं, तो उसकी कही बात में यकीन करता हूं कि जीवन का असली लक्ष्य संतुलन बनाना है। हर चीज से सीखें, लेकिन अपने दिल की जरूर सुनें। बाकी पब्लिसिटी कितनी करनी है कितनी नहीं, यह व्यक्ति विशेष पर निर्भर करता है।

**● आप खुद का मूल्यांकन कैसे करते हैं?**

- मैं खुद को लेकर दूसरों की मान्यताओं पर निर्भर रहता हूं कि वह मेरे बारे में क्या सोच रहे हैं। हालांकि पिछले ढाई-तीन साल से योग कर रहा हूं, जिसने मुझे यह भी सिखाया है कि रुककर पहले अपने भीतर झांको। अपना मूल्यांकन आपको रोज करना है, नहीं तो पता कैसे चलेगा कि आगे सही जा रहे हैं या नहीं। मूल्यांकन आपको कल से बेहतर बनने का मौका देता है।

**● क्या यह अभिनय के पेशे में संभव है?**

- अभिनय का पेशा रहस्य है। वहां कुछ भी हो सकता है, हालांकि मेरे लिए यह पेशा किसी जादू से कम नहीं है। मुझे खुद भी समझ नहीं आता है कि मैं कैसे कर लेता हूं। मैं काम अपनी समझ से करता हूं, लेकिन मुझे दूसरों से सुझाव लेने में कोई समस्या नहीं है।

**● मेट गाला का लुक बनाने के बाद क्या इच्छा जगी कि हालीवुड में काम किया जाए?**

- हां, क्यों नहीं। हालांकि, मैं ऐसा अपने देश में काम करने के साथ करना चाहता हूं। सिनेमा के जरिए भी हम विश्वस्तर पर पहुंच चुके हैं। अभिनय के जरिए फिलहाल न सही, लेकिन बतौर निर्माता मेरी वह इच्छा पूरी हो रही है। मैं और मेरी पत्नी ने मिलकर शार्ट फिल्म टैट्स अ रैप बनाई है, जिसे जापान लेकर जा रहे हैं। हो सकता है कि निर्माता के तौर पर विश्व में पहचान मिल जाए। कला का मैदान खुला है, देखते हैं कहां तक पहुंचेंगे। (प्रियंका सिंह)

मनोरंजन से जुड़ी अन्य खबरों के लिए स्कैन करें या विजिट करें jagran.com

## जिसके लिए हुई थी खुशी रिजेक्ट, पेड्डी में जाह्नवी को मिला वही रोल

**अभिनेत्री जाह्नवी कपूर** इन दिनों हिंदी सिनेमा के साथ-साथ दक्षिण भारतीय फिल्में भी कर रही हैं। आगामी दिनों में वह राम चरण अभिनीत फिल्म पेड्डी में नायिका अचियम्मा की भूमिका में नजर आएंगी। हालांकि, इस रोल को लेकर दिलचस्प बात यह है कि जाह्नवी से पहले यह रोल उनकी छोटी बहन और अभिनेत्री खुशी कपूर को आफर हुआ था।

फिल्म के निर्देशक बुची बाबू सना ने इस बारे में हाल ही में एक इंटरव्यू में बताया कि मैंने शुरू में खुशी कपूर को फिल्म की कहानी सुनाई थी। हालांकि, जब मैंने उन्हें सामने से खुद देखा, तो मुझे लगा कि वह इस पात्र के लिए बहुत छोटी हैं। अब सोचिए मुझे खुशी को रिजेक्ट करके उसी घर में जाह्नवी को वही कहानी सुनानी पड़ी। मुझे बुरा लगा और मैंने जाह्नवी से भी पूछा था कि क्या खुशी को इसका बुरा नहीं लगा?

आगे बुची ने कहा कि मैंने बताया कि मैंने उनकी बहन को क्यों रिजेक्ट किया। मैंने खुशी की तरफ देखा, हाय हेल्लो के बाद उनसे कहा कि मुझे फिल्म में आप नहीं, आपकी बहन चाहिए। सिनेमा के लिए ऐसी चीजें करनी पड़ती हैं। स्पोर्ट्स एक्शन ड्रामा पेड्डी चार जून को सिनेमाघरों में प्रदर्शित होगी।



खुशी और जाह्नवी दोनों बहनें कर रही हैं फिल्म इंडस्ट्री में काम ● इंस्टाग्राम

### आज का भविष्यफल- 18 मई, 2026 सोमवार

पं. के.ए. दुबे पद्मेश

**आज की ग्रह स्थिति**
अधिक ज्येष्ठ मास, शुक्ल पक्ष द्वितीया।

**आज का राहुकाल**
प्रात: 07 बजकर 30 मिनट से 09 बजे तक।

**आज का दिशाशूल** : पूर्व

**कल 19 मई, 2026 का पंचांग**





**कल का दिशाशूल** : उत्तर
**कल की भद्रा** : रात्रि 12 बजकर 43 मिनट से प्रात: 11 बजकर 08 मिनट तक।
विक्रम संवत 2083 शके 1948 उत्तरायण, उत्तरगोल, वसंत ऋतु, अधिक ज्येष्ठ मास, शुक्ल पक्ष की तृतीया 14 घंटे 19 मिनट तक, तत्पश्चात चतुर्थी, मृगशिरा नक्षत्र 08 घंटे 42 मिनट तक तत्पश्चात आर्द्रा नक्षत्र, धृति योग 17 घंटे 49 मिनट तक तत्पश्चात शूल योग, मिथुन में चंद्रमा।

**मेष** : पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

**वृष** : सामाजिक व आर्थिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। बहुप्रतीक्षित कार्य संपन्न होने से आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** : धार्मिक प्रवृत्ति में वृद्धि होगी। रचनात्मक प्रयास फलीभूत होंगे। शासनसत्ता का सहयोग रहेगा।

**कर्क** : जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। रिश्तों में निकटता आएगी, लेकिन स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**सिंह** : वाणी पर संयम रखें। यात्रा की स्थिति सुखमय होगी। संपत्ति के मामलों में सफलता मिलेगी।

**कन्या** : रिश्तों में निकटता आएगी, लेकिन क्रोध पर नियंत्रण रखें। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

**तुला** : पिता का सहयोग रहेगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। शासनसत्ता का सहयोग रहेगा।

**वृश्चिक** : स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। भागदौड़ रहेगी।

**धनु** : झगड़े-विवाद से बचें। आपकी राशि पर लघुकल्याणकारी शनि की ढैया चल रही है।

**मकर** : आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। तनाव मिल सकता है।

**कुंभ** : चली आ रही समस्या का समाधान होगा। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

**मीन** : मंगल के कारण तनाव मिल सकता है। व्यावसायिक मामलों में सफलता मिलेगी।

### वर्ग पहेली-3338



© Bird Features & Writing Agency

**बाएं से दाएं:**
1. आगे बढ़ना, प्रयत्न (4)।
3. गहरी चोट पहुंचाना (2,3)।
6. कौशल, बाजीगरी (4)।
8. अनाथ, बिना मां-बाप का (3)।
10. कौशल देश, अयोध्या (3)।
11. जिसमें केसर पड़ा हो, केसरिया (4)।
13. बोलने में अटकना (4)।
15. घटना (3)।
16. नगर संबंधी (3)।
17. संतोष की बात (4)।
20. करीब-करीब (5)।
21. चांद को यह भी कहते हैं (4)।

**ऊपर से नीचे:**
1. अपने राज्य में मिला लेना... कहलाता है (5)।
2. सुगंध, गमक (3)।
4. यह मुंबई हमले का मुख्य आरोपी था (3)।
5. अनेक प्रकार का (4)।
7. प्रविधि, शिल्प विज्ञान (4)।
9. मजाक पसंद (4)।
10. किसी को अपना बना लेना (4)।
12. लूट-मार (4)।
14. पालन-पोषण (5)।
15. निम्न कोटि का (4)।
17. निर्धन, जो अमीर न हो (3)।
18. अंधकार (3)।

**कल का हल**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | श्वा | स | न | | स | म | झ | | का |
| | | | लिं | फा | फा | | ल | | म |
| अ | थ | प | का | | च | ह | क | | या |
| ग | | त | | | ट | | नौ | या | ब |
| र | त | ला | म | | | | | मि | |
| | मा | | | | | स | हे | नी | य |
| वि | शा | ल | | हे | | | टा | | व |
| क | | थ | प्प | इ | | सं | ना | त | न |
| रा | | प | | पं | क | इ | | | |
| ल | | थ | म | ना | | कौ | बा | य | ली |

### सुडोकू-3338

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | 9 | | 3 | | 4 |
| | | 9 | | | | 7 | | |
| | 8 | | 4 | | 7 | | 2 | 1 |
| 4 | | | 7 | | | 6 | | 8 |
| | 6 | 3 | | | 9 | | 4 | |
| 7 | | | | 4 | | | | 9 |
| | 2 | | 5 | | | | 9 | |
| 5 | | 4 | | 6 | | 1 | | 2 |
| 9 | | | 3 | | 4 | | 5 | |

**कल का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | 5 | 4 | 2 | 1 | 3 | 8 | 7 |
| 1 | 2 | 8 | 7 | 3 | 9 | 4 | 6 | 5 |
| 7 | 3 | 4 | 6 | 8 | 5 | 2 | 1 | 9 |
| 3 | 5 | 2 | 8 | 7 | 6 | 9 | 4 | 1 |
| 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 2 | 8 | 5 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 |
| 2 | 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 5 | 9 | 3 |
| 5 | 8 | 6 | 2 | 9 | 3 | 1 | 7 | 4 |
| 9 | 1 | 3 | 5 | 4 | 7 | 6 | 2 | 8 |

# भारत को मिलने लगा निर्यात विविधता का लाभ

## पिछले साल कुल निर्यात में उत्तरी व दक्षिणी अमेरिका और उत्तर-पूर्व एशिया की हिस्सेदारी 35% रही

- नए बाजार तलाशने की कवायद का दिखा नतीजा, अप्रैल में भी निर्यात 13 प्रतिशत बढ़कर 43.56 अरब डालर रहा
- वैश्विक व्यापार में रुकावटों के बावजूद एशिया, अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका को निर्यात में हुई मजबूत वृद्धि

नई दिल्ली, प्रेट्र: निर्यात विविधता का अब भारत को मिलने लगा है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों पर गौर करें तो पिछले साल कुल निर्यात में उत्तरी अमेरिका, उत्तर-पूर्व एशिया और दक्षिण अमेरिका की हिस्सेदारी 35 प्रतिशत से ज्यादा रही। वित्त वर्ष 2025-26 में भारत का कुल वस्तु निर्यात 441.78 अरब डालर रहा है। भारत द्वारा निर्यात विविधता और नए बाजार तलाशने की कवायद का ही नतीजा रहा कि अप्रैल 2026 में भी निर्यात 13 प्रतिशत बढ़कर 43.56 अरब डालर रहा है।




पिछले वर्ष पूर्वी अफ्रीका को निर्यात 13.7 प्रतिशत बढ़कर 12.6 अरब डालर हो गया, जो कुल निर्यात का 2.9 प्रतिशत है। उत्तरी अफ्रीका को निर्यात 14.8 प्रतिशत बढ़कर आठ अरब डालर हो गया और कुल निर्यात में 1.8 प्रतिशत हिस्सेदारी रही। कुल निर्यात में उत्तरी अमेरिका का दबदबा बना हुआ है और पिछले साल इस क्षेत्र को निर्यात 97.7 अरब डालर रहा। यह कुल निर्यात का 22.1 प्रतिशत है। हालांकि, निर्यात में वृद्धि की बात करें तो यह साल-दर-साल मात्र 1.3 प्रतिशत रही।

निर्यात में सबसे ज्यादा तेजी उत्तर-पूर्व एशिया क्षेत्र में रही। इस क्षेत्र में निर्यात 21.6 प्रतिशत बढ़कर 41.6 अरब डालर हो गया और इससे भारत के कुल निर्यात में इस क्षेत्र की हिस्सेदारी बढ़कर 9.4 प्रतिशत हो गई। इस क्षेत्र में इंडियन इलेक्ट्रानिक्स, इंजीनियरिंग गुड्स, केमिकल और इंडस्ट्रियल प्रोडक्ट की मांग बढ़ रही है। चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, उत्तर कोरिया, मंगोलिया और ताइवान जैसे देश इस क्षेत्र में आते हैं।

दक्षिण अमेरिका को निर्यात 7.8 प्रतिशत बढ़कर 16.4 अरब डालर हो गया। कुल निर्यात में इस क्षेत्र की हिस्सेदारी 3.7 प्रतिशत रही। एक अधिकारी ने कहा, यह आंकड़े बताते हैं कि भूराजनीतिक तनाव के बावजूद वित्त वर्ष 2025-26 में एशिया, अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका को निर्यात में मजबूत वृद्धि हुई है।

### अप्रैल में भारत का रत्न एवं आभूषण निर्यात नौ प्रतिशत घटा

मुंबई, प्रेट्र: पश्चिम एशिया विवाद के चलते अप्रैल में भारत का रत्न एवं आभूषण निर्यात 9.07 प्रतिशत घटकर 20,825.01 करोड़ रुपये रह गया। उद्योग संगठन रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) के मुताबिक, 2025 में इसी महीने कुल निर्यात 20,952.26 करोड़ करोड़ रुपये था। उद्योग संगठन के चेयरमैन किरीट भंसाली ने बताया कि निर्यात में गिरावट मुख्य रूप से पश्चिम एशिया में चल रहे विवाद की वजह से है। अप्रैल में कटे और पालिश किए हुए हीरों का कुल निर्यात 19.65 प्रतिशत घटकर 89.09 करोड़ डालर रह गया जबकि पिछले साल इसी समय यह 11.08 करोड़ डालर था। लैब में बने पालिश किए हुए हीरों का निर्यात अप्रैल में 15.53 प्रतिशत घटकर 9.3 करोड़ डालर रह गया, जबकि पिछले साल इसी समय यह 11.04 करोड़ डालर था। अप्रैल में सोने की ज्वेलरी का निर्यात 21.77 प्रतिशत घटकर 84.15 करोड़ डालर रह गया। हालांकि, इस दौरान चांदी के गहनों का निर्यात 444 प्रतिशत बढ़कर 26.83 करोड़ डालर रहा है।

## नौ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 3.12 लाख करोड़ रुपये घटा

नई दिल्ली, प्रेट्र: बीते सप्ताह दोनों प्रमुख सूचकांकों सेंसेक्स और निफ्टी में रही बड़ी गिरावट के चलते बीएसई में सूचीबद्ध शीर्ष-10 में से नौ कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में 3.12 लाख करोड़ रुपये की गिरावट रही है। सप्ताह के दौरान बीएसई सेंसेक्स 2,090.2 अंक और एनएसई का निफ्टी 532.65 अंक घटा है।

डाटा के अनुसार, बीते सप्ताह रिलायंस इंडस्ट्रीज के पूंजीकरण में सबसे अधिक 1.34 लाख करोड़ रुपये की कमी आई। अब कंपनी का बाजार पूंजीकरण घटकर 18.08 लाख करोड़ रुपये रह गया है। इसके अलावा, एसबीआइ, टीसीएस, बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक, आइसीआइसीआइ बैंक, लार्सन एंड टूब्रो, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एलआइसी का बाजार पूंजीकरण भी घटा है। सप्ताह के दौरान केवल भारती एयरटेल के बाजार पूंजीकरण में 42,470.13 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई है।

## पिछले वर्ष हाइब्रिड म्यूचुअल फंड में 1.55 लाख करोड़ का निवेश

- वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच निवेशकों ने संतुलित निवेश विकल्प अपनाए
- हाइब्रिड फंड के फोलियो बढ़कर 1.9 करोड़ हुए, एक साल पहले इनकी संख्या 1.56 करोड़ थी

नई दिल्ली, प्रेट्र: बाजार में उतार-चढ़ाव और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच निवेशकों ने संतुलित निवेश विकल्पों की ओर रुख किया है, जिसके चलते हाइब्रिड म्यूचुअल फंड योजनाओं में वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान 1.55 लाख करोड़ रुपये का निवेश आया, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 29 प्रतिशत अधिक है। हाइब्रिड म्यूचुअल फंड एक साथ कई तरह की संपत्तियों में निवेश करता है। मसलन शेयर, बांड आदि में। इसका उद्देश्य जोखिम और प्रतिफल में संतुलन बनाना होता है।

भारतीय म्यूचुअल फंड उद्योग के संगठन एसोसिएशन आफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के अनुसार, मार्च, 2026 तक हाइब्रिड फंड के फोलियो बढ़कर 1.9 करोड़ हो गए, जबकि एक साल पहले यह संख्या 1.56 करोड़ थी। इस दौरान लगभग 34 लाख नए निवेशक खाते जुड़े। इस श्रेणी की परिसंपत्तियों का प्रबंधन (एयूएम) भी बढ़कर 10.35 लाख करोड़ रुपये हो गया, जो मार्च, 2025 में 8.83 लाख करोड़ रुपये था। एडलवाइस म्यूचुअल फंड की प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) राधिका गुप्ता ने कहा, 'हाइब्रिड फंड (मिश्रित निवेश योजना) ने मजबूत वृद्धि दर्ज की है, क्योंकि निवेशक अस्थिर समय में संतुलित निवेश विकल्पों की तलाश कर रहे हैं।' गुप्ता ने कहा, 'एयूएम में वृद्धि यह दर्शाती है कि निवेशक विविध पोर्टफोलियो और परिसंपत्ति आवंटन को अधिक प्राथमिकता दे रहे हैं। हाइब्रिड फंड अब उन निवेशकों के लिए मुख्य विकल्प बनते जा रहे हैं जो अपेक्षाकृत कम जोखिम के साथ इक्विटी में भागीदारी चाहते हैं।

# 'एफटीए और कारोबारी माहौल में सुधार से भारत में बढ़ेगा शुद्ध विदेशी निवेश'

नई दिल्ली, प्रेट्र: एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के मुख्य अर्थशास्त्री अल्बर्ट पार्क ने कहा है कि मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए), आयात शुल्क में कमी और कारोबारी माहौल में सुधार से भारत में शुद्ध विदेशी निवेश का प्रवाह बढ़ेगा। 2021-22 के दौरान, भारत ने 38.6 अरब डालर का शुद्ध विदेशी निवेश आकर्षित किया। हालांकि, वित्त वर्ष 2022-23 में यह घटकर 28 अरब डालर रह गया और वित्त वर्ष 2023-24 में यह और घटकर मात्र 10.2 अरब डालर हो गया। शुद्ध विदेशी निवेश (आए हुए विदेशी निवेश और देश से बाहर गए निवेश का अंतर) वित्त वर्ष 2024-25 में घटकर मात्र एक अरब डालर रह गया। हालांकि, वित्त वर्ष 2025- 26 के अप्रैल-दिसंबर में यह बढ़कर तीन अरब डालर हो गया।



एडीबी के मुख्य अर्थशास्त्री ने कहा- एशिया दूसरे की तुलना में पश्चिम एशियाई संघर्ष के झटकों के प्रति थोड़ा ज्यादा कमजोर

पार्क ने कहा कि एशिया दुनिया के दूसरे हिस्सों की तुलना में पश्चिम एशिया संघर्ष के झटकों के प्रति थोड़ा ज्यादा कमजोर है। भारत द्वारा किए गए श्रम सुधार और जीएसटी सहित कई सुधारों की तारीफ करते हुए पार्क ने कहा कि यह रफ्तार जारी रखनी चाहिए। पार्क ने कहा कि तेल की ज्यादा कीमत की उम्मीद के साथ नए परिदृश्य के हिसाब से 2026 के लिए हमारा औसत 96 डालर प्रति बैरल है। 2027 में यह 80 डालर प्रति बैरल पर रहना चाहिए। इसलिए, हमारा मानना है कि तेल की कीमतें लंबे समय तक ज्यादा रहने की संभावना है।

पश्चिम एशिया संकट के भारत पर असर को लेकर पार्क ने कहा कि इससे देश की जीडीपी वृद्धि में 0.6 प्रतिशत की कमी आएगी और इससे प्रभावी वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत रह जाएगी। मौजूदा वित्त वर्ष में महंगाई भी काफी बढ़ जाएगी। एडीबी ने अप्रैल में अनुमान लगाया था कि भारत की विकास दर मौजूदा वित्त वर्ष में 6.9 प्रतिशत रहेगी और वित्त वर्ष 2028 में मजबूत घरेलू मांग के चलते यह बढ़कर 7.3 प्रतिशत हो जाएगी। एडीबी ने मौजूदा वित्त वर्ष में 4.5 प्रतिशत महंगाई रहने का अनुमान लगाया था।

## भारती लाइफ की 75% हिस्सेदारी प्रूडेंशियल को बेचेगी भारती एंटरप्राइजेज

नई दिल्ली, प्रेट्र: भारती एंटरप्राइजेज ने रविवार को अपनी बीमा कंपनी भारती लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (भारती लाइफ) की 75 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने की घोषणा की। यह हिस्सेदारी प्रूडेंशियल पीएलसी को 3,500 करोड़ रुपये में बेची जाएगी।

अभी प्रूडेंशियल की आइसीआइसीआइ बैंक के साथ लाइफ इंश्योरेंस वेंचर में करीब 22 प्रतिशत हिस्सेदारी है। भारती लाइफ हिस्सेदारी की बहुमत हिस्सेदारी खरीदने की घोषणा के बाद प्रूडेंशियल को रेग्युलेटरी जरूरतों को पूरा करने के लिए, मौजूदा वेंचर में अपनी हिस्सेदारी कम करनी होगी। इस घटनाक्रम पर भारती एंटरप्राइजेज के चेयरमैन सुनील भारती मित्तल ने कहा कि यह भारत के जीवन बीमा क्षेत्र की अपार संभावनाओं का लाभ उठाने के लिए एक जबरदस्त गठबंधन बनाते हैं।

# किराये पर बैट्री सेवा से बढ़ी इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री

- बैट्री एज ए सर्विस से कम हो जाती है ईवी की कुल कीमत
- बैट्री इस्तेमाल के बदले किराया लेती हैं कार निर्माता कंपनियां

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली: अप्रैल 2026 में इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री में वार्षिक आधार पर 75 प्रतिशत तो इलेक्ट्रिक दोपहिया की बिक्री में 60.73 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। जानकारों का कहना है कि बैट्री को किराये पर देने की नई सेवा को अपनाने से इलेक्ट्रिक कार और दोपहिया, दोनों की बिक्री में तेजी से इजाफा हो रहा है। इसके अलावा चार्जिंग स्टेशन की संख्या बढ़ने से भी इसे प्रोत्साहन मिल रहा है। बैट्री एज ए सर्विस (बास) सेवा के जोर पकड़ने से इलेक्ट्रिक कार की बिक्री में और इजाफा की संभावना जताई जा रही है।



इस समय टाटा मोटर्स से लेकर मारुति सुजुकी व कई अन्य कंपनियां इलेक्ट्रिक कार की बैट्री सर्विस के रूप में मुहैया करा रही हैं। इस सेवा के तहत खरीदारी के दौरान बैट्री का शुल्क नहीं देना पड़ता है, जिससे इलेक्ट्रिक कार की कीमत कम हो जाती है। बैट्री इस्तेमाल के बदले कंपनियां उसका किराया लेती है। इस किराये की दर सभी कंपनियों की अलग-अलग है। कोई कंपनी तीन रुपये प्रति किलोमीटर तो कोई 3.5 से छह रुपये प्रति किलोमीटर का किराया ले रही हैं। कार कंपनियों का कहना है कि कार की कुल कीमत में बैट्री की हिस्सेदारी 35-40 प्रतिशत होती है। अगर बैट्री एज ए सर्विस (बास) सेवा लोकप्रिय हुई तो निश्चित रूप से इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री में और तेजी आएगी। टाटा शोरूम के प्रबंधकों ने बताया कि इस सेवा के आरंभ होने के बाद इलेक्ट्रिक कार की बिक्री बढ़ रही है। कई दोपहिया कंपनियां बैट्री स्वैपिंग या बैट्री को किराये पर पहले से दे रही हैं।

### छह प्रतिशत पर पहुंची इलेक्ट्रिक कारों की हिस्सेदारी, दोपहिया की बिक्री भी बढ़ रही

फेडरेशन आफ आटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के आंकड़ों के मुताबिक, इस साल अप्रैल में कार की कुल बिक्री में इलेक्ट्रिक कार की हिस्सेदारी छह प्रतिशत हो गई, जो पिछले साल समान महीने में 3.7 प्रतिशत थी। इस साल मार्च में यह हिस्सेदारी 5.1 प्रतिशत थी। वैसे ही दोपहिया वाहनों की कुल बिक्री में इलेक्ट्रिक की हिस्सेदारी इस साल मार्च में 9.8 प्रतिशत तक पहुंच गई जो पिछले साल अप्रैल में 5.5 प्रतिशत थी। भारी उद्योग मंत्रालय के मुताबिक, अप्रैल में माल ढोने वाले तिपहिया वाहनों में इलेक्ट्रिक की हिस्सेदारी 33 प्रतिशत हो गई है, जो एक साल पहले 23 प्रतिशत थी।



बिजनेस से जुड़ी खबरों और अपडेट के लिए स्कैन करें या विजिट करें jagran.com

## राष्ट्रीय जागरण

### इधर-उधर की

#### 600 मीटर दूर था पुराना आफिस, रिजेक्ट हो गई जाब अप्लीकेशन




कर्मचारी ने बताया, सबसे मजेदार रिजेक्शन मेल • इंटरनेट मीडिया

नई दिल्ली, जेएनएन: हाल ही में इंटरनेट मीडिया पर एक बेहद अजीबोगरीब मामला सामने आया है, जहां एक भारतीय रिक्रूटर ने एक उम्मीदवार को सिर्फ इसलिए रिजेक्ट कर दिया क्योंकि उसका पुराना आफिस नए आफिस से महज 600 मीटर की दूरी पर था। कर्मचारी ने रेडिट पोस्ट में लिखा है 'आज मुझे अपनी जिंदगी का सबसे मजेदार रिजेक्शन मेल मिला। उन्होंने कहा कि उन्हें मेरी प्रोफाइल और अनुभव पसंद आया, लेकिन वे इस प्रक्रिया को आगे नहीं बढ़ा सकते क्योंकि मेरी पुरानी कंपनी उनके आफिस से लगभग 600 मीटर की दूरी पर स्थित है। इसका कारण' गोपनीयता और डाटा सुरक्षा नीति है।' इस अजीब तर्क पर इंटरनेट यूजर्स जमकर मजे ले रहे हैं और गुस्सा भी जता रहे हैं। लोगों का कहना है कि यह कारपोरेट जगत का अब तक का सबसे बेतुका रिजेक्शन है। किसी को समझ नहीं आ रहा कि दूरी का टैलेंट या नौकरी से क्या लेना-देना है।

#### ईंधन बचाने पर भाजपा का 'मेरा भारत, मेरा योगदान' अभियान

नई दिल्ली, आइएएनएस : भाजपा ने रविवार को 'मेरा भारत, मेरा योगदान' नामक एक राष्ट्रीय अभियान की शुरुआत की है, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नागरिकों से ईंधन की खपत कम करने की अपील के बाद शुरू किया गया है। यह अपील पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण उत्पन्न वैश्विक ऊर्जा संकट के बीच की गई है। अभियान का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देने, ऊर्जा की बचत करने और अपने दैनिक आदतों में बदलाव करके सरल जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है।

# भाजपा ने केरलम के लिए हिंदुओं पर फोकस कर 13-बिंदु एजेंडा बनाया

- अगले लोस चुनाव के मद्देनजर राज्य में भाजपा की तैयारी शुरू
- ओबीसी संपर्क पर ध्यान केंद्रित अल्पसंख्यक जुड़ाव पुन: संतुलित

तिरुअनंतपुरम, प्रेट्र : अप्रैल 9 को हुए केरलम विधानसभा चुनावों में तीन सीटों पर जीत से उत्साहित भाजपा ने एक 13-बिंदु राजनीतिक एजेंडा पेश किया है, जिसे उसने अगले लोकसभा चुनावों के मद्देनजर राज्य में अपनी रणनीति को आकार देने के लिए महत्वपूर्ण बताया है। यह एजेंडा हिंदुओं की पिछड़ी जातियों के बीच समर्थन को मजबूत करने पर स्पष्ट ध्यान केंद्रित करता है, जबकि पार्टी के अल्पसंख्यक समूहों के प्रति संपर्क को पुनः संतुलित करता है।

पार्टी स्रोत ने बताया कि यह एक राजनीतिक प्रस्ताव का हिस्सा था, जिसे शनिवार को भाजपा की राज्य कोर समिति की बैठक में अपनाया गया और इसकी अध्यक्षता भाजपा नेता राजीव चंद्रशेखर ने की। पार्टी के दस्तावेज में अल्पसंख्यक समुदायों, विशेष रूप से ईसाइयों के प्रति नए संपर्क पहलों का स्पष्ट रूप से उल्लेख नहीं किया गया है। हालांकि विधानसभा चुनावों से पहले समुदाय के साथ निकट संबंध बनाने के लिए पहले प्रयास किए गए थे। हालांकि, ये प्रयास विभिन्न कारणों से बनाए नहीं रखे गए। आरक्षण पर भाजपा ने कहा कि "ओबीसी आरक्षण के बहाने धार्मिक आरक्षण को पूरी तरह से समाप्त किया जाना चाहिए" और आरक्षण नीतियों को ओबीसी, एससी/एसटी और ईडब्ल्यूएस श्रेणियों तक सीमित किया जाना चाहिए। चंद्रशेखर ने कहा, "भाजपा पिछड़ी जाति के आरक्षण को धर्म आधारित आरक्षण में बदलने की अनुमति नहीं देगी।" इस मुद्दे को पार्टी के प्रयासों का हिस्सा बताते हुए जो पिछड़ी हिंदू जातियों के बीच अपने संपर्क को और बढ़ाने के लिए हैं। उन्होंने कहा,"आरक्षण एससी, एसटी और ओबीसी समुदायों के लिए है। भाजपा किसी भी प्रयास के खिलाफ पूरी ताकत से लड़ेगी जो इसे धर्म आधारित आरक्षण में बदलने का प्रयास करेगा।" भाजपा का एजेंडा हिंदुओं की पिछड़ी जातियों पर अधिक जोर देता है, विशेष रूप से ओबीसी आरक्षण पर कहना है कि इसे धार्मिक आरक्षण के बहाने लागू नहीं किया जाना चाहिए।

अल्पसंख्यक संपर्क पर स्रोत ने कहा कि पार्टी ने ईसाई समुदाय के साथ जुड़ाव को समाप्त नहीं किया है। इसके सदस्य कई जिलों में संगठनात्मक पदों पर बने हुए हैं। हालांकि, यह कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ के साथ बिशपों के बढ़ते राजनीतिक संरेखण के बीच चर्च नेतृत्व से जुड़ाव के प्रयासों से दूर हो गया है। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, यह अनौपचारिक बदलाव कैथोलिक चर्च के केंद्र के विवादास्पद विदेशी योगदान (नियमन) अधिनियम (एफसीआरए) संशोधन विधेयक, 2026 को संसद में पेश करने के खिलाफ मजबूत विरोध के बाद हुआ, जो भाजपा को केरलम विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान बचाव की स्थिति में डाल दिया।

## स्लीपर सेल नेटवर्क बनाने आया था पाकिस्तानी आतंकी

राज्य ब्यूरो, जागरण, जम्मू : जम्मू-कश्मीर में आखिरी सांसें ले रहे 'आतंकवाद' को हवा देने और स्लीपर सेल तैयार करने के मकसद से घुसा लश्कर-ए-तैयबा का पाकिस्तानी आतंकी मोहम्मद उस्मान जट्ट उर्फ 'चाइनीज' का घाटी के हालात देखकर ही नजरिया बदल गया। दरअसल, आतंकी शिविरों में उसे जो बरगलाया गया था वह झूठ और बिल्कुल अलग लगा था। जट्ट वर्षों से गंभीर झड़ते बालों से परेशान था। वह हेयर ट्रांसप्लांट कराना चाहता था, लेकिन उसे लगता था कि यह सुविधाएं पश्चिमी देशों में ऊंचे दामों पर मिलती हैं। गिरफ्त में आने से पहले जट्ट ने अपने मंसूबे पर ध्यान न देकर गुपचुप श्रीनगर में रुकर हेयर ट्रांसप्लांट करवाया। एनआइए ने लाहौर निवासी लश्कर के प्रशिक्षित जट्ट को पिछले महीने की शुरुआत में श्रीनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया था। उसके साथ अब्दुल्ला उर्फ़ "अबू हुरैरा" को भी पकड़ा था, जिसे लश्कर का सबसे पुराना आतंकी बताया जाता है।

# आनलाइन बिक रहे संदिग्ध कृषि रसायनों पर सरकार सख्त

- अमेजन, फ्लिपकार्ट, मीशो और जियोमार्ट से मांगा स्पष्टीकरण
- अमानक साइक्लोसिनोन हर्बीसाइड की कर रहे थे बिक्री

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली : मोबाइल एप पर क्लिक करते ही अब खेती में इस्तेमाल होने वाले कीटनाशक और हर्बीसाइड किसानों के घर तक पहुंच रहे हैं। इससे खरीदारी में आसानी तो है, लेकिन खतरा भी बड़ा है। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) की जांच में पता चला कि ई-कामर्स प्लेटफार्म के जरिये ऐसे कृषि रसायनों की बिक्री हो रही है, जो पंजीकृत नहीं हैं या जिनकी जरूरी सुरक्षा और रासायनिक जानकारी उपभोक्ताओं को नहीं दी जा रही है। इसे खाद्य सुरक्षा से जुड़ा गंभीर मामला मानते हुए सीसीपीए ने कंपनियों से ऐसे उत्पादों की पिछले दो वर्षों की बिक्री, विक्रेताओं का ब्योरा और उनकी जांच प्रणाली की जानकारी मांगी है। साथ ही चेताया भी है कि आनलाइन प्लेटफार्म सिर्फ मध्यस्थ होने का दावा कर जिम्मेदारी से नहीं बच सकते। उन्हें तय करना होगा कि उनके प्लेटफार्म पर बिकने वाले कृषि रसायन वैध लाइसेंस और जरूरी अनुमतियों के साथ ही सूचीबद्ध हों। सीसीपीए ने अमेजन, फ्लिपकार्ट, मीशो और जियोमार्ट जैसे कुछ बड़े आनलाइन प्लेटफार्म को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। जांच में पाया गया कि साइक्लोसिनोन हर्बीसाइड नामक एक कृषि रसायन की आनलाइन बिक्री की जा रही है, जो कीटनाशक अधिनियम की सूची में पंजीकृत नहीं है। गंभीर बात यह कि उत्पाद की लिस्टिंग में उसकी रासायनिक संरचना, सक्रिय तत्व, लाइसेंस नंबर और खतरनाक प्रभावों से जुड़ी अनिवार्य चेतावनियां तक नहीं दी जा रही थीं। सीसीपीए का मानना है कि ऐसे उत्पादों से किसान गुमराह हो सकते हैं। किसान अक्सर आनलाइन प्लेटफार्म पर दिखने वाले विज्ञापन और कम कीमत देखकर खरीदारी कर लेते हैं, लेकिन उन्हें यह जानकारी नहीं मिल पाती कि उत्पाद सुरक्षित है या नहीं।

## पोक्सो मामले में जेल भेजा गया केंद्रीय मंत्री बंदी संजय का बेटा भगीरथ

मेडचल, एएनआइ : केंद्रीय मंत्री बंदी संजय कुमार के बेटे भगीरथ को पोक्सो मामले में जेल भेज दिया गया है। भगीरथ को शनिवार रात गिरफ्तार किया गया था। मजिस्ट्रेट ने उसे 29 मई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। भगीरथ के वकील करुणा सागर ने कहा कि पुलिस गिरफ्तारी का झूठा दावा कर रही है। भगीरथ ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है।नाबालिग लड़की की मां की शिकायत के आधार पर बीएनएस और यौन उत्पीड़न से नाबालिगों के बचाव के लिए बने कानून पोक्सो के तहत भगीरथ के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि भगीरथ ने उसकी बेटी का यौन उत्पीड़न किया था।

भगीरथ ने भी जवाबी शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें उसने आरोप लगाया कि लड़की और उसके माता-पिता ने उस पर शादी करने का दबाव डाला।

# सीमा पार ड्रग्स सिंडिकेट पर कार्रवाई म्यांमार का कुख्यात तस्कर गिरफ्तार

- भारत-म्यांमार सीमा पर सक्रिय नेटवर्क के खिलाफ एनसीबी की बड़ी सफलता
- चिनतुआंग इस साल हत्थे चढ़ने वाला म्यांमार का दूसरा बड़ा ड्रग्स सप्लायर

गुवाहाटी, प्रेट्र : नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने भारत-म्यांमार सीमा पर सक्रिय अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स तस्करी नेटवर्क के खिलाफ अपनी कार्रवाई में बड़ी सफलता हासिल की है। एजेंसी ने सीमा पार से मेथम्फेटामाइन और हेरोइन की आपूर्ति करने वाले कुख्यात तस्कर थानसिनतुआंग उर्फ चिनतुआंग उर्फ तलुआंगा को नई दिल्ली से गिरफ्तार किया है। वह इस साल एनसीबी के हत्थे चढ़ने वाला म्यांमार का दूसरा बड़ा ड्रग्स सप्लायर है। यह गिरफ्तारी व्यापक निगरानी, खुफिया जानकारी जुटाने, अंतरराज्यीय समन्वय और निरंतर अभियानों के बाद हुई है।

एनसीबी ने कहा है कि चिनतुआंग भारत-म्यांमार सीमा पर सक्रिय प्रमुख तस्कर के रूप में उभरा था और पड़ोसी देश से मेथम्फेटामाइन और हेरोइन का एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय आपूर्तिकर्ता था। वह मिजोरम, मणिपुर, असम और त्रिपुरा के रास्ते भारत और बांग्लादेश के विभिन्न हिस्सों में नशीले पदार्थ पहुंचाने वाले सीमा पार तस्करी नेटवर्क को संगठित करने में व्यापक रूप से शामिल था।

एनसीबी और अन्य एजेंसियों द्वारा दर्ज मादक पदार्थों से जुड़े कई मामलों में वह वांछित था। चिनतुआंग पर मिजोरम पुलिस द्वारा 2025 में दर्ज किए गए दो मामलों में भी आरोप लगाया गया था, जो मेथम्फेटामाइन और हेरोइन की तस्करी से संबंधित थे। इसके अतिरिक्त वह मिजोरम उत्पाद शुल्क एवं मादक पदार्थ विभाग द्वारा 2023 में दर्ज किए गए छह मामलों में भी संलिप्त पाया गया, जो हेरोइन की तस्करी से जुड़े थे। एनसीबी ने कहा है कि वह 115 करोड़ रुपये के अवैध मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल था।

चिनतुआंग 2024 में एनसीबी के अगरतला जोन में दर्ज एक मामले में मुख्य आरोपित था, जिसमें 14 किलोग्राम मेथम्फेटामाइन और 2.8 किलोग्राम हेरोइन जब्त की गई थी।

# इंजीनियर प्रधान के प्रयास से 214 घरों में जल रहे 'बेफिक्री' के चूल्हे

जागरण विशेष
यशस्वी प्रधान

## इब्राहिमपुर पंचायत ने ऊर्जा आत्मनिर्भरता, जैविक खेती व रोजगार का पेश किया अनुकरणीय माडल

**100** से ज्यादा किसान करीब 400 बीघा भूमि पर कर रहे हैं लेमनग्रास की खेती

**20** टन तेल का उत्पादन हो रहा है लेमनग्रास से प्रतिवर्ष



बायोगैस प्लांट के लिए गोबर का घोल बनाते कर्मचारी • जागरण

### जंगली जानवरों से बचाव को खेती में प्रयोग

प्रधान स्वामी घनश्याम के प्रयास से इब्राहिमपुर पंचायत ने खेती में भी नया प्रयोग किया है। गांव जंगल से सटे होने के कारण जंगली जानवर पारंपरिक फसलों को नुकसान पहुंचाते थे। इसके समाधान के तौर पर ग्रामीणों को लेमनग्रास खेती के लिए प्रेरित किया गया। यब तेल 1500 रुपये प्रति लीटर तक बिकता है। इसके अलावा महिला समूह मसाले, सरसों तेल, आटा और अचार तैयार कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती दे रहे हैं।



स्वामी घनश्याम

शैलेंद्र गोदियाल • जागरण

हरिद्वार: बहुराष्ट्रीय कंपनी की नौकरी छोड़ गांव लौटे मैकेनिकल इंजीनियर स्वामी घनश्याम ने अपने तकनीकी सोच और सामुदायिक प्रयासों से हरिद्वार के इब्राहिमपुर गांव की तस्वीर बदल दी है। गांव में गोबर प्रबंधन की समस्या और रसोई गैस पर बढ़ती निर्भरता को देखते हुए उन्होंने सामुदायिक बायोगैस संयंत्र स्थापित कराया, जिसका परिणाम यह हुआ कि ग्राम पंचायत के अंतर्गत हलजौरा गांव एलपीजी मुक्त हो गया है, जबकि 300 परिवारों वाली इस ग्राम पंचायत में 214 परिवार बायोगैस पर भोजन पका रहे हैं। इतना ही नहीं, प्रधान ने जंगल से सटे क्षेत्र में जंगली जानवरों से फसलों को बचाने के लिए ग्रामीणों को लेमनग्रास खेती के लिए प्रेरित किया। नतीजन वर्तमान में 100 से ज्यादा किसान करीब 400 बीघा भूमि पर लेमनग्रास उगा रहे हैं और पंचायत के संयंत्र में प्रतिवर्ष लगभग 20 टन तेल का उत्पादन हो रहा है।

घनश्याम ने 2007 से 2015 तक एक मल्टीनेशनल कंपनी में नौकरी की, पर बचपन से ही उनके मन में गौ सेवा और जरूरतमंद लोगों की सहायता का भाव था। नौकरी के दौरान ही उन्होंने गांव में आश्रम स्थापित कर समाजसेवा का संकल्प लिया। परिवार, विशेषकर पत्नी रितम सैनी के सहयोग से 2016 में उन्होंने धन्वंतरि आश्रम ट्रस्ट की स्थापना की। इसके माध्यम से ग्रामीणों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए अचार, जूस और जैम जैसे उत्पाद तैयार कराए जाने लगे। साथ ही गोशाला और वृद्धाश्रम भी शुरू किया गया। समाजसेवी होने के चलते 2022 के चुनाव में लोगों ने उनको ग्राम प्रधान चुन लिया।

**समस्या को बदला संसाधन में:** गांव में गोबर से गंदगी बढ़ रही थी। इसी चुनौती को अवसर में बदलते हुए प्रधान ने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत 45 घनमीटर क्षमता वाला सामुदायिक बायोगैस संयंत्र और 16 छोटे बायोगैस संयंत्र स्थापित कराए। सामुदायिक बायोगैस संयंत्र के पास पंचायत की एक गोशाला भी बनाई। संयंत्र में प्रतिदिन लगभग 900 किलो गोबर डाला जाता है, जिससे करीब 18 किलो गैस तैयार होती है। इसके अतिरिक्त प्रधान ने 178 घरों में छोटे बायोगैस संयंत्र लगवाए। इनसे निकलने वाली स्लरी का उपयोग जैविक खाद के रूप में कर रहे हैं।

**आत्मनिर्भरता कोई दूर की बात नहीं:** हरिद्वार के मुख्य विकास अधिकारी ललित नारायण मिश्रा कहते हैं कि इब्राहिमपुर पंचायत का यह माडल रसोई गैस संकट के समाधान के साथ स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण व लेमनग्रास की खेती, जैविक खेती को भी बढ़ावा दे रहा है। पारंपरिक संसाधनों को आधुनिक तकनीक से जोड़कर इब्राहिमपुर के प्रधान ने साबित कर दिखाया कि इच्छाशक्ति और सामुदायिक सहयोग से आत्मनिर्भरता कोई दूर की बात नहीं। यह संभव है।

अतिरिक्त सामग्री पढ़ने के लिए स्कैन करें।

# गत चैंपियन आरसीबी ने कटाया प्लेआफ का टिकट

## आरसीबी ने पंजाब किंग्स को 23 रन से दी शिकस्त वेंकटेश अय्यर और विराट कोहली ने जड़े शानदार अर्धशतक

नीरज व्यास • जागरण


शाट लगाते वेंकटेश • प्रेट

**धर्मशाला:** गत चैंपियन रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने एक बार फिर दमदार प्रदर्शन करते हुए साबित कर दिया कि बड़े मुकाबलों में उसकी टीम क्यों सबसे खतरनाक मानी जाती है। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और वेंकटेश अय्यर की विस्फोटक पारियों की बदौलत आरसीबी ने पंजाब किंग्स के सामने विशाल लक्ष्य रखा और अंततः 23 रन से जीत दर्ज कर प्लेआफ में अपनी जगह पक्की कर ली। दूसरी ओर, पंजाब किंग्स की खराब फार्म लगातार जारी रही। शुरुआती मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन करने वाली श्रेयस अय्यर की टीम अब लगातार छह हार झेल चुकी है। पंजाब ने शुरुआती सात मैचों में 13 अंक जुटाकर शानदार शुरुआत की थी, लेकिन 13 मुकाबले पूरे होने के बाद भी टीम 13 अंकों पर ही अटकी हुई है। धर्मशाला के एसपीसीए स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में पंजाब किंग्स ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया, लेकिन आरसीबी के बल्लेबाजों ने उनके निर्णय को पूरी तरह गलत साबित कर दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बेंगलुरु ने 20 ओवर में चार विकेट पर 222 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में पंजाब की टीम आठ विकेट पर 199 रन ही बना सकी।

**विराट-वेंकटेश की जबरदस्त बल्लेबाजी:** आरसीबी की शुरुआत बेहद शानदार नहीं रही। प्रारंभिक बल्लेबाज जैकब बेथेल (11) को हरप्रीत बराड़ ने तीसरे ओवर में बोल्ड कर पंजाब को पहली सफलता दिलाई। बेथेल ने विराट कोहली के साथ पहले विकेट के लिए 21 रन जोड़े। शुरुआती झटके के बाद विराट कोहली ने आक्रामक अंदाज अपनाया। उन्होंने 31 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। कोहली ने देवदत्त पडिक्कल के साथ दूसरे विकेट के लिए 76 रन की साझेदारी की। पडिक्कल ने 45 रन की पारी खेली। इसके बाद वेंकटेश अय्यर और कोहली के बीच तीसरे विकेट के लिए 60 रन की तेज साझेदारी हुई। वेंकटेश ने पंजाब के गेंदबाजों की जमकर खबर ली। उन्होंने सिर्फ 40 गेंदों में नाबाद 73 रन बनाए। पंजाब की खराब फील्डिंग का आरसीबी के बल्लेबाजों ने पूरा फायदा उठाया। कोहली ने 58 रन की पारी खेलते हुए मौजूदा सीजन में अपने 500 रन पूरे कर लिए। कोहली अब आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा नौ बार एक सीजन में 500 या उससे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। कोहली ने इस सीजन में 13 मैचों में 164.74 की स्ट्राइक रेट से 542 रन बना लिए हैं।

**श्रेयस बतौर कप्तान 100 मैच खेलने वाले पांचवें खिलाड़ी बने:** मुकाबले में पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने भी एक खास उपलब्धि हासिल की। आरसीबी के विरुद्ध उतरते ही वह बतौर कप्तान 100 आइपीएल मैच खेलने वाले पांचवें खिलाड़ी बन गए। आइपीएल में सबसे ज्यादा मैचों में कप्तानी करने का रिकार्ड महेंद्र सिंह धौनी (235) के नाम है। उनके बाद रोहित शर्मा (158), विराट कोहली (143) और गौतम गंभीर (129) का नाम आता है। अब श्रेयस अय्यर भी इस प्रतिष्ठित सूची में शामिल हो गए हैं।

**पंजाब की खराब बल्लेबाजी:** कप्तानी का यह खास दिन श्रेयस के लिए यादगार नहीं बन सका, क्योंकि पंजाब की बल्लेबाजी पूरी तरह लड़खड़ा गई। टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने पहले ही ओवर में प्रियांश को बिना खाता खोले आउट कर पंजाब को बड़ा झटका दिया। इसके बाद उन्होंने प्रभसिमरन सिंह को भी जल्दी पवेलियन भेज दिया। प्रभसिमरन सिर्फ दो रन बना सके।

कप्तान श्रेयस अय्यर भी बल्ले से कुछ खास नहीं कर पाए और तीन गेंदों में सिर्फ एक रन बनाकर आउट हो गए। पंजाब की आधी टीम 93 रन तक पवेलियन लौट चुकी थी। लगातार गिरते विकेटों के बीच टीम दबाव में आ गई। हालांकि, निचले क्रम में शशांक सिंह ने संघर्ष जरूर किया। उन्होंने सिर्फ 27 गेंदों में 56 रन की तेज अर्धशतकीय पारी खेली, लेकिन उनकी कोशिश टीम को जीत दिलाने के लिए काफी नहीं रही।

### स्कोर बोर्ड

**रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु: 222/4 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| बेथेल बो. बराड़ | 11 | 7 | 2/0 |
| कोहली का. प्रियांश बो. चहल | 58 | 37 | 4/3 |
| पडिक्कल का. श्रेयस बो. बराड़ | 45 | 25 | 4/3 |
| वेंकटेश अविजित | 73 | 40 | 8/4 |
| डेविड का. बराड़ बो. अर्शदीप | 28 | 12 | 2/2 |
| अतिरिक्त: 7 (बा: 1, नोबा: 1, वा: 5) | | | |

विकेटपतन: 1-21 (बेथेल, 2.2), 2-97 (पडिक्कल, 9.1), 3-157 (कोहली, 14.6), 4-222 (डेविड, 19.6), **गेंदबाजी:** अर्शदीप 4-0-43-1, ओमरजई 4-0-38-0, बराड़ 4-0-35-2, फर्ग्यूसन 3-0-43-0, चहल 3-0-42-1, शशांक 2-0-20-0

**पंजाब किंग्स: 199/8 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| प्रियांश का. शेफर्ड बो. भुवनेश्वर | 0 | 3 | 0/0 |
| प्रभसिमरन का. पडिक्कल बो. भुवनेश्वर | 2 | 5 | 0/0 |
| कोनोली का. बेथेल बो. शेफर्ड | 37 | 22 | 3/3 |
| श्रेयस का. जितेश बो. रासिख | 1 | 3 | 0/0 |
| सूर्यांश का. कोहली बो. सुयश | 35 | 22 | 2/2 |
| स्टोइनिस एलबीडब्ल्यू बो. हेजलवुड | 37 | 25 | 5/0 |
| शशांक का. कोहली बो. रासिख | 56 | 27 | 4/4 |
| ओमरजई का. डेविड बो. रासिख | 14 | 10 | 1/1 |
| बराड़ अविजित | 5 | 3 | 1/0 |
| अतिरिक्त: 12 (लेबा: 4, वा: 8) | | | |

विकेटपतन: 1-1 (प्रियांश, 0.3), 2-18 (प्रभसिमरन, 2.5), 3-19 (श्रेयस, 3.2), 4-62 (कोनोली, 7.3), 5-93 (सूर्यांश, 10.5), 6-160 (स्टोइनिस, 16.1), 7-194 (शशांक, 19.2), 8-199 (ओमरजई, 19.6), **गेंदबाजी:** भुवनेश्वर 4-0-38-2, हेजलवुड 4-0-36-1, रासिख 4-0-36-3, सुयश 4-0-50-1, शेफर्ड 1-0-8-1, क्रुणाल 3-0-27-0

A+ NAAC
PSITians SELECTED BY RENOWNED MNCs
BATCH 2026
#9 newgen
42
PSIT Kanpur
www.psitkanpur.ac.in
[As on 13 May 2026]
B.TECH | M.TECH | B.PHARM | M.PHARM | MBA | MCA | BBA | BCA
HELPLINE : +91 767 099 8888

**सर्वाधिक छक्के जड़ने वाले बल्लेबाज**

| खिलाड़ी | छक्के |
|---|---|
| क्रिस गेल | 357 |
| रोहित शर्मा | 321 |
| विराट कोहली | 312 |
| एमएस धौनी | 264 |
| एबी डिविलियर्स | 251 |

**आइपीएल में सर्वाधिक बार 500 या उससे अधिक रन वाले खिलाड़ी**

| 500+ रन | खिलाड़ी |
|---|---|
| 9 | विराट कोहली |
| 7 | डेविड वार्नर |
| 7 | केएल राहुल |
| 5 | शिखर धवन |

## राजस्थान ने 10 ओवर में बनाए 104/2 रन

# वैभव-जुरैल का हल्ला बोल


शाट लगाते वैभव सूर्यवंशी • एपी

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** अरुण जेटली स्टेडियम में लगातार पांच घरेलू हार झेल चुकी दिल्ली कैपिटल्स राजस्थान रायल्स के विरुद्ध अपनी साख बचाने के इरादे से उतरी थी, लेकिन 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी ने उनकी योजनाओं पर शुरुआती ओवरों में ही पानी फेर दिया। युवा बल्लेबाज ने बेखौफ अंदाज में दिल्ली के गेंदबाजों की जमकर धुनाई करते हुए राजस्थान को तूफानी शुरुआत दिलाई। पावरप्ले में ही राजस्थान ने 75 रन ठोक दिए और दिल्ली के गेंदबाज पूरी तरह दबाव में नजर आए। समाचार लिखे जाने तक राजस्थान ने 10 ओवर में दो विकेट पर 104 रन बना लिए थे। ध्रुव जुरैल 33 और कप्तान रियान पराग सात रन बनाकर खेल रहे थे।

टास जीतकर दिल्ली ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। यशस्वी ने स्टार्क के पहले ओवर में तीन चौके जड़कर शानदार शुरुआत दिलाई। राजस्थान को पहला झटका दूसरे ओवर की पांचवीं गेंद पर लगा, जब यशस्वी जायसवाल आउट हुए। हालांकि इसका बल्लेबाजी पर कोई असर नहीं पड़ा। इसके बाद वैभव सूर्यवंशी और ध्रुव जुरेल ने आक्रामक रुख अपनाते हुए दिल्ली के गेंदबाजों को संभलने का मौका नहीं दिया। तीसरे ओवर में मिशेल स्टार्क के खिलाफ वैभव ने 16 रन बटोरकर अपने इरादे साफ कर दिए। पदार्पण मैच खेल रहे त्रिपुराणा विजय के पहले ही ओवर में वैभव ने तीन चौके और एक छक्का जड़ते हुए 18 रन लूटे। दूसरी ओर ध्रुव जुरैल ने भी तेज बल्लेबाजी जारी रखी। लुंगी नगिदी की गेंद पर जब वह चार रन पर थे, तब माधव तिवारी ने उनका आसान कैच छोड़ दिया। इस गलती से कप्तान और विकेटकीपर केएल राहुल सहित पूरी टीम निराश नजर आई। ध्रुव ने जीवनदान का पूरा फायदा उठाया।

| अंक तालिका | | मैच | जीत | हार | रद | नेट रन रेट | अंक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आरसीबी (Q) | 13 | 9 | 4 | 0 | +1.065 | 18 |
| 2 | गुजरात | 13 | 8 | 5 | 0 | +0.400 | 16 |
| 3 | हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 0 | +0.331 | 14 |
| 4 | पंजाब | 13 | 6 | 6 | 1 | +0.227 | 13 |
| 5 | राजस्थान | 11 | 6 | 5 | 0 | +0.082 | 12 |
| 6 | चेन्नई | 12 | 6 | 6 | 0 | +0.027 | 12 |
| 7 | कोलकाता | 12 | 5 | 6 | 1 | -0.038 | 11 |
| 8 | दिल्ली | 12 | 5 | 7 | 0 | -0.993 | 10 |
| 9 | मुंबई (E) | 12 | 4 | 8 | 0 | -0.504 | 8 |
| 10 | लखनऊ (E) | 12 | 4 | 8 | 0 | -0.701 | 8 |

# सीएसके और हैदराबाद की नजरें प्लेआफ पर

**चेन्नई, प्रेट्र:** अब तक अधिकतर मैचों में अपने बल्लेबाजों के दम पर जीत हासिल करने वाली चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और सनराइजर्स हैदराबाद की टीम सोमवार को जब आइपीएल में आमने-सामने होंगी तो बल्लेबाजी विभाग में अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीम की जीत की संभावना अधिक रहेगी। प्लेआफ में जगह बनाने के लिए इन दोनों टीम के लिए यह मैच बेहद महत्वपूर्ण है। हालांकि, हैदराबाद चेन्नई की तुलना में बेहतर स्थिति में है। उसके 12 मैच में 14 अंक है और अभी वह अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है। चेन्नई की टीम के 12 मैच में 12 अंक हैं और वह छठे स्थान पर है। जैसे कि उसके बल्लेबाजी कोच माइकल हसी ने कहा था कि उनके लिए अब बाकी बचे दोनों मैच फाइनल जैसे हो गए हैं।

**चेन्नई केशीर्ष क्रम के बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया:** चेन्नई के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों ने अब तक जब भी अच्छा प्रदर्शन किया तब टीम को जीत मिली। ऐसे में उसकी संभावना बरकरार रखने के लिए संजू सैमसन, रुतुराज गायकवाड, उर्विल पटेल और कार्तिक शर्मा को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। लखनऊ सुपर जायंट्स के विरुद्ध पिछले मैच में इनमें से केवल कार्तिक ने ही अच्छा प्रदर्शन किया था।

**टूर्नामेंट में सबसे मजबूत नजर आती है सनराइजर्स की बल्लेबाजी:** सनराइजर्स की बात है तो कभी उसकी बल्लेबाजी टूर्नामेंट में सबसे मजबूत नजर आती है लेकिन कभी वह फिसड्डी साबित हो जाती है जैसा कि पिछले मैच में हुआ। गुजरात टाइटंस के विरुद्ध 169 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए उसकी पूरी टीम 86 रन पर आउट हो गई। सनराइजर्स को उस शर्मनाक प्रदर्शन को भुलाकर आगे बढ़ना होगा।

**चेन्नई सुपर किंग्स:** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), एमएस धौनी (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), कार्तिक शर्मा (विकेटकीपर), डेवाल्ड ब्रेविस, सरफराज खान, उर्विल पटेल (विकेटकीपर), अमन खान, शिवम दुबे, जैक फाल्क्स, रामकृष्ण घोष, अंशुल कंबोज, मैथ्यू शार्ट, प्रशांत वीर, राहुल चाहर, श्रेयस गोपाल, गुरजापनीत सिंह, मैट हेनरी, अकील हुसैन, स्पेंसर जानसन, मुकेश चौधरी, नूर अहमद।


रुतुराज गायकवाड अभिषेक शर्मा

**सनराइजर्स हैदराबाद:** पैट कमिंस (कप्तान), अभिषेक शर्मा, आरएस अंबरीश, अमित कुमार, सलिल अरोड़ा, गेराल्ड कोएत्जी, हर्ष दुबे, क्रेन्स फुलेट्रा, ट्रेविस हेड, प्रफुल्ल हिंगे, इशान किशन, हेनरिक क्लासेन, लियाम लिविंगस्टोन, दिलशान मदुशंका, ईशान मलिंगा, कामिंडु मेंडिस, नीतीश कुमार रेड्डी, हर्षल पटेल, साकिब हुसैन, शिवांग कुमार, रविचंद्रन स्मरन, ओंकार तरमाले, जयदेव। उनादकट, अनिकेत वर्मा, जीशान अंसारी।

# पंत से वापस ली जा सकती है टेस्ट टीम की उप कप्तानी

**अफगानिस्तान के विरुद्ध सीरीज के लिए टेस्ट और वनडे टीम चुनने के लिए चयनकर्ता मंगलवार को गुवाहाटी में बैठक करेंगे**


रिषभ पंत

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** राष्ट्रीय चयनकर्ता जब अफगानिस्तान के विरुद्ध सीरीज के लिए टेस्ट और वनडे अंतरराष्ट्रीय टीम चुनने के लिए मंगलवार को गुवाहाटी में बैठक करेंगे तो भारतीय टीम में हैरान करने वाले नाम नहीं होंगे लेकिन लाल गेंद के प्रारूप में उप कप्तान के तौर पर रिषभ पंत के भविष्य पर गंभीर चर्चा हो सकती है।

ऐसा समझा जाता है कि यह भावना बढ़ रही है कि 28 साल के इस तेजतर्रार विकेटकीपर बल्लेबाज को नेतृत्वकर्ता की भूमिका रास नहीं आ रही है। आइपीएल में लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ दो सत्र से ऐसे ही संकेत मिलते हैं। यह भी नहीं भूलना चाहिए कि पिछले नवंबर में गुवाहाटी में दक्षिण अफ्रीका के विरुद्ध टेस्ट मैच के दौरान शुभमन गिल की गैरमौजूदगी में जब पंत को कप्तानी सौंपी गई थी तो वह रणनीतिक तौर पर बहुत चतुर नहीं थे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआइ) के एक सूत्र ने नाम नहीं जाहिर करने की शर्त पर बताया कि भारतीय क्रिकेट रिषभ जैसे बल्ले से मैच विजेता को खोने का जोखिम नहीं उठा सकता। उन्होंने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से टेस्ट मैच जिताए हैं। जो लोग मायने रखते हैं उनमें यह भावना बढ़ रही है कि जब भी उन्हें अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई तो उन्होंने बल्लेबाजी करते समय अच्छे फैसले नहीं लिए। उन्होंने कहा कि उसे खुलकर खेलने का मौका देना चयन समिति के दिमाग में सबसे ऊपर हो सकता है। पंत का मौजूदा फार्म चयन समिति की रातों की नींद उड़ा सकता है, क्योंकि वनडे प्रारूप में केएल राहुल के बाद दूसरे विकेटकीपर के रूप में उनकी जगह पर सवालिया निशान बना हुआ है। ध्रुव जुरैल, संजू सैमसन और इशान किशन की मौजूदगी में पंत को 50 ओवर के प्रारूप के लिए दबाव महसूस हो सकता है। अगर बीसीसीआइ की मेडिकल टीम को जसप्रीत बुमराह के काम के बोझ से कोई दिक्कत नहीं है तो यह सीनियर तेज गेंदबाज एकमात्र टेस्ट खेलेगा लेकिन मौजूदा आइपीएल के दौरान उनके काम के बोझ को देखते हुए तीन मैच की वनडे सीरीज में उनके खेलने की कोई संभावना नहीं है। सूत्र ने कहा कि अगर उनके काम के बोझ को लेकर थोड़ी सी भी दिक्कत होती है तो उन्हें पूरी सीरीज के लिए आराम दिया जाएगा। मौजूदा आइपीएल सत्र में भारतीय तेज गेंदबाजों के बीच प्रभावी प्रदर्शन करने वाले प्रिंस यादव को श्रीलंका में त्रिकोणीय लिस्ट-ए सीरीज के लिए नहीं चुना गया है क्योंकि वह अफगानिस्तान के विरुद्ध वनडे सीरीज के लिए चुने जाने के मजबूत दावेदार हैं। भारत अफगानिस्तान के विरुद्ध कोई टी-20 मैच नहीं खेलेगा, लेकिन चयन समिति सूर्यकुमार यादव के भविष्य के बारे में अनौपचारिक बातचीत करेगी।

## खेल डायरी

### सात्विक-चिराग को रजत से करना पड़ा संतोष



**बैंकाक, प्रेट्र:** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय जोड़ी ने रविवार को खेले गए फाइनल में चार चैंपियनशिप पाइंट बचाए लेकिन आखिर में उन्हें थाइलैंड ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष डबल्स में उपविजेता बनकर संतोष करना पड़ा। विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज सात्विक और चिराग को इंडोनेशिया के लियो राली कार्नांडो और डेनियल मार्टिन से 53 मिनट तक चले मैच में 12-21 23-25 से हार का सामना करना पड़ा। सात्विक और चिराग ने यहां 2019 और 2024 में खिताब जीता था। वे पहले गेम में लय से बाहर दिखे लेकिन दूसरे गेम में दबाव में अपनी मानसिक दृढ़ता का परिचय देते हुए मैच को निर्णायक गेम तक ले जाने के करीब पहुंच गए थे। यह भारतीय जोड़ी पिछले साल चाइना मास्टर्स और हांगकांग ओपन में भी उपविजेता रही थी।

### कार में खराबी से हारे फार्मूला-1 चैंपियन मैक्स

**नर्बर्ग, एपी:** चार बार के फार्मूला-1 चैंपियन मैक्स वेरस्टैपेन की मशहूर नर्बगिंग ट्रैक पर अपनी पहली 24 घंटे की रेस में जीत की उम्मीदें उनकी कार में आई एक मैकेनिकल खराबी की वजह से खत्म हो गईं। रविवार सुबह तक वेरस्टैपेन आधे मिनट से ज्यादा की बढ़त बनाए हुए थे। वेरस्टैपेन इस रेस में अनुभवी स्पोर्ट्सकार रेसर लुकास आयर, जूल्स गूनन और डैनी जुनकाडेला के साथ मर्सिडीज एएमजी जीटी3 कार शेयर कर रहे थे। हालांकि, जैसे ही जुनकाडेला ने कार की कमान संभाली, उन्हें डैमेज ड्राइवशाफ्ट की वजह से कार धीमी करनी पड़ी। पिट्स में घुसने से पहले ही वह अपनी बढ़त गंवा बैठे, जिसके बाद कार को गैराज में ले जाना पड़ा। कैनेडियन ग्रां प्री में एफ-1 की वापसी से ठीक एक हफ्ते पहले हुई यह रेस वेरस्टैपेन के लिए उनकी इच्छाओं की सूची पूरी करने वाला एक प्रोजेक्ट थी।

### अवनि प्रशांत ने तीसरे दौर में किया संघर्ष

**हैम्बर्ग (जर्मनी), प्रेट्र:** भारत की अवनि प्रशांत को लेडीज यूरोपियन टूर के अमुंडी जर्मन मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट के तीसरे दौर में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा, जहां उन्होंने 81 का स्कोर बनाकर लीडरबोर्ड में अपनी स्थिति कमजोर कर ली। अवनि ने टूर्नामेंट की शुरुआत 78 के स्कोर से की थी, लेकिन दूसरे राउंड में उन्होंने शानदार वापसी करते हुए चार अंडर 69 का स्कोर बनाया और आसानी से कट हासिल कर लिया था। वह कट हासिल करने वाली एकमात्र भारतीय खिलाड़ी थीं, क्योंकि प्रणवी उर्स कट में जगह नहीं बना पाई थीं जबकि वाणी कपूर ने पहले राउंड में 83 का स्कोर बनाकर टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया था। अवनि का कुल स्कोर अब नौ ओवर पर है और वह काफी नीचे खिसक गई है। जर्मनी की एलेक्जेंड्रा फोर्स्टरलिंग ने अंतिम दिन से पहले दो शाट की बढ़त हासिल कर ली है।

# स्वितोलिना बनीं इटेलियन ओपन चैंपियन

**यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना ने फाइनल मुकाबले में कोको गफ को 6-4, 6-7 (3), 6-2 से हराया**


एलिना स्वितोलिना एएफपी

**रोम, एपी:** एलिना स्वितोलिना ने शनिवार को लगभग तीन घंटे तक चले मुकाबले में कोको गफ को 6-4, 6-7 (3), 6-2 से हराकर तीसरी बार इटेलियन ओपन का खिताब अपने नाम किया। इससे पहले यूक्रेनी खिलाड़ी ने 2017 और 2018 में भी रोम में यह ट्राफी जीती थी। 2018 के बाद यह उनका पहला डब्ल्यूटीए 1000 खिताब भी है। मैच के बाद स्वितोलिना ने कहा कि यह विश्वास करना बहुत मुश्किल है कि मुझे यहां यह ट्राफी जीते हुए आठ साल हो गए हैं। इन दो हफ्तों के प्रदर्शन से मैं बेहद खुश हूं। मैंने अपने कोच से कहा था कि करियर खत्म करने से पहले ट्राफियों की संख्या को एक अच्छे आंकड़े तक पहुंचाना चाहती हूं। उन्होंने कहा था कि उम्मीद है हम यह इस साल कर लेंगे। इसलिए मैं बहुत खुश हूं। गफ रोम में लगातार दूसरे साल फाइनल हार गईं। पिछले साल उन्हें जैस्मीन पाओलिनी ने हराया था। हालांकि बाद में उन्होंने फ्रेंच ओपन का खिताब जीत लिया था। मैच की शुरुआत गफ ने शानदार अंदाज में की। उन्होंने स्वितोलिना की सर्विस तोड़ी और आसानी से अपनी सर्विस बरकरार रखी। उनके पास 5-2 की बढ़त लेने का मौका भी था, लेकिन स्वितोलिना ने तीन ब्रेक पाइंट बचाते हुए लगातार चार गेम जीतकर पहला सेट अपने नाम कर लिया। गफ दूसरे सेट में मुकाबले को टाइब्रेक तक ले जाने में सफल रहीं और सेट जीतकर बराबरी कर ली। हालांकि, निर्णायक सेट में स्वितोलिना ने नेट पर शानदार वाली लगाकर तीसरे मैच पाइंट पर जीत दर्ज की।

# चोटिल होने के बावजूद वरुण को मैदान में उतारा

**बीसीसीआइ के केंद्रीय अनुबंध में हैं वरुण, दर्द से लंगड़ाते हुए की गेंदबाजी, अगले महीने भारत को खेलने हैं सात टी-20 मैच**


वरुण चक्रवर्ती

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** 'देश बनाम क्लब' की बहस एक बार फिर से शुरू हो गई है। शनिवार को आइपीएल मैच में गुजरात टाइटंस के विरुद्ध कोलकाता नाइट राइडर्स की ओर से खेलते हुए वरुण चक्रवर्ती ने अपने कोटे के पूरे ओवर फेंके, जबकि भारत के इस शीर्ष टी-20 स्पिनर के पैर में 'हेयरलाइन फ्रैक्चर' था और उन्हें आराम की जरूरत थी।

वरुण को दर्द में लंगड़ाते हुए और गेंदबाजी जारी रखते हुए देखना भारतीय टीम से जुड़े लोगों को बिल्कुल भी रास नहीं आया है। खासकर तब, जब अगले महीने डबलिन और इंग्लैंड के अलग-अलग हिस्सों में देश को सात टी-20 मैच खेलने हैं। बीसीसीआइ के एक सीनियर अधिकारी ने बताया कि मुझे पक्के तौर पर पता है कि केकेआर के फिजियो, भारतीय टीम के फिजियो (कमलेश जैन) के संपर्क में हैं। केकेआर की तरफ से बीसीसीआइ को यह जानकारी दी गई है कि पिछले मैच में बाउंड्री बचाने की कोशिश में वरुण के बाएं पैर में चोट लग गई थी। ऐसा माना जा रहा है कि उनके पैर में हेयरलाइन फ्रैक्चर है। मेरा मानना है कि बीसीसीआइ के केंद्रीय अनुबंध वाले खिलाड़ी होने के नाते उनकी फिटनेस सबसे ज्यादा जरूरी है और बीसीसीआइ की मेडिकल टीम को इस मामले में दखल देना चाहिए। जैन से यह पूछा जा सकता है कि केकेआर की मेडिकल टीम ने इस बारे में क्या जानकारी दी थी। अफगानिस्तान के विरुद्ध होने वाली घरेलू सीरीज में टी-20 मैच शामिल नहीं हैं, फिर भी यह सवाल बना हुआ है कि अगर फ्रेंचाइजी की इस जल्दबाजी की वजह से वरुण की चोट और बढ़ जाती है, तो क्या 26 जून से शुरू होने वाले इंग्लैंड दौरे से पहले उनके पास ठीक होने के लिए पर्याप्त समय होगा। अब यह सवाल भी उठ रहे हैं कि जब वरुण को रन-अप पर वापस जाते समय साफ तौर पर परेशानी हो रही थी, तो उन्होंने खुद गेंदबाजी करना बंद क्यों नहीं किया।

# 122 गोल के रिकार्ड के साथ बुंडेसलीगा चैंपियन बना बायर्न

## फुटबाल डायरी



बुंडेसलीगा का खिताब जीतने के बाद जश्न मनाती बायर्न म्यूनिख की टीम • एएफपी

**म्यूनिख, एपी:** बायर्न म्यूनिख ने एक सत्र में सर्वाधिक 122 गोल करने के नए रिकार्ड के साथ जर्मन फुटबाल लीग बुंडेसलीगा का खिताब जीता। हैरी केन की इस सत्र की चौथी हैट्रिक की मदद से बायर्न ने शनिवार रात कोलोन पर 5-1 से शानदार जीत के साथ अपने अभियान का अंत किया। इसके बाद लीग के पहले से ही चैंपियन बन चुके बायर्न को ट्राफी सौंपी गई।

बायर्न की कोलोन पर जीत में टाम बिशोफ और निकोलस जैक्सन ने भी एक-एक गोल किया। वहीं कोलोन की ओर से सैद अल माला ने एकमात्र गोल किया। बायर्न के केन ने इस सत्र में 36 गोल किए। हालांकि 2020-21 में राबर्ट लेवांदोव्स्की के लीग रिकार्ड से यह पांच कम रह गए। हालांकि केन लीग के इतिहास में पहले ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्होंने जर्मनी में अपने पहले तीनों सीजन में शीर्ष स्कोरर की ट्राफी जीती। बुंडेसलीगा के एक सत्र में सर्वाधिक गोल करने का रिकार्ड इससे पहले भी बायर्न के नाम पर ही था। उसने 1971-72 में 101 गोल किए थे। तब फ्रांज बेकेनबावर और गेर्ड मुलर जैसे खिलाड़ी उसकी तरफ से खेला करते थे। इधर बुंडेसलीगा के आखिरी दिन के मुकाबलों में सेंट पाली और हाइडेनहाइम अपने-अपने मुकाबले हारकर रेलीगेशन जोन में पहुंच गए। सेंट पाली को वोल्फ्सबर्ग ने हराया, जिससे वोल्फ्सबर्ग ने अगले सीजन में शीर्ष डिवीजन में पहुंचने की उम्मीदों को बनाए रखा।

### रोनाल्डो का सऊदी अरब में ट्राफी जीतने का इंतजार बढ़ा

**रियाद, एपी:** दिग्गज फुटबालर क्रिस्टियानो रोनाल्डो का सऊदी अरब में पहली बड़ी ट्राफी जीतने का इंतजार और बढ़ गया है। शनिवार को एशियाई चैंपियंस लीग-2 के फाइनल में रोनाल्डो के क्लब अल नासर को जापान के गांबा ओसाका से 1-0 से हार का सामना करना पड़ा। तुर्की के फारवर्ड डेनिज हम्मात के पहले हाफ में किए गए गोल की मदद से ओसाका ने एशिया के दूसरी श्रेणी के टूर्नामेंट का खिताब जीता। इससे पांच दिन पहले अल नासर 2019 के बाद पहली बार सऊदी प्रो लीग जीतने से चूक गई थी। उस लीग में भी क्लब का इंतजार बढ़ गया है।

क्रिकेट और स्पोर्ट्स की अन्य खबरों के लिए स्कैन करें या विजिट करें jagran.com

### आर प्रगनानंद ने कीमर के साथ खेला ड्रा

**बुखारेस्ट, प्रेट्र:** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रगनानंद ने जर्मनी के विंसेंट कीमर के साथ ड्रा खेलकर सुपर शतरंज क्लासिक के तीसरे दौर के बाद संयुक्त बढ़त बनाए रखी। यह टूर्नामेंट ग्रैंड चेस टूर का हिस्सा है।

उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव पर पिछले दौर में शानदार जीत दर्ज करने के बाद प्रगनानंद के अब तीन मुकाबलों में दो अंक हो गए हैं। वह फ्रांस के मैक्सिम वाशिए-लाग्रेव, नीदरलैंड्स के जोर्डन वान फोरेस्ट और अनीश गिरी के साथ-साथ कीमर के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। 10 खिलाड़ियों वाले इस टूर्नामेंट में आधे खिलाड़ी संयुक्त बढ़त पर हैं। फैबियानो कारुआना और वेस्ली सो ने सभी मुकाबले ड्रा खेले हैं और उनके 1.5 अंक हैं। अलीरेजा फिरोजा और डिएक बोगदान-डेनियल के आधा-आधा अंक है।

# सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल एनटीए को भंग किया जाए

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली : यूनाइटेड डाक्टर्स फ्रंट ने नीट-यूजी 2026 में प्रणालीगत विफलता का आरोप लगाते हुए परीक्षा आयोजित करने वाली नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) को भंग करने की मांग की है। याचिका में कहा गया है कि संवैधानिक और संसदीय जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए संसद द्वारा पारित कानून के जरिए एक नई वैधानिक टेस्टिंग अथारिटी गठित की जाए। इस नए गठित निकाय के पास परिभाषित कानूनी अधिकार, पारदर्शिता के मानक और विधायिका के प्रति सीधी जवाबदेही होनी चाहिए। वकील रितु रेनीवाल के जरिए दाखिल याचिका में कहा गया है कि संसद से कानून पारित कर नई विधायी टेस्टिंग अथारिटी बनाने से संस्था के अध्यक्ष और उसके सदस्य कानून द्वारा तय किए जाएंगे, जिससे यह संस्था सीधे तौर पर विधायिका के प्रति जवाबदेह होगी। शुरू से अंत तक सीएजी आडिट अनिवार्य करने से वित्तीय पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। पेपर लीक होने पर सख्त सजा और छात्रों के लिए अनिवार्य शिकायत तंत्र होने से कानूनी सुरक्षा उपाय सुनिश्चित होंगे। इससे परीक्षा के मुख्य कामों में निजी वेंडरों की भूमिका सीमित होगी जिससे कि आउटसोर्सिंग से जुड़ी अस्पष्टता खत्म होगी। इसमें एनटीए पर सवाल उठाते हुए कहा गया है कि सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम के तहत एक स्वायत्त संस्था के रूप में एनटीए की वर्तमान कानूनी स्थिति जवाबदेही की शून्यता पैदा करती है। यूपीएससी संवैधानिक संस्था है और एसएससी एक वैधानिक संस्था है जबकि इसके विपरीत एनटीए सीधे तौर पर संसद के प्रति जवाबदेह नहीं है।

## ई-फार्मेसी को 'अस्थायी छूट' खत्म करने की मांग

जासं, नई दिल्ली: कोरोना महामारी में ई-फार्मेसी को मिली 'अस्थायी छूट' अब तक जारी रहने के विरोध में आल इंडिया आर्गनाइजेशन आफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स (एआइओसीडी) ने 20 मई को राष्ट्रव्यापी बंद का आह्वान किया है। दिल्ली रिटेल डिस्ट्रीब्यूशन केमिस्ट अलायंस (आरडीसीए) वन दिल्ली ने भी बंद को समर्थन देने की घोषणा की है। आरडीसीए वन ने बंद के दौरान दवा की आपातकालीन सेवा चालू रखने की भी घोषणा की है। हालांकि, उसका यह भी कहना है कि बंद में दवा की कमी नहीं होने दी जाएगी। आरडीसीए वन दिल्ली के अध्यक्ष संदीप नांगिया ने आरोप लगाया कि कोरोना महामारी में दवाओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए शुरू की गई अस्थायी व्यवस्था महामारी समाप्त होने के बाद भी जारी है।

# मौसम का डबल अटैक, कहीं बारिश तो कहीं लू

- उत्तर भारत भीषण गर्मी और लू की चपेट में तो पूर्वोत्तर और दक्षिण के कई राज्यों में बारिश
- दिल्ली में अगले दो दिनों में 44 डिग्री तक पहुंच सकता है तापमान,
- उत्तर भारत के राज्यों में राहत का दौर खत्म, पांच से सात दिनों तक गर्मी की चपेट में रहेगा यह क्षेत्र

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली : देश में मौसम इस समय दो अलग-अलग तस्वीरें पेश कर रहा है। एक ओर उत्तर भारत भीषण गर्मी और लू की चपेट में है तो दूसरी ओर पूर्वोत्तर और दक्षिण के कई राज्यों में तेज बारिश और आंधी का दौर जारी है। उत्तर भारत के राज्यों में राहत का दौर फिलहाल खत्म हो गया है। अगले पांच से सात दिनों तक यह इलाका भीषण गर्मी की चपेट में आने वाला है। मौसम विभाग के अनुसार, 18 से 22 मई के बीच उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत में गर्मी का प्रकोप और तेज हो सकता है। दिल्ली, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के कई हिस्सों में तापमान 44 से 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की आशंका है। दक्षिण भारत में मानसून पूर्व गतिविधियां तेज हो गई हैं। केरलम, तमिलनाडु और कर्नाटक के कई हिस्सों में बारिश और तेज हवाओं का दौर जारी है। मौसम विभाग का अनुमान है कि दक्षिण-पश्चिम मानसून 26 मई तक केरलम पहुंच सकता है, जो सामान्य समय से पहले की स्थिति मानी जा रही है।

मौसम विभाग ने राजस्थान में 21 और 22 मई को गंभीर लू की चेतावनी जारी की है। एनसीआर, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भी लू चलने की चेतावनी है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार इस बार मई के दूसरे पखवाड़े में तापमान सामान्य से अधिक बना हुआ है, जिससे बिजली की मांग, जल संकट और स्वास्थ्य संबंधी जोखिम तेजी से बढ़ सकता है। खासकर दोपहर का समय सबसे अधिक जोखिम भरा माना जा रहा है।

दिल्ली में अगले दो दिनों तक अधिकतम तापमान 43 से 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। हालांकि आंशिक बादल और तेज सतही हवाओं के कारण शाम के समय कुछ राहत मिलने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने 20 से 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने का अनुमान लगाया है। इसके बावजूद गर्म हवाओं के कारण तापमान अपनी वास्तविकता से अधिक महसूस हो सकता है।

**कृषि और श्रम आधारित गतिविधियों पर भीषण गर्मी का असर :** उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश में गर्मी का असर सबसे ज्यादा कृषि और श्रम आधारित गतिविधियों पर पड़ने की आशंका है। खेतों में खड़ी फसलें और पशुधन भी इस तापमान से प्रभावित हो सकते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि लगातार बढ़ती गर्मी संकेत दे रही है कि जलवायु परिवर्तन अब सीधे तौर पर मौसम के चरित्र को प्रभावित कर रहा है। पिछले कुछ वर्षों में लू की अवधि और तीव्रता दोनों बढ़ी है।



प्रयागराज में गर्मी से बचने के लिए कुछ इस तरह से अपना बचाव करते हुए गंतव्य की ओर आगे बढ़ते लोग • एएनआइ

### बिहार, झारखंड में बारिश और तेज हवाओं का अनुमान

उत्तर भारत के राज्यों से अलग बिहार, झारखंड और पूर्वी भारत के कई हिस्सों में मौसम का दूसरा रूप दिख सकता है। वहां गरज-चमक के साथ बारिश और तेज हवाओं का अनुमान है। पूर्वोत्तर राज्यों असम, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश में भारी बारिश हो सकती है।

# मंदिर की रक्षा के लिए कोई भक्त भी बन सकता है पक्षकार : हाई कोर्ट

## भोजशाला मामले में कहा- धार्मिक उद्देश्य की सुरक्षा सबसे जरूरी

**धार्मिक अधिकार**

- किसी देवता, धार्मिक ट्रस्ट या पूजा स्थल की सुरक्षा केवल ट्रस्टियों या प्रबंधन तक सीमित नहीं
- निर्णय के बाद इस हिस्से को कानूनी विशेषज्ञ भी महत्वपूर्ण मान रहे हैं



एएसआइ की ओर से निर्बाध पूजा का आदेश जारी होते ही रविवार सुबह भक्त जयघोष और भजन-कीर्तन करते हुए भोजशाला पहुंचे • नईदुनिया

नईदुनिया प्रतिनिधि, इंदौर : धार की ऐतिहासिक भोजशाला मामले में मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के 15 मई को सुनाए निर्णय में कई टिप्पणियां ऐसी हैं जो नए उदाहरण स्थापित कर रही हैं। कोर्ट ने कहा कि किसी देवता, धार्मिक ट्रस्ट या पूजा स्थल की सुरक्षा केवल ट्रस्टियों या प्रबंधन तक सीमित विषय नहीं है। श्रद्धालु और भक्त भी ऐसे मामलों में अदालत का दरवाजा खटखटा सकते हैं। दरअसल, अप्रैल और मई में 24 दिन चली नियमित सुनवाई के दौरान मस्जिद पक्ष की अधिवक्ता शोभा मेनन ने हिंदू पक्ष के याचिकाकर्ताओं को लेकर यह प्रश्न उठाया था कि वे किस आधार पर याचिकाकर्ता बने हैं। दरअसल, एक याचिकाकर्ता हिंदू फ्रंट फार जस्टिस दिल्ली में स्थापित संस्था है। शोभा मेनन का आरोप था कि याचिकाकर्ता मूल रूप से प्रदेश के बाहर का निवासी हैं। धार से उनका कोई लेना-देना नहीं है। वह सिर्फ प्रसिद्धि पाने के उद्देश्य से याचिकाकर्ता बने हैं।

हिंदू फ्रंट फार जस्टिस के सदस्य और याचिका लगाने वाले आशीष गोयल ने इसका विरोध करते हुए कहा था कि वह धार निवासी हैं और इस बारे में साक्ष्य भी प्रस्तुत कर सकते हैं। इसी संदर्भ में हाई कोर्ट ने अयोध्या मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा तय किए गए सिद्धांतों का हवाला दिया और कहा कि धार्मिक स्थलों से जुड़े मामलों में विवाद को सिर्फ इस बात तक सीमित नहीं रखा जा सकता कि कोर्ट में याचिका लगाने का अधिकार किसके पास है। यदि मामला किसी देवता, धार्मिक उद्देश्य या पूजा स्थल की रक्षा से जुड़ा हो, तो श्रद्धालुओं और भक्तों की चिंता भी महत्वपूर्ण मानी जाएगी। निर्णय में कहा गया कि हिंदू धार्मिक परंपरा में देवता को केवल प्रतिमा नहीं, बल्कि एक वैधानिक और धार्मिक इकाई के रूप में भी देखा जाता है। इसी कारण धार्मिक स्थल के संरक्षण से जुड़े मामलों में श्रद्धालुओं की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने यह भी कहा कि कई बार धार्मिक स्थलों के विवाद वर्षों पुराने होते हैं। ऐसे मामलों में केवल दस्तावेजी स्वामित्व या तकनीकी पहलुओं के आधार पर अंतिम निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता।

हाई कोर्ट ने आदेश में यह भी स्पष्ट किया कि अदालतों को यह देखना होता है कि किसी स्थल के प्रति समुदाय की आस्था, पूजा की परंपरा और धार्मिक विश्वास कितने लंबे समय से जुड़े रहे हैं। निर्णय में यह टिप्पणी उस दौरान दर्ज की गई, जब भोजशाला परिसर के धार्मिक स्वरूप, पूजा-अधिकार और ऐतिहासिक दावों को लेकर दोनों पक्ष अपने-अपने तर्क रख रहे थे। निर्णय के बाद इस हिस्से को कानूनी विशेषज्ञ भी महत्वपूर्ण मान रहे हैं, क्योंकि यह केवल भोजशाला विवाद तक सीमित नहीं, बल्कि भविष्य में धार्मिक स्थलों से जुड़े अन्य मामलों में भी संदर्भ के रूप में देखा जा सकता है।

## सतीशन का शपथ ग्रहण आज; खरगे, राहुल एवं प्रियंका गांधी होंगे शामिल

तिरुअनंतपुरम, प्रेट्र : केरल विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) ने 140 में से 102 सीटों पर ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। मुख्यमंत्री पद के लिए नामित वी.डी. सतीशन सोमवार (18 मई) को सुबह 10 बजे तिरुअनंतपुरम के सेंट्रल स्टेडियम में अपने मंत्रिमंडल के साथ पद और गोपनीयता की शपथ लेंगे। इस समारोह में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा सदस्य राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा विशेष रूप से शामिल होंगे। इसके अलावा, कांग्रेस शासित राज्यों (कर्नाटक, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश) के मुख्यमंत्री भी इस अवसर पर मौजूद रहेंगे, जबकि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय को भी आमंत्रित किया गया है। मुख्यमंत्री-मनोनीत वी.डी. सतीशन ने रविवार को राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर से मुलाकात कर अपने सहयोगियों की अंतिम सूची सौंप दी।

# सुप्रीम कोर्ट में अब होंगे कुल 38 न्यायाधीश

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीशों की कुल संख्या 34 से बढ़ा कर 38 करने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अध्यादेश जारी करने के बाद केंद्र सरकार ने भी अधिसूचना जारी कर दी है। सुप्रीम कोर्ट में अभी भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआइ) को मिलाकर कुल 34 न्यायाधीश हैं। जारी अधिसूचना में सुप्रीम कोर्ट में चार न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाई गई है। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट में सीजेआइ सहित न्यायाधीशों की कुल संख्या बढ़कर 38 हो गई है। 1950 में जब सुप्रीम कोर्ट स्थापित हुआ था तब सीजेआइ को मिला कर कुल आठ न्यायाधीश ही थे। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों की संख्या उस समय बढ़ी है जब सर्वोच्च अदालत में बड़ी संख्या में मामले लंबित हैं। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने न्याय को गति देने और लंबित मामलों के जल्दी निपटारे के उद्देश्य से गत पांच मई को सुप्रीम कोर्ट में चार न्यायाधीशों को बढ़ाने की मंजूरी दी थी। पहली बार 1956 में सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाने के लिए अधिनियम पारित किया गया जिसमें न्यायाधीशों की संख्या बढ़ा कर 10 कर दी गई। इसमे सीजेआइ शामिल नहीं थे। 1960 में संख्या बढ़ा कर 13,1977 में 17 और 1986 में चीफ जस्टिस को छोड़ कर सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों की संख्या 25 कर दी गई। इसके बाद 2008 में यह 30 हो गई। 2019 में संख्या 30 से बढ़ा कर 33 कर दी गई जिसमें चीफ जस्टिस शामिल नहीं थे। चीफ जस्टिस को मिला कर 34 न्यायाधीश हो गए थे। और अब चार और न्यायाधीश बढ़ाए गए हैं।

## विजय से कोई ईर्ष्या नहीं : रजनीकांत

चेन्नई, प्रेट्र : सुपरस्टार रजनीकांत ने राजनीति और सिनेमा के गलियारों में तैर रही अफवाहों पर विराम लगा दिया है। उन्होंने साफ किया कि मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय के प्रति उनके मन में कोई द्वेष या ईर्ष्या नहीं है। चेन्नई में अपने पोएस गार्डन आवास पर संवाददाताओं से भावुक होकर बात करते हुए रजनीकांत ने कहा कि द्रमुक प्रमुख एम.के. स्टालिन के साथ उनकी हालिया मुलाकात पूरी तरह से एक दोस्ताना और शिष्टाचार भेंट थी, जिसका कोई राजनीतिक मकसद नहीं था। उन्होंने उन खबरों को सिरे से खारिज कर दिया जिसमें कहा जा रहा था कि वह विजय की राजनीतिक राह में रोड़े अटकाना चाहते हैं। रजनीकांत ने दिल खोलकर मुख्यमंत्री विजय की तारीफ की। उन्होंने कहा, "मैंने विजय को बचपन से देखा है, भला मैं उनसे क्यों ईर्ष्या करूंगा? हमारे बीच 25 साल का पीढ़ीगत फासला है।"

## एक देश-एक चुनाव विधेयक के कुछ प्रविधानों में बदलाव की जरूरत

बेंगलुरु, प्रेट्र : जदएस ने एक देश-एक चुनाव की व्यवस्था संबंधी 129वें संविधान संशोधन विधेयक के कुछ प्रविधानों में बदलाव करने का अनुरोध किया है। राजग में शामिल जदएस ने उस प्रविधान पर विशेष रूप से आपत्ति जताई है जिसके तहत निर्वाचन आयोग को किसी भी राज्य के चुनाव स्थगित करने के लिए राष्ट्रपति से सिफारिश करने का अधिकार देने का प्रस्ताव है। गठबंधन सरकारों की स्थिरता और एक साथ होने वाले चुनाव के दौरान क्षेत्रीय दलों के संरक्षण के लिए कानूनी सुरक्षा उपायों की भी मांग की गई है।संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) ने शनिवार को बेंगलुरु में राजनीतिक दलों के साथ एक देश-एक चुनाव से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक पर चर्चा की और उनके सुझाव व विचार मांगे। जनता दल-सेक्युलर (जदएस) ने कहा कि राष्ट्रपति को प्रांतीय चुनावों को स्थगित करने की सिफारिश करने के लिए निर्वाचन आयोग को सशक्त बनाने वाले प्रविधानों में उपयुक्त संशोधन के प्रस्ताव दिए हैं। पार्टी ने कहा, विधेयक के संबंध में जदएस ने कुछ शर्तों और संशोधनों के साथ संवैधानिक संशोधन का समर्थन किया है।

# आन-स्क्रीन मार्किंग प्रणाली अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप

> इस बार कुल 98 लाख उत्तर पुस्तिकाओं को स्कैन किया गया। स्कैनिंग के दौरान सुरक्षा के तीन कड़े स्तरों का पालन किया गया, जिससे टोटलिंग (अंकों को जोड़ने) में होने वाली मानवीय गलतियों की गुंजाइश पूरी तरह खत्म हो गई है।
> – संजय कुमार, स्कूल शिक्षा सचिव

> सीबीएसई छात्रों के हित में काम करने वाली संस्था है। लगभग 1.25 करोड़ कापियों के मूल्यांकन में मानवीय चूक की गुंजाइश हो सकती है, लेकिन हमारे पास उसे सुधारने के पुख्ता रास्ते हैं।
> – संयम भारद्वाज, परीक्षा नियंत्रक (सीबीएसई)

नई दिल्ली, प्रेट्र : सीबीएसई कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणामों के बाद छात्रों और अभिभावकों के बीच बढ़ी चिंताओं और असमंजस की स्थिति के मद्देनजर शिक्षा मंत्रालय ने बड़ा कदम उठाया है। इसने स्पष्ट किया है कि नई डिजिटल 'आन-स्क्रीन मार्किंग' (ओएसएम) प्रणाली पूरी तरह सुरक्षित, पारदर्शी और अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने भी नई मूल्यांकन पद्धति को लेकर फैली घबराहट पर अपनी चुप्पी तोड़ते हुए स्पष्ट किया है कि छात्रों का हित और मानसिक सुकून उसके लिए सर्वोपरि है। इसने कहा कि ओएसएम को छात्रों की सहूलियत और निष्पक्षता के लिए ही लागू किया गया है। अनुभवी शिक्षकों द्वारा तैयार की गई इस व्यवस्था से मूल्यांकन में एकरूपता और पारदर्शिता आती है।

एक प्रेस कान्फ्रेंस को संबोधित करते हुए स्कूल शिक्षा सचिव संजय कुमार ने बताया कि इस बार कुल 98 लाख उत्तर पुस्तिकाओं को स्कैन किया गया। उन्होंने कहा कि डिजिटल मार्किंग की वजह से पास प्रतिशत में गिरावट आने की आशंकाएं निराधार हैं। इस साल 12वीं का पास प्रतिशत पिछले साल के 88 प्रतिशत से घटकर 85 प्रतिशत रहा है, लेकिन इसका तकनीक से कोई सीधा संबंध नहीं है। स्कैनिंग के दौरान सुरक्षा के तीन कड़े स्तरों का पालन किया गया, जिससे टोटलिंग (अंकों को जोड़ने) में होने वाली मानवीय गलतियों की गुंजाइश पूरी तरह खत्म हो गई है। शिक्षा सचिव ने बताया कि कुछ उत्तर पुस्तिकाओं में छात्रों द्वारा बहुत हल्की स्याही (लाइट इंक) का उपयोग किया गया था, जिससे बार-बार स्कैन करने के बाद भी वे पढ़ने योग्य नहीं थीं। ऐसे मामलों में छात्रों के भविष्य को प्राथमिकता देते हुए लगभग 13 हजार उत्तर पुस्तिकाओं को अलग से पहचानकर शिक्षकों द्वारा मैनुअली (हाथ से) जांचा गया और फिर उनके अंक सिस्टम में दर्ज किए गए।

## तृणमूल के पूर्व मंत्री ने अभिषेक पर दर्ज कराई शिकायत

राज्य ब्यूरो, जागरण • कोलकाता: दक्षिण 24 परगना जिले के मगराहाट पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से तृणमूल के टिकट पर तीन बार विधायक रह चुके और ममता बनर्जी सरकार में राज्य मंत्री रहे गियासुद्दीन मोल्ला ने अपने ही दल तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और लोकसभा सांसद अभिषेक बनर्जी तथा एक पुलिस अधिकारी मिथुन कुमार दे के खिलाफ स्थानीय थाने में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत दर्ज होने की पुष्टि करते हुए गियासुद्दीन मोल्ला ने रविवार को कहा कि वे लंबे समय तक भय के कारण चुप रहे। अब उन्हें नई प्रशासनिक व्यवस्था और मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी के नेतृत्व वाली सरकार पर भरोसा है, इसलिए उन्होंने शिकायत दर्ज कराने का निर्णय लिया है। मोल्ला ने आरोप लगाया कि तत्कालीन उपमंडल पुलिस अधिकारी मिथुन कुमार दे क्षेत्र के कुछ तृणमूल कार्यकर्ताओं के खिलाफ अनुचित दंडात्मक कार्रवाई करते थे। एक पार्टी कार्यकर्ता की पुलिस थाने के अंदर पिटाई की गई और मानसिक तथा शारीरिक उत्पीड़न किया गया। जब उन्होंने इस मामले का विरोध किया तो पुलिस अधिकारी ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया।

# सीबीएसई के त्रि-भाषा फार्मूले से छात्रों को मिलेगा वैश्विक आयाम

नई दिल्ली, प्रेट्र: शिक्षा को अधिक रोजगारपरक और वैश्विक जरूरतों के अनुरूप बनाने के उद्देश्य से केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 2026-27 के शैक्षणिक सत्र से तीन-भाषा फार्मूला लागू कर दिया है। बोर्ड ने भाषा को भी कौशल विकास का महत्वपूर्ण हिस्सा मानते हुए कक्षा नौवीं से ही इस दिशा में पहल की है। सीबीएसई का मानना है कि नौवीं कक्षा से भाषाओं का अध्ययन शुरू होने पर छात्रों को उनमें बेहतर पकड़ बनाने के लिए पर्याप्त समय मिलेगा।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत छात्रों को तीन भाषाएं सीखनी होंगी, जिनमें कम से कम दो भारतीय भाषाएं होना अनिवार्य है। यह व्यवस्था सरकारी और निजी दोनों विद्यालयों पर लागू होगी। राज्यों और छात्रों को अपनी आवश्यकता और सुविधा के अनुसार भाषाएं चुनने की स्वतंत्रता दी गई है।

तीन-भाषा फार्मूले का प्रस्ताव सबसे पहले शिक्षा आयोग (1964-66), जिसे कोठारी आयोग के नाम से जाना जाता है, ने दिया था। इसे तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कार्यकाल में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1968 के तहत औपचारिक रूप से अपनाया गया। बाद में प्रधानमंत्री राजीव गांधी के समय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 में इसकी पुनः पुष्टि की गई और 1992 में नरसिम्हा राव सरकार ने इसमें संशोधन कर भाषाई विविधता और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने पर जोर दिया। इस फार्मूले में मातृभाषा या क्षेत्रीय भाषा, आधिकारिक भाषा तथा एक आधुनिक भारतीय या यूरोपीय भाषा को शामिल किया गया था।


नई राहें नई राहें नई राहें नई राहें नई राहें नई राहें नई राहें नई राहें

महाराष्ट्र नेचुरल गैस लिमिटेड (MNGL)
(GAIL और BPCL का संयुक्त उपक्रम)
CIN: U11102PN2006PLC021839
प्राइड पर्पल कोरोनेट, दूसरी मंजिल, बाटा शोरूम के ऊपर, बानेर रोड, बानेर, पुणे - 411045 (महाराष्ट्र)

**तात्काल प्लंबर्स आवश्यक**
पाईप्ड नॅचरल गॅस (PNG) काम के लिये
प्लंबर / गैस टेक्नीशियन की तात्काल आवश्यकता

MNGL पुणे शहर, पिंपरी-चिंचवड़, चाकन, तलेगांव और हिंजेवाड़ी सहित महाराष्ट्र के नाशिक, धुले, सिंधुदुर्ग जिलों तथा कर्नाटक के रामनगरा में पाइप्ड नेचुरल गैस (PNG) एवं कंप्रेस्ड नेचुरल गैस (CNG) के वितरण का काम करती है।

**एजेंसियां/कॉन्ट्रैक्टर्स जो रेसिडेंशियल बिल्डिंग्स में ऊंचाई पर GI पाइपिंग काम तथा किचन में कॉपर पाइपिंग काम हेतु कुशल प्लंबर और गैस टेक्नीशियन** तत्काल उपलब्ध करा सकते हैं, वे डिटेल्स के साथ कार्यालय समय के दौरान उपरोक्त पते पर संपर्क करें या नीचे दिए गए ईमेल आईडी पर जानकारी भेजें।

इच्छुक प्लंबर / गैस टेक्नीशियन भी अपने डिटेल्स के साथ संपर्क करें या अपना रिझ्युमे /बायोडाटा ईमेल के माध्यम से भेजें।

* कमाई के साथ पाएं एक्स्ट्रा इंसेंटिव।

किसी भी जानकारी के लिए कृपया ईमेल करें: neeraj@mngl.in
या संपर्क करें: 020 - 25611156

Sd/-
जनरल मॅनेजर (C & P)

SBI
भारतीय स्टेट बैंक
केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केंद्र, मुंबई
फोन: 022-22820427
आवेदन के लिए क्यूआर स्कैन करें

**नियमित आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों की भर्ती**
नियमित आधार पर निम्नलिखित पद के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.
विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2026-27/05 (नियमित पद)

| पद का नाम | रिक्तियों की संख्या | श्रेणी |
|---|---|---|
| व्यापार वित्त अधिकारी | 100 | एमएमजीएस-II |

पात्रता मानदंड (आयु, अनुभव, जॉब प्रोफाइल आदि), रिक्ति विवरण, आवश्यक शुल्क एवं अन्य विवरण के लिए बैंक की वेबसाइट https://sbi.bank.in/web/careers/current-openings पर लॉग ऑन करें, जहाँ आवेदन तथा आवेदन शुल्क ऑनलाइन जमा किया जा सकता है. आवेदन करने और शुल्क भेजने से पहले अपनी पात्रता सुनिश्चित करने एवं अन्य विवरणों के लिए विस्तृत विज्ञापन पढ़ें. कोई अन्य पूछताछ करने के लिए कृपया "CONTACT US" → "Post Your Query" लिंक के माध्यम से हमें लिखें, जो बैंक की अधिकृत वेबसाइट (https://sbi.bank.in/web/careers/post-your-query) पर उपलब्ध है.

- आवेदन ऑनलाइन जमा करने और शुल्क का भुगतान करने की तिथि : 13.05.2026 से 02.06.2026 तक.

स्थान: मुंबई
दिनांक: 13.05.2026
महाप्रबंधक (आरपी एंड पीएम)

एनटीपीसी NTPC **एन टी पी सी लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम)

**विज्ञापन संख्या: 07/26**
गेट-2025 के माध्यम से माइनिंग एवं सिविल विषयों में इंजीनियरिंग एग्जीक्यूटिव ट्रेनी - 2025 की भर्ती

भारत की सबसे बड़ी विद्युत उत्पादन कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड, जिसकी स्थापित क्षमता 89 गीगावॉट है, ने वर्ष 2032 तक 149 गीगावॉट क्षमता प्राप्त करने की महत्वाकांक्षी योजना बनाई है। अपने इस महत्वाकांक्षी विस्तार कार्यक्रम को गति देने हेतु, एनटीपीसी माइनिंग एवं सिविल विषयों में स्नातक अभियंताओं से इंजीनियरिंग एग्जीक्यूटिव ट्रेनी - 2025 पदों के लिए आवेदन आमंत्रित कर रहा है। यह भर्ती रुपये 40,000 – 1,40,000 (E1 ग्रेड) वेतनमान में की जाएगी।
विवरण निम्नानुसार है:

| विज्ञापन क्रमांक | अध्ययन | ग्रेड | रिक्तियां | अभियांत्रिकी विषय |
|---|---|---|---|---|
| 07A/26 | माइनिंग | E1 | 25 | माइनिंग अभियांत्रिकी |
| 07B/26 | सिविल* | E1 | 27* | सिविल / कन्स्ट्रक्शन अभियांत्रिकी |

*यह केवल ओबीसी बैकलॉग रिक्तियों हेतु विशेष भर्ती अभियान से संबंधित है।

**आवेदन कैसे करें:** इंजीनियरिंग एग्जीक्यूटिव ट्रेनी (ईईटी) – 2025 पद हेतु विस्तृत अधिसूचना देखने एवं गेट-2025 पंजीकरण क्रमांक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करने के लिए अभ्यर्थियों को careers.ntpc.co.in अथवा www.ntpc.co.in के करियर्स अनुभाग पर जाना होगा।
अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि आवेदन प्रस्तुत करने से पूर्व हमारी वेबसाइट पर उपलब्ध विज्ञापन का पूर्ण विवरण ध्यानपूर्वक पढ़ लें, जिसमें विस्तृत पात्रता मानदंड, शैक्षणिक योग्यता, आयु सीमा, आरक्षण एवं छूट, चयन प्रक्रिया तथा अन्य विवरण शामिल हैं।
किसी भी प्रकार का अतिरिक्त परिशिष्ट/शुद्धिपत्र/नवीनतम जानकारी/अपडेट केवल हमारी वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जाएगा।
**ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ होने की तिथि: 15.05.2026**
**ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि: 29.05.2026**
विद्युत क्षेत्र में अग्रणी

HRRL
**एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड**
एचपीसीएल और राजस्थान सरकार का संयुक्त उपक्रम
स्थल पता - ग्राम सजियाली रूपजी कंठवाड़ा एवं सांभरा, तहसील-पचपदरा, जिला-बालोतरा, राजस्थान, भारत - 344032
विज्ञापन संख्या - एचआरआरएल/आरईसीटी/01/2026

**एचआरआरएल के बारे में**
एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड (एचआरआरएल), हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) एवं राजस्थान सरकार (जीओआर) का एक संयुक्त उपक्रम है, जिसमें क्रमश: 74% एवं 26% की इक्विटी भागीदारी है।



**रोजगार अवसर**
हमारे उन्नतिशील कार्यबल का हिस्सा बनें - अनेक रिक्तियाँ सुलभ हैं

| वेतन श्रेणी | रिक्तियाँ | पदनाम | वेतनमान* | कंपनी पर अनुमानित कुल वार्षिक व्यय | कार्य अनुभव |
|---|---|---|---|---|---|
| फ्रेशर (डिप्लोमा/अभियांत्रिकी/सीए पेशेवर) | | | | | |
| ई0 | 40 | • कनिष्ठ कार्यकारी - रासायनिक • कनिष्ठ कार्यकारी - यांत्रिकी • कनिष्ठ कार्यकारी - अग्निशमन एवं सुरक्षा | रु. 30,000 - रु. 1,20,000 | रु. 08.87 लाख | शून्य |
| ई1 | 16 | • सहायक अभियंता - रासायनिक • सहायक अभियंता - इंस्ट्रुमेंटेशन • सहायक लेखा अधिकारी • सहायक अधिकारी - सूचना प्रणाली | रु. 40,000 - रु. 1,40,000 | रु. 12.11 लाख | शून्य |
| अनुभवी पेशेवर | | | | | |
| ई2 | 40 | • अभियंता - रासायनिक • अभियंता - यांत्रिकी • अभियंता - विद्युत • अभियंता - इंस्ट्रुमेंटेशन • लेखा अधिकारी • चिकित्सा अधिकारी | रु. 50,000 - रु. 1,60,000 | रु. 15.03 लाख | 03 वर्ष |
| ई3 | 14 | • वरिष्ठ अभियंता - प्रक्रिया (रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल) • वरिष्ठ अभियंता - रखरखाव | रु. 60,000 - रु. 1,80,000 | रु. 18.34 लाख | 06 वर्ष |
| ई5 | 19 | • वरिष्ठ प्रबंधक - तकनीकी परियोजना (रिफाइनरी / पेट्रोकेमिकल) • वरिष्ठ प्रबंधक - प्रक्रिया (रिफाइनरी / पेट्रोकेमिकल) • वरिष्ठ प्रबंधक - यांत्रिकी • वरिष्ठ प्रबंधक - विद्युत • वरिष्ठ प्रबंधक - इंस्ट्रुमेंटेशन • वरिष्ठ प्रबंधक - वित्त | रु. 80,000 - रु. 2,20,000 | रु. 24.81 लाख | 12 वर्ष |

*चयनित अभ्यर्थियों को वेतनमान के न्यूनतम स्तर पर नियुक्त किया जाएगा।

निश्चित अवधि रोजगार (एफटीई)

| पदनाम | रिक्तियाँ | सीटीसी | कार्य अनुभव |
|---|---|---|---|
| संयंत्र प्रमुख - एचडीपीई/एलएलडीपीई (स्विंग) | 1 | 76.75 लाख प्रति वर्ष | 20 वर्ष |
| संयंत्र प्रमुख - पॉलीप्रोपिलीन (पीपीयू) | 1 | 76.75 लाख प्रति वर्ष | 20 वर्ष |
| एक्सट्रूडर प्रमुख - (एचडीपीई/एलएलडीपीई एवं पीपी) | 1 | 72.56 लाख प्रति वर्ष | 17 वर्ष |
| संयंत्र प्रमुख - ज्वलन फीड क्रैकर इकाई एवं संबद्ध इकाइयाँ (डीएफसीयू) | 1 | 76.75 लाख प्रति वर्ष | 20 वर्ष |
| संयंत्र प्रमुख - डिलेड कोकर इकाई (डीसीयू) | 1 | 76.75 लाख प्रति वर्ष | 20 वर्ष |

अधिक जानकारी के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें हमारी वेबसाइट देखें www.hrrl.in

महत्वपूर्ण तिथियाँ

| | |
|---|---|
| विस्तृत विज्ञापन हमारी वेबसाइट पर उपलब्ध होगा | 14 मई 2026 |
| ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ | 14 मई 2026 (प्रात: 10:00 बजे) |
| ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि | 03 जून 2026 (रात्रि 11:45 बजे) |

हमें हमारे सोशल मिडिया हैंडल्स पर फॉलो करें - इंस्टाग्राम, एक्स, फेसबुक, यूट्यूब एवं लिंक्डइन

## सुभाष चंद्र बोस की अपील पर स्वतंत्रता की जंग में कूद गए थे झंडा सिंह

झंडा सिंह मान का जन्म 1917 में आज ही पंजाब के बरनाला जिले में हुआ था। 1936 में मैट्रिक की पढ़ाई पूरी की। 1938 में रोजगार के लिए सिंगापुर जाकर पुलिस फोर्स ज्वाइन की और आगे चल कर सब इंस्पेक्टर रैंक तक पहुंचे। 1942 में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की अपील से प्रभावित होकर नौकरी से इस्तीफा दिया और आजाद हिंद फौज में शामिल हो गए। वे बर्मा में जापानी सैनिकों के साथ मिल कर अंग्रेजों के खिलाफ बहादुरी से लड़े। जापान के सरेंडर के बाद झंडा सिंह को अंग्रेजों ने बंदी बना लिया और विधाधारी कैंप में कड़ी यातनाएं दीं। रिहा होने के बाद अंतिम सांस तक देश की सेवा की।



## माउंट सेंट हेलेंस ज्वालामुखी में हुआ विनाशकारी विस्फोट

1980 में आज ही अमेरिका के वाशिंगटन राज्य में स्थित माउंट सेंट हेलेंस ज्वालामुखी में एक विनाशकारी विस्फोट हुआ था। आपदा में लगभग 57 लोगों की जान चली गई थी, सैकड़ों वर्ग मील का हरा-भरा जंगल तबाह हो गया था और मीलों तक राख का गुबार फैल गया।



## प्रभाकरन की मौत के साथ हुआ श्रीलंका गृहयुद्ध का अंत

2009 में आज ही श्रीलंकाई सेना ने लिबरेशन टाइगर्स आफ तमिल ईलम के प्रमुख वेलुपिल्लई प्रभाकरन को मार गिराया था। उसकी मौत के साथ ही लगभग 26 वर्षों से चला आ रहा हिंसक गृहयुद्ध आधिकारिक रूप से समाप्त हो गया। इस संघर्ष में एक लाख से अधिक लोग मारे गए।






**अनुसंधान**

### एडेनोमा और सेरेटेड पालीप्स से बढ़ सकता है आंत के कैंसर का खतरा

एक अध्ययन में सामने आया है कि दो प्रकार के कोलोन पालीप्स (एडेनोमा और सेरेटेड) आंत के कैंसर के जोखिम को पांच गुना तक बढ़ा सकते हैं। लगभग आधे सेरेटेड पालीप्स वाले रोगियों में एडेनोमा भी पाए गए, जिससे यह उच्च जोखिम वाला संयोजन अपेक्षा से अधिक आम हो गया है। इस अध्ययन का परिणाम शीघ्र निदान और नियमित कोलोनोस्कोपी निगरानी के महत्व पर बल देते हैं। फिलंडर्स विश्वविद्यालय और फिलंडर्स मेडिकल सेंटर के शोधकर्ताओं ने आंत पालीप्स के दो सामान्य प्रकारों और कैंसर के बढ़ते जोखिम के बीच एक महत्वपूर्ण संबंध की पहचान की है। उनके निष्कर्ष क्लिनिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी एंड हेपेटोलाजी (सीजीएच) पत्रिका में प्रकाशित हुए हैं। आंत का कैंसर, जिसे कोलोरेक्टल कैंसर भी कहा जाता है एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है। आस्ट्रेलिया में यह कैंसर से होने वाली मौतों का दूसरा सबसे बड़ा कारण और चौथा सबसे अधिक निदान किया जाने वाला कैंसर है। कई कोलोरेक्टल कैंसर पालीप्स के रूप में शुरू होते हैं, जो आंत की भीतरी परत पर विकसित होने वाली गांठें होती हैं। इन गांठों से तत्काल कोई नुकसान नहीं होता है। हालांकि, दो विशिष्ट प्रकार के पालीप्स, एडेनोमा और सेरेटेड, समय के साथ कैंसर में विकसित होने की क्षमता रखते हैं। इस जोखिम को बेहतर ढंग से समझने के लिए 8,400 से अधिक कोलोनोस्कोपी रिकार्ड की समीक्षा की गई। पता चला कि वास्तव में, केवल एक प्रकार के पालीप वाले लोगों की तुलना में यह जोखिम पांच गुना तक अधिक था। (एएनआइ)

# रिश्तों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक ले जाएंगे भारत और नीदरलैंड्स

## रक्षा, दुर्लभ खनिज समेत 17 समझौते, तैयार किया भविष्य का रोडमैप

**निर्णय**

- मोदी व डच पीएम जेटेन ने वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति में व्यवधान पर जताई चिंता
- आगामी वर्षों में भारत और नीदरलैंड्स के बीच मित्रता और भी मजबूत होगी : मोदी



नीदरलैंड के डेन ओएवर में रविवार को अपने समकक्ष राब जेटेन के साथ अफसलुइटडिज्क बांध का दौरा करते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी • एएफपी

हेग, प्रेट्र : वैश्विक भू-राजनीति में बदलावों के बीच भारत और नीदरलैंड्स ने अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और नीदरलैंड्स के प्रधानमंत्री राब जेटेन के बीच हुई वार्ता के दौरान रक्षा, दुर्लभ खनिजों और अन्य प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए 17 समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।

शनिवार शाम हुई बैठक के दौरान दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने पश्चिम एशिया की स्थिति, विशेषकर क्षेत्र और व्यापक विश्व पर इसके गंभीर प्रभावों को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की क्योंकि इसके कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति और व्यापार नेटवर्क में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है। संयुक्त बयान के अनुसार, मोदी और जेटेन ने होर्मुज स्ट्रेट से स्वतंत्र नौवहन और वैश्विक वाणिज्यिक जहाजों के आवागमन का आह्वान किया। उन्होंने किसी भी तरह के प्रतिबंधों का विरोध किया और इस मामले में की जा रही पहलों के प्रति अपना समर्थन दोहराया। दोनों नेताओं ने संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतरराष्ट्रीय कानूनों पर आधारित संवाद व कूटनीति के जरिये यूक्रेन में व्यापक, न्यायपूर्ण और स्थायी शांति के प्रयासों का समर्थन जारी रखने पर सहमति जताई। दोनों देशों ने जारी युद्ध पर भी चिंता व्यक्त की।मोदी ने रविवार को स्वीडन रवाना होते समय अपनी पोस्ट में कहा, 'मेरी यात्रा ने भारत-नीदरलैंड्स संबंधों को नई गति प्रदान की है। अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक ले जाने से लेकर जल संसाधन, सेमीकंडक्टर, नवाचार, रक्षा, स्थिरता और गतिशीलता में सहयोग का विस्तार करने तक हमने भविष्य के लिए एक महत्वाकांक्षी खाका तैयार किया है।' डच प्रधानमंत्री जेटेन ने हवाई अड्डे पर पहुंचकर प्रधानमंत्री मोदी को विदा किया। मोदी ने कहा, 'मुझे विश्वास है कि आगामी वर्षों में भारत और नीदरलैंड्स के बीच मित्रता और भी मजबूत होगी।'

मोदी-जेटेन वार्ता के बाद भारत और नीदरलैंड्स ने व्यापार व निवेश, रक्षा व सुरक्षा और सेमीकंडक्टर, अंतरिक्ष, एआइ व क्वांटम कंप्यूटिंग समेत महत्वपूर्ण व उभरती प्रौद्योगिकियों में संबंधों को बढ़ावा देने के लिए एक रणनीतिक साझेदारी रोडमैप की शुरुआत की। दोनों नेताओं ने हरित हाइड्रोजन के विकास पर भारत-नीदरलैंड्स रोडमैप की भी शुरुआत की। मोदी-जेटेन ने रक्षा उपकरणों, रक्षा प्रणालियों, कलपुर्जों और अन्य प्रमुख क्षमताओं का संयुक्त निर्माण सुनिश्चित करने के लिए प्रौद्योगिकी हस्तांतरण एवं संयुक्त उद्यमों की स्थापना के जरिये एक रक्षा औद्योगिक रोडमैप स्थापित करने की संभावनाओं का पता लगाने पर भी सहमति व्यक्त की। वार्ता में दोनों पक्षों ने विज्ञान एवं नवाचार, सतत विकास, स्वास्थ्य, कृषि, जल प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन और ऊर्जा परिवर्तन, समुद्री विकास और लोगों के बीच आपसी संबंध में सहयोग बढ़ाने पर भी सहमति व्यक्त की। मोदी-जेटेन की बैठक के बाद एक महत्वपूर्ण समझौते में प्रवासन और आवागमन पर सहमति बनी, जिससे उम्मीद है कि रोजगार और शिक्षा के लिए भारतीयों का यूरोपीय देश में आवागमन बढ़ेगा।

### मोदी ने जल प्रबंधन के डच माडल को सराहा

जेएनएन, नई दिल्ली: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने डच समकक्ष राब जेटेन के साथ नीदरलैंड्स के ऐतिहासिक अफस्लुइटडिज्क बांध का दौरा किया। इस दौरान दोनों देशों ने जल प्रबंधन, बाढ़ नियंत्रण और जलवायु परिवर्तन के अनुरूप बुनियादी विकास में सहयोग बढ़ाने की संभावनाओं पर चर्चा की। दौरे के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने इंटरनेट मीडिया पर कहा कि जल प्रबंधन के क्षेत्र में नीदरलैंड ने अभूतपूर्व कार्य किया है, जिससे दुनिया को बहुत कुछ सीखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारत सिंचाई, बाढ़ सुरक्षा और अंतर्देशीय जलमार्गों के विस्तार के लिए आधुनिक तकनीकों को अपनाने के प्रति प्रतिबद्ध है।

### नीदरलैंड्स ने की पहलगाम आतंकी हमले की निंदा

हेग, प्रेट्र : पीएम नरेन्द्र मोदी के साथ वार्ता में नीदरलैंड्स के प्रधानमंत्री राब जेटेन ने पिछले वर्ष हुए पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा की और सीमा पार आतंकवाद समेत सभी तरह के आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई में भारत के प्रति अटूट समर्थन व्यक्त किया। दोनों नेताओं ने सभी तरह के आतंकवाद की स्पष्ट रूप से निंदा की और आतंकवाद से निपटने के लिए 'कतई बर्दाश्त नहीं' की नीति के दृष्टिकोण का आह्वान किया।

### 11वीं सदी की चोल तांबे की प्लेटें नीदरलैंड्स ने लौटाई

हेग, एएनआइ : भारत ने नीदरलैंड्स से 11वीं सदी की ऐतिहासिक 'चोल प्लेटों' को हासिल करके एक बड़ी कूटनीतिक और सांस्कृतिक जीत हासिल की है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा, "हर भारतीय के लिए यह खुशी का पल है! 11वीं सदी की चोल तांबे की प्लेटें नीदरलैंड्स से भारत वापस लाई जा रही हैं। प्रधानमंत्री राब जेटेन की मौजूदगी में मैंने इस समारोह में हिस्सा लिया।

# होर्मुज में जहाजों पर हमले और आवाजाही बाधित करना अस्वीकार्य

संयुक्त राष्ट्र, प्रेट्र : भारत के संयुक्त राष्ट्र में स्थायी प्रतिनिधि परवथानेनी हरीश ने कहा कि वाणिज्यिक जहाजों को निशाना बनाना, नागरिक चालक दल को खतरे में डालना और होर्मुज जलडमरूमध्य में नौवहन की स्वतंत्रता में बाधा डालना "अस्वीकार्य" है। उनकी यह टिप्पणी ऊर्जा और आपूर्ति प्रवाह की सुरक्षा पर संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक परिषद (यूनेकोसोक) की एक विशेष बैठक के दौरान सामने आई। हाल ही में ओमान के तट पर भारतीय ध्वज वाले एक वाणिज्यिक पोत पर हमले किया गया था। ओमान के अधिकारियों ने सोमालिया से आ रहे जहाज के सभी 14 चालक दल के सदस्यों को बचा लिया, लेकिन यह पता नहीं चल पाया है कि हमला किसने किया था। रविवार को हरीश ने कहा कि बैठक में उन्होंने पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण उत्पन्न हालिया ऊर्जा और उर्वरक संकट के संबंध में भारत के दृष्टिकोण को साझा किया। उन्होंने कहा, "संकट से निपटने के लिए अल्पकालिक और संरचनात्मक उपायों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय सहयोग आवश्यक है।"

# एलपीजी लेकर होर्मुज पार करके आने वाला 'सिमी' पहुंचा गुजरात



मार्शल आइलैंड्स के झंडे वाले एमवी सिमी जहाज करीब 20 हजार टन एलपीजी लेकर शनिवार रात गुजरात के कांडला पोर्ट पहुंचा। • प्रेट्र

कांडला (गुजरात), प्रेट्र : पश्चिम एशिया संकट के बीच खाड़ी देश से 20,000 मीट्रिक टन एलपीजी लेकर आने वाला जहाज एमवी 'सिमी' शनिवार रात करीब साढ़े 11 बजे दीनदयाल पोर्ट अथारिटी कांडला पहुंच गया। अधिकारियों के अनुसार, मार्शल आइलैंड्स के झंडे वाले एमवी सिमी ने कतर से अपनी यात्रा शुरू की थी और इसने 13 मई को होर्मुज स्ट्रेट पार किया था। वियतनामी झंडे वाला 'एनवी सनसाइन' 14 मई को होर्मुज स्ट्रेट से निकला था और इसके कल न्यू मंगलोर पहुंचने की उम्मीद है। इस पर 46,427 टन एलपीजी लदी है।

मार्च की शुरुआत से अब तक 13 भारतीय जहाज होर्मुज स्ट्रेट पार कर चुके हैं। इनमें 12 एलपीजी टैंकर और एक कच्चे तेल का टैंकर शामिल हैं। यहां यह भी बता दें कि सिमी ने जिस दिन होर्मुज स्ट्रेट पार किया था उसकी दिन होर्मुज स्ट्रेट से सटे ओमान तट के पास एक हमले में भारतीय झंडे वाला एक मालवाहक जहाज 'हाजी अली' डूब गया था। उस पर 13 मई की सुबह साढ़े तीन बजे के करीब उस वक्त ड्रोन या मिसाइल जैसे हथियार से हमला किया गया था जब वह जब ओमान के समुद्री क्षेत्र से गुजर रहा था।

# भारत के 80 प्रतिशत हिस्से पर अब भाजपा के नेतृत्व वाली राजग सरकारें : अमित शाह

- कहा- गुजरात स्थानीय चुनावों में कांग्रेस का सफाया, दूरबीन से भी नजर नहीं आती
- बंगाल में जनता ने हमें अपेक्षा से ज्यादा दिया, भाजपा पर बड़ी जिम्मेदारी डाली



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह। • एएनआइ

गांधीनगर, प्रेट्र : केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बंगाल चुनावों में भाजपा की हालिया जीत की सराहना की और कहा कि पार्टी और इसके राजग सहयोगी अब देश के 80 प्रतिशत क्षेत्र पर शासन कर रहे हैं। उन्होंने कहा- "यदि हम भारत का मानचित्र देखें तो मां गंगा उत्तराखंड से निकलती है और बंगाल में गंगासागर में समुद्र में मिलती है। उत्तराखंड से उत्तर प्रदेश और बिहार होते हुए बंगाल तक भाजपा हर जगह सत्ता में है।"

रविवार को गांधीनगर नगर निगम के लिए 620 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस का गुजरात के स्थानीय निकाय चुनावों में सफाया हो गया है। यही नहीं, आम आदमी पार्टी तो खाता भी नहीं खोल सकी। शाह ने कहा कि भाजपा की " न रुकने वाली विकास यात्रा" गुजरात में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में शुरू हुई और इसे पूर्व मुख्यमंत्री आनंदीबेन पटेल, विजय रूपाणी और वर्तमान मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा- "भाजपा के इस विकासोन्मुखी दृष्टिकोण के चलते कांग्रेस हाल के स्थानीय निकाय चुनावों में पूरी तरह से साफ हो गई। यदि हम दूरबीन से भी खोजें तो कांग्रेस कहीं दिखाई नहीं देती।" उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं की प्रशंसा की जिन्होंने लोगों के साथ नजदीकी संपर्क बनाए रखा और उनकी समस्याओं का समाधान किया। उन्होंने कहा कि इससे पार्टी में जनता का विश्वास मजबूत हुआ है। कोविड-19 महामारी के दौरान भी भाजपाइयों ने लोगों की निस्वार्थ सेवा की थी।

शाह ने हाल ही में हुए स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा की सफलता का श्रेय पार्टी कार्यकर्ताओं के सेवा उन्मुखी दृष्टिकोण को दिया। उन्होंने कहा - "हमने हाल में नगर निगमों में जहां भी चुनाव हुए, सभी जीते। 84 नगरपालिकाओं में से भाजपा ने 77 जीतीं। 34 जिलों में चुनाव हुए जिनमें से भाजपा ने 33 जिलों में जीत हासिल की।260 तालुका पंचायतों में से भाजपा ने 253 पर विजय हासिल की।" कांग्रेस नेता राहुल गांधी का उल्लेख करते हुए शाह ने गुजरात में कांग्रेस की संभावनाओं का मजाक उड़ाया। कहा- "राहुल यहां एक कार्यकर्ता सम्मेलन में कह रहे थे- अगली बारी कांग्रेस की। उन्हें समझना चाहिए कि अगले सात जन्मों में भी कोई मौका नहीं है।"

# जनरल द्विवेदी की टिप्पणी से बौखलाए पाक ने दी गीदड़ भभकी

**तिलमिलाए पड़ोसी ने कहा- भारत दक्षिण एशिया को एक और जंग की तरफ न धकेले, परिणाम विनाशकारी होंगे**

नई दिल्ली, प्रेट्र : भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी के पाकिस्तान को दिए गए इस कड़े संदेश से कि यदि वह सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा देना बंद नहीं करता, तो उसे तय करना होगा कि उसे भूगोल का हिस्सा बने रहना है या इतिहास बन जाना है, पाक बौखला गया है। पाक ने गीदड़ भभकी देते हुए कहा कि एक परमाणु संपन्न देश को इस तरह की धमकी देना ठीक नहीं है वह यानी भारत दक्षिण एशिया को एक और जंग की तरफ न धकेले क्योंकि इसके परिणाम पूरे क्षेत्र के लिए विनाशकारी होंगे। यही नहीं, पाक की तिलमिलाहट तो देखिए, उसने सेना प्रमुख के बयान को मानसिक दिवालियापन तक करार दे डाला, शायद वह " आपरेशन सिंदूर" का परिणाम भूल गया। पाक सेना ने जनरल द्विवेदी के बयान पर कहा- " एक संप्रभु परमाणु पड़ोसी का भूगोल समाप्त करने की धमकी देना न तो रणनीतिक संकेत है और न ही युद्ध में जाने का जोखिम उठाना, यह तो बस बौद्धिक क्षमताओं का पूरी तरह से दिवालियापन है।" जनरल द्विवेदी की टिप्पणियों को उकसावे वाली बताते हुए पाकिस्तान सेना ने कहा कि जिम्मेदार परमाणु राज्यों को संयम, परिपक्वता और रणनीतिक विवेक का प्रदर्शन करना चाहिए। बता दें कि भारत ने पिछले वर्ष पहलगाम आतंकी हमले में 26 लोगों के मारे जाने के बाद इसके जवाब में सात मई को आपरेशन सिंदूर शुरू किया था। इसके तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों पर हवाई हमले किए थे, जिसमें 100 से अधिक आतंकी मारे गए थे।

# मास्को पर यूक्रेन का ड्रोन हमला एक भारतीय समेत चार की मौत

**हमले में तीन भारतीय घायल, भारतीय दूतावास ने अस्पताल पहुंचकर लिया हालचाल, मास्को पर 81 ड्रोन हमले विफल किए**

जेएनएन, नई दिल्ली: रूस-यूक्रेन युद्ध में विफल युद्धविराम के बाद हमले और तेज हो गए हैं। रविवार को यूक्रेन ने मास्को पर हाल के समय का सबसे बड़ा ड्रोन हमला किया, जिसमें एक भारतीय नागरिक समेत चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 12 अन्य घायल हुए हैं। घायलों में तीन भारतीय भी शामिल हैं।

एएनआइ के अनुसार, रूस स्थित भारतीय दूतावास ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि उसके अधिकारियों ने घटनास्थल और अस्पताल का दौरा कर घायल भारतीयों से मुलाकात की। दूतावास ने मृतक भारतीय के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि स्थानीय प्रशासन और कंपनी प्रबंधन के साथ समन्वय कर प्रभावित कर्मचारियों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। हालांकि, मृतक और घायलों की पहचान सार्वजनिक नहीं की गई है। एपी के अनुसार, रूसी रक्षा मंत्रालय के अनुसार, बीते 24 घंटों में यूक्रेन ने 1000 से अधिक ड्रोन हमले किए, जिनमें से अधिकांश को हवा में ही नष्ट कर दिया गया। मास्को के मेयर सर्गेई सोब्यानिन ने कहा कि राजधानी की ओर बढ़ रहे 81 ड्रोन मार गिराए गए। इसके बावजूद कई आवासीय इमारतों और बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है। हमलों के दौरान मास्को में लगातार सायरन बजते रहे और ड्रोन इंटरसेप्ट किए जाने के धमाके सुनाई देते रहे। अधिकारियों के मुताबिक, तीन लोगों की मौत मास्को क्षेत्र में हुई, जबकि एक महिला की मौत बेल्गोरोड क्षेत्र में ड्रोन मलबा गिरने से हुई।

### यूएई के परमाणु बिजली घर पर ड्रोन हमला

अबूधाबी, रायटर : संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अल धाफरा स्थित बाराकाह परमाणु बिजलीघर पर ड्रोन हमला हुआ है। हमले से परिसर में लगे इलेक्ट्रिकल जेनरेटर को नुकसान पहुंचा और उसमें आग लग गई लेकिन बिजलीघर का संवेदनशील इलाका सुरक्षित है। हमले में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

# अमान्य हस्ताक्षर पर नहीं मिल सकेगा अमेरिकी वीजा

**अमेरिका के आंतरिक सुरक्षा विभाग ने स्पष्ट किए नए नियम अमान्य हस्ताक्षर वाले आवेदन का शुल्क भी हो सकता है जब्त**

जागरण न्यूज नेटवर्क, नई दिल्ली: अमेरिका के आंतरिक सुरक्षा विभाग (डीएचएस) ने अमेरिकी नागरिकता एवं आव्रजन सेवा (यूएससीआइएस) के नए हस्ताक्षर नियमों को स्पष्ट किया है। डीएचएस का कहना है कि यदि आव्रजन प्राधिकारी को पता चलता है कि आव्रजन फार्म पर हस्ताक्षर अमान्य हैं, तो अब वह आवेदन अस्वीकार कर सकता है और कुछ मामलों में आवेदन शुल्क भी अपने पास रख सकता है।

पहले यूएससीआइएस आमतौर पर बिना हस्ताक्षर वाले फार्म अस्वीकार कर देता था। लेकिन 11 मई, 2026 को अधिसूचित संशोधित नियम के तहत, अगर महीनों या वर्षों बाद भी आवेदन की जांच के दौरान यह मुद्दा सामने आता है, तो यूएससीआइएस अधिकारी आवेदन वापस भेजने के बजाय सीधे तौर पर वीजा अस्वीकृत कर सकते हैं। यह नियम 10 जुलाई, 2026 को या उसके बाद यूएससीआइएस में दाखिल किसी भी आवेदन (लाभकारी अनुरोध) पर लागू होता है।

**मान्य हस्ताक्षर**

- हाथ से किया गया हस्ताक्षर
- हाथ से बनाया गया 'एक्स' का निशान
- अंगूठे का निशान
- आनलाइन सिस्टम के जरिये दाखिल इलेक्ट्रानिक हस्ताक्षर। मूल हस्ताक्षर की स्कैन की गई या फोटोकापी प्रति भी स्वीकार्य।

**अमान्य हस्ताक्षर**

- हस्ताक्षर के बजाय टाइप किए गए नाम
- मुहर वाले हस्ताक्षर
- हस्ताक्षर की कापी-पेस्ट तस्वीरें
- सिग्नेचर साफ्टवेयर से बनाए गए हस्ताक्षर
- बिना अधिकार के किसी अन्य व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षर
- आवेदकों की ओर से वकीलों, फार्म तैयार करने वालों या दुभाषियों द्वारा हस्ताक्षर

**किन पर लागू होगा नया हस्ताक्षर नियम**

- रोजगार-आधारित वीजा आवेदक
- परिवार-आधारित ग्रीन कार्ड आवेदक
- एच-1बी आवेदक • एल-1 वीजा आवेदक
- एफ-1 छात्र वीजा आवेदन
- ओपीटी और एसटीईएम ओपीटी आवेदक
- फार्म आइ-485 के आवेदक
- वर्क परमिट के आवेदक
- शरण मांगने वाले आवेदक
- यू वीजा आवेदक • नागरिकता के आवेदक
- टीपीएस आवेदक
- डीएसीए से संबंधित आवेदन
- आव्रजन याचिकाएं दायर करने वाले नियोक्ता

